वर्ष : 06 अंक : 285

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

रविवार, 21 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net




## एक नजर

### टेस्ला प्रमुख एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित



**नई दिल्ली।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। मस्क 22 अप्रैल को भारत आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे। पिछले हफ्ते ही मस्क ने एक्स हैंडल पोस्ट पर खुद भारत दौरे की पुष्टि की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की जानकारी रखने वाले शख्स ने एलन मस्क का भारत दौरा टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। टेस्ला और भारत सरकार ने इस पर अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है।

### राष्ट्रपति ने दी महावीर जयंती की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों विशेषकर जैन समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महावीर जयंती के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय के भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। अहिंसा और करुणा की प्रतिमूर्ति भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रेम व शांति का संदेश देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हम संकल्प लें कि हम समाज में प्रेम और सद्भाव बनाए रखेंगे तथा राष्ट्र के विकास के लिए निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।

### ओडिशा : महानदी नाव हादसे में 7 शव बरामद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में शुक्रवार को महानदी में लखनपुर के शरधा में नाव डूबने की घटना में अभी तक सात शव बरामद कर लिये गये हैं। शनिवार सुबह प्रशासन द्वारा चलाये गये सर्च आपरेशन में छह शव बरामद किये गये हैं। शुक्रवार को हादसे के बाद एक महिला का शव बरामद कर लिया गया था। इस मामले में एक और व्यक्ति के लापता होने की बात कही जा रही है। आज सुबह पांच बजे से सर्च आपरेशन प्रारंभ किया गया था। पांच स्कूबा ड्राइवर व दो सर्च कैमरे के सहायता से लापता लोगों को ढूंढने के लिए प्रयास शुरू किये गये थे। इस हादसे में मारे गये सभी मृतक सीमावर्ती छत्तीसगढ़ के खरसेनी इलाके के हैं।

### महाराष्ट्र : नांदेड़ की रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना, बोले

# कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में भी दिख रहा है संकट

एजेंसी

**मुम्बई।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने पहली रैली महाराष्ट्र के नांदेड़ में की है। अपनी जनसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस के शहजादे को भी वायनाड में संकट दिख रहा है। वह एक सुरक्षित सीट ढूंढ रहे हैं। साथ ही कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' देश की जनता को यह नहीं बता पाया कि गुट का नेता कौन होगा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'शहजादा और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग का इंतजार कर रही है। जैसे ही 26 अप्रैल को वहां वोटिंग पूरी हो जाएगी, ये शहजादे के लिए एक और असुरक्षित सीट घोषित कर देंगे।' बकौल पीएम मोदी, 'वे चाहे कुछ भी दावा करें मगर हकीकत यह है कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली थी। लोकसभा चुनाव में 25 फीसदी सीट पर विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के उम्मीदवार एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।'

**● 25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 'इंडी' के उम्मीदवार**



### पहले चरण में लोगों ने इंडी को नकारा

पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'वोटर भी देख रहे हैं कि कैसे क्छ्अक्र अलायंस के लोग अपने स्वार्थ में, अपने भ्रष्टाचार को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। इसलिए खबर यही हैं कि पहले चरण में मतदाताओं ने इंडी अलायंस को पूरी तरह नकार दिया है। ये लोग दावे जो भी करें, लेकिन सच्चाई यही है कि चुनाव की घोषणा से पहले से ही कांग्रेस के नेता अपनी हार मान चुके हैं। कांग्रेस ने दशकों तक महाराष्ट्र के विकास में बाधा डाली।'

### कांग्रेस की अपनी कोई जड़ नहीं

बकौल पीएम मोदी, 'कांग्रेस एक ऐसी बेल है, जिसकी अपनी न कोई जड़ है, न जमीन है और इसे जो सहारा देता है, ये उसे ही सूखा देती है। आजादी के समय कांग्रेस ने देश का विभाजन करवा दिया, आजादी के बाद कश्मीर की समस्या खड़ी कर दी। कांग्रेस ने 370 के बहाने बाबा साहेब का संविधान कश्मीर में लागू नहीं होने दिया। वहां के दलितों को इतने वर्षों तक अधिकार ही मिलने नहीं दिए।'

# इंडी गठबंधन की 'उलगुलान' रैली आज, जुटेंगे कई दिग्गज

संवाददाता

**रांची।** पटना, मुंबई और दिल्ली के बाद अब रविवार 21 अप्रैल को रांची में इंडिया अलायंस के शीर्ष नेता एक मंच पर जुटने जा रहे हैं। रैली स्थल पर 'विशाल पंडाल और तीन मंच' बनाए गए हैं। साथ ही, कार्यक्रम के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित 'उलगुलान न्याय महारैली' में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी समेत इंडिया अलायंस के शीर्ष नेता शामिल होंगे। रैली को समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप सांसद संजय सिंह, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, सीपीआई एमएल के दीपांकर भट्टाचार्य, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन समेत 12 शीर्ष नेता संबोधित करेंगे।

झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी। राज्य की जनता मोदी सरकार से पिछले 10 वर्षों का हिसाब मांगेगी। रैली को लेकर पूरे राज्य में उत्साह है। भाजपा के खिलाफ आक्रोश इस रैली से लोग व्यक्त करेंगे।

## पोस्टरों में छाईं 'मेजबान' कल्पना सोरेन

- पांच लाख से अधिक लोगों के जुटने की उम्मीद
- 'दही-चूड़ा खाओ और भाजपा भगाओ' का संदेश
- विशाल पंडाल और तीन मंच रैली के लिए तैयार
- चंपई सोरेन समेत 12 शीर्ष नेता करेंगे संबोधित




### मेजबान के रूप में 'कल्पना सोरेन' के पोस्टर की चर्चा

'घोषित-अघोषित' इस रैली की मुख्य मेजबान पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन हैं। झारखंड के कई शहरों में लगे होर्डिंग्स में उनकी तस्वीरें देखी जा सकती हैं। ऐसे में इस रैली को हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में झारखंड में गठबंधन के प्रमुख चेहरे के तौर पर कल्पना सोरेन को पेश करने और उनका समर्थन करने का 'जालसा' भी माना जा रहा है।

### 'दही-चूड़ा खाओ और भाजपा भगाओ' का संदेश

झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अनुसार, इस रैली में भाग लेने वाले लोग पूरे राज्य में जाकर 'दही-चूड़ा खाओ और भाजपा भगाओ' का संदेश देंगे। गठबंधन दलों के अनुसार, रैली में पांच लाख से अधिक लोगों के जुटने की उम्मीद है। आदिवासी भाषाओं में 'उलगुलान' का अर्थ क्रांति होता है।

### राज्य में बढ़ती गर्मी के कारण समय सारिणी में बदलाव

## 11.30 बजे तक ही चलेंगी आठवीं तक की कक्षाएं



संवाददाता

**रांची।** राज्य में भीषण गर्मी को देखते स्कूलों में कक्षाओं का समय सरकार ने निर्धारित कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त-गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी स्कूलों में केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक ही चलेंगी।

कक्षा नौ एवं इससे ऊपर की कक्षाएं सात बजे से 12:00 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएंगी। हालांकि, मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से फैसला लेते हुए संसूचित किया जायेगा। जारी आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक जारी रहेगा। यह आदेश शनिवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी किया है।

## जमीन घोटाला मामले में आरोपित मोहम्मद सद्दाम को भेजा गया जेल

संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाईं अंचल की जमीन घोटाला मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर शनिवार को ईडी की विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में पेश किया गया।

ईडी के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजने का आदेश दिया। मामले में दो मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सद्दाम हुसैन की पेशी होगी। इससे पहले ईडी दो बार रिमांड पर लेकर सद्दाम से पूछताछ कर चुकी है। सद्दाम की जानकारी पर ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 के दर्ज मामले में सद्दाम हुसैन को कोर्ट से मिली अनुमति के बाद फिर से नौ अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सद्दाम को ईडी ने एक अन्य जमीन मामले में गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा था। इससे पूर्व बड़गाईं अंचल के जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, हिलेरियस कच्छप एवं राजकुमार पाहन के खिलाफ ईडी की टीम ने चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें हिलेरियस की मौत हो चुकी है।

## मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला 30 को

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आज दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 30 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया है। एजेंसी ने कहा है कि आबकारी नीति कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी। सिसोदिया के वकील सिर्फ ट्रायल में देरी को लेकर जमानत के लिए दबाव बना रहे हैं। उसके लिए उनको हलफनामा दाखिल करना चाहिए, क्योंकि इस मामले मे बड़ी संख्या में अलग-अलग अर्जी दाखिल की गई थीं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि मुकदमा धीमी गति से चल रहा है।

ईडी ने कहा कि प्रॉफिट मार्जिन को सात फीसदी बढ़ाकर 12 फीसदी करने को सही ठहराने को लेकर कोई बैठक या चर्चा नहीं हुई। इनका तर्क है कि पहले भी बैठक और चर्चा नहीं हुई थी अब भी नहीं है इसलिए हमने भी ऐसा किया है। तीन दिन के भीतर, बिना किसी बैठक या चर्चा के 12 प्रतिशत का प्रॉफिट मार्जिन पेश किया गया। अपराध की गंभीरता बेहद गंभीर है, क्योंकि एक नीति बनाई गई जो कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी।

## चाईबासा में पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार, दो एके-47 बरामद

संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चितिर पहाड़ी के पास से हुई। इनके पास से पुलिस ने दो एके-47, नौ मैगजीन, 188 राउंड गोली, 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है।



एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील है। वे गोईलकेरा, आनन्दपुर थाना क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को बंद कराने की धमकी देते हुए संवेदकों से लेवी की मांग कर रहे हैं। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। सोना हेंब्रम के खिलाफ चाईबासा और खूंटी जिले के अलग-अलग थानों में 11 मामले दर्ज हैं जबकि बिरसा खंडाइत के तीन मामले दर्ज हैं।

### चारधाम यात्रा | केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह

# चारधाम के लिए अब तक 1066157 पंजीकरण

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। 10 मई से शुरू होने वाली यात्रा में केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक पंजीकरण तीर्थयात्रियों ने कराया है। केदारनाथ के लिए अब तक तीन लाख 52 हजार 879 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

दरअसल,चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए 19 अप्रैल शाम छह बजे तक कुल 1066157 पंजीकरण हुए हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब के लिए 159054 तीर्थयात्री प्रतिदिन पंजीकरण करवा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल सुबह सात बजे से प्रारंभ किए गए थे। चारधाम यात्रा पंजीकरण में यमुनोत्री के लिए 193998, गंगोत्री के लिए 200996, केदारनाथ के लिए 352879, बद्रीनाथ के लिए 304243 और हेमकुंड साहिब के लिए 14041 पंजीकरण हुए हैं। अब तक हुए पंजीकरण में टूरिज्म केयर उत्तराखंड मोबाइल ऐप से 137649 एवं registrationandtouristcare.uk.gov.in वेबपोर्टल से 832705 तो व्हाट्सएप से 95803 पंजीकरण हुए हैं। पंजीकरण के लिए ये विकल्प तीर्थयात्रियों के लिए काफी आसान है।

उत्तराखंड में 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। 10 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। अक्षय तृतीया पर 10 मई को ही मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के भी कपाट खुलेंगे। जबकि भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे। यात्रा के लिए सरकारी स्तर पर सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं हेमकुंड साहिब की यात्रा 25 मई को शुरू होगी।



**159054 तीर्थयात्री प्रतिदिन करवा रहे पंजीकरण, चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य**

### टोल फ्री नंबर से भी पंजीकरण की सुविधा

चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर के साथ यात्रा करने वाले सदस्यों का ब्यौरा, निवास स्थान का पते के लिए आईडी देना आवश्यक है। पंजीकरण के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट registrationand-touristcare.uk.gov.in पर लॉग इन करना होगा। व्हाट्स एप नंबर- 8394833833 पर यात्रा लिखकर मैसेज करके भी पंजीकरण कराया जा सकेगा। जो यात्री वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कर पाते हैं, उनके लिए पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 जारी किया है। इस नंबर पर कॉल करने पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है।

### पंजाब में कांग्रेस को बड़ा झटका

## तेजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा में

एजेंसी




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। जालंधर (पंजाब) के वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजिंदर सिंह बिट्टू शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। तेजिंदर सिंह बिट्टू जालंधर के नेता ही नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी भी रहे हैं, जिस पद से उन्होंने 20 अप्रैल (शनिवार) को इस्तीफा दे दिया।

शनिवार को भाजपा मुख्यालय में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और मीडिया सह-प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में तेजिंदर सिंह बिट्टू ने पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद तेजिंदर सिंह बिट्टू ने कहा कि लगभग 35 साल कांग्रेस पार्टी में बिताने के बाद उन्हें लगा कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक गई है। वह पंजाब की भलाई के लिए भाजपा में शामिल हुए ।

## एक नजर

### भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंच कर उल्गुलान रैली मे हो रहे खुल्लम खुल्ला आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल मे विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव और न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा मौजूद थे। रैली को लेकर जिस तरह इंडी गठबंधन के सहयोगी पार्टी ने झंडा बैनर का खुलेआम गाड़ियों और पोस्टरों /होर्डिंग मे लगाया है वो आचार संहिता का उल्लंघन है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की सार्वजनिक संपति विरूपण एक्ट 1987 अभी रांची मे प्रभावी है क्योंकि यहां पर अभी चुनाव अधिसूचना जारी नहीं हुआ है।

### फौजिया जरीन सिटी टॉप 10 में शामिल

रांची। जैक दसवीं की परीक्षा में सफल फौजिया जरीन को भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और हौसला अफजाई की। फौजिया जरीन उसुर्लाइन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा है। 95.80% लाकर अपने स्कूल अपने मां-बाप का नाम रोशन किया। फौजिया जरीन के पिता बुलंद अख्तर माता जेबा नूरी है। फौजिया जरीन रांची टॉप 10 में शामिल है । फौजिया ने बताया कि साइंस लेकर आगे की पढ़ाई करुंगी। फौजिया ने बताया कि स्कूल की टीचरों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा मां-बाप का भी पूरा सहयोग रहा।

### दो नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के मामले में दो नाबालिग निरुद्ध, एक बालिग को भेजा जेल

**रांची।** राजधानी के मांडर थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो नाबालिग लड़कों को निरुद्ध किया है जबकि एक युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित नाबालिग लड़की की मां ने बताया है कि उसकी बेटी गुरुवार को मौसेरी बहन के साथ चान्हो में मेला देखने गई थी। उसकी बेटी के साथ दो लड़के भी थे, जो पूर्व से उनके परिचित थे। मेले से लौटने के दौरान आरोपितों ने रास्ते में ही एक खाली मकान में डरा-धमकाकर दोनों नाबालिगों के साथ दुष्कर्म किया। जब दोनों नाबालिग गुरुवार देर रात तक घर नहीं लौटी तो परिजन उनकी तलाश के लिए निकले। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को उनका कुछ पता नहीं चला। इसी दौरान एक नाबालिग आरोपितों के चंगुल से आधी रात को ही भाग खड़ी हुई। इस बीच उस लड़की की मुलाकात परिजनों से हुई, जिसके बाद उसने पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने शुक्रवार को मांडर थाना पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दूसरी पीड़िता को खलारी-बिजुपाड़ा मार्ग के पास स्थित जंगल से खोज निकाला। थाना प्रभारी राहुल ने शनिवार को बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के साथ हुए दुष्कर्म के तीनों आरोपितों को पकड़ लिया गया है। इनमें से दो आरोपित नाबालिग हैं, जिनको निरुद्ध किया गया है। उन्हें रिमांड होम भेजा गया है। एक बालिग आरोपित को जेल भेजा गया। मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 25 को

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ भूमि की खरीद-बिक्री मामले में आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट अब 25 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। इससे पूर्व दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला 20 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया गया था लेकिन शनिवार को अदालत के नहीं बैठने के कारण आदेश पारित नहीं किया जा सका। फिलहाल अफसर अली पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में ईडी के रिमांड पर है। अफसर अली के खिलाफ मामले में चार्जशीट दाखिल हो गया है और जांच भी पूरी हो गई है। ईडी ने अफसर अली को कोर्ट के अनुमति से 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। मामले में अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया। उल्लेखनीय है कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

### योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर 22 को सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। ईडी की जांच में योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा हुआ है। मामले में ईडी ने 8/2023 दर्ज किया है। 19 अक्टूबर, 2023 को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों के लगभग तीन दर्जन ठिकानों पर बीते 23 अगस्त, 2023 को छापेमारी की थी, जिसके बाद कई बार समन जारी कर योगेंद्र तिवारी को पूछताछ के लिए ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया गया था और उससे पूछताछ की थी।

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई 23 अप्रैल को

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान की। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की है। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की। इजहार अंसारी कई शेल कंपनियों के संचालक हैं। वह शेल कंपनियों के जरिए काले धन का संचालन करता है। 16 जनवरी को ईडी ने इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में 13 लाख कैश के साथ कई अहम दस्तावेज ईडी ने बरामद किया था। इजहार पर 86568 टन कोयला मंडी में बेच कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का भी आरोप है।

# न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का सीएम चंपाई सोरेन ने लिया जायजा

संवाददाता

**रांची।** रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को न्याय उलगुलान महारैली को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का जायजा लेने खुद प्रभात तारा मैदान पहुंचे। इस बीच मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। मंहगाई, बरोजगारी बड़ा मुद्दा है। झारखंड में 14 सीटों पर गठबंधन विजयी होगा। मौके पर झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस से राकेश सिन्हा ,



राजद से कैलाश यादव, माले नदीम खान, आबिद खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। झामुमो की ओर से आयोजित इस उलगुलान महारैली में इंडी गठबंधन के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव, तेजस्वी यादव, फारूख अब्दुल्ला, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, कल्पना सोरेन, उद्धव ठाकरे की प्रतिनिधि सुनीता चतुर्वेदी एक मंच से उलगुलान महारैली को संबोधित करेंगे।

### उलगुलान न्याय महारैली में आने वाले वाहनों के रुट और पार्किंग की रहेगी अलग व्यवस्था

रांची। झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के तत्वावधान में रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली आयोजित की गई है। इसमें इंडी गठबंधन के तमाम बड़े नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इसके मद्देनजर शनिवार को रांची ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने महारैली कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आनेवाली बसों का रूट और पार्किंग की व्यवस्था तय कर दी है।

गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और रांची से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड दलादली, नयासराय रिंग रोड होते हुए बलालौंग मोड़ से धुर्वा डैम होते हुए धुर्वा बस स्टैंड से बाएं में सखुआ बगान एवं आम बगान में पार्क करेंगे

दुमका, देवघर, जामताडा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर के पूर्वी भाग में पार्क करेंगे।

हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रागपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोल चक्कर पश्चिमी में पार्क करेंगे।

जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, रांची के बुंडू, तमाड़, सिल्ली से आने वाले वाहन श्रामपुर से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर से जवाहर स्टेडियम में पार्क होंगे।

सिमडेगा, खूंटी, गुमला के वाहन रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए जेएन कॉलेज मैदान में पार्क होंगे।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गौ सेवा



**रांची।** रांची समर्पण शाखा ने हर एकादशी गौ सेवा करने का मानस बनाया है। जिसकी तहत आज शाखा ने एकादशी के शुभ दिन पर गौ सेवा की जिसमें अध्यक्ष श्रीमती विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हरमू रोड़ गौशाला में गौ सेवा की गई। गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गौ सेवा की सारी तैयारियां की। मौसम को देखते हुए गौ माता को खीरा और हरी सब्जियां खिलाया गया। इसमें सभी बहनों ने साथ दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, आशा संथोलिया, डोली बंसल, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, पूजा तोदी मौजूद थी।

## रांची पहुंचे पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर

संवाददाता

**रांची।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर शनिवार सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। एयरपोर्ट पर सचिन की झलक पाने को लेकर लोगों में बड़ी उत्सुकता नजर आयी। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली भी है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से निकलने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुआ कहा कि मैं यहां अपने फाउंडेशन के लिए आया हूं। उन्होंन कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन यहां के यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करता है। खासकर मैं यहां की महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आया हूं। जानकारी के अनुसार युवा फाउंडेशन का कार्यक्रम ओरमांझी में है, जहां बालिकाओं को फुटबॉल सिखाया जाता है। सचिन उनसे मुलाकात करेंगे।



इस दौरान सुरक्षा के भुगतान इंतजाम किए गए थे। इस दौरान रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

सचिन तेंदुलकर भारत दे दिग्गज क्रिकेटर रहे हैं। उनकी गिनती विश्व के महानतम खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। बीते साल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन नियुक्ति किया था। दरअसल चुनाव आयोग का उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन बनाने का मकसद लोगों की चुनाव में भागीदारी बढ़ाना है। सचिन का चुनाव आयोग के साथ ये समझौता तीन साल के लिए है।

## पुलिस ने तीन ब्राउन शुगर तस्करों को दबोचा

संवाददाता

**रांची।** सुखदेख नगर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीन ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये सौदागरों में वैशाली जिले के जुरावन थाना के ग्राम हरशिव नगर के मूल निवासी वर्तमान में हरमु आनन्दपुरी चौक में रहने वाले मुकेश राय, हरमु विद्यानगर बड़ा पुल के पास रहने वाले मुकेश तिर्की और रंजन कुमार सिंह शामिल है।

पुलिस ने इनके पास से 1.56 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है।

मामले की जानकारी देते हुए शहर के एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की थाना क्षेत्र के विद्यानकर बड़ा पुल के पास कुछ युवक जमा हुए हैं जो ब्रउन शुगर खरीद बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर कार्रवाई करने के लिए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में थाना प्रभारी मनोज कुमार व थाने



के दारोगा महाबीर उरांव एएसआई सूर्यवंती उरांव और बल के साथ टीम बना कर त्वरित छापामारी की गयी जहां से पुलिस ने तीनों आरोपियों को ब्रउन शुगर खरीद बिक्री करते हुए रंगे हाथ धबोच लिया। एसपी श्री मेहता के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1.56ग्राम ब्राउन शुगर,होंडा साईन मोटरसाइकिल नम्बर जेएच01डीएक्स 4610 के अलावा ब्राउन शुगर बिक्री किया हुए सेल 21 हजार 500 रुपया और मोबाइल बरामद किया है।

मालूम हो कि नशे के सौदागरों ने राजधानी को अपने गिरफ्त में ले लिया है, शहरी व ग्रामीण थाना क्षेत्रों में इसके कारोबारियों की तादाद बढ़ती जा रही है,जो धड़ल्ले से धंधा चला रहे हैं।

जिससे बस्ती मुहल्ले के कामगारों व बेरोजगार युवक युवतियों के अलावा स्कूल कॉलेज व हॉस्टल के छात्र छात्राएं इसके आदि होते जा रहे हैं।

राजधानी के करीब सभी थाना क्षेत्रों में इसके बड़े बड़े कारोबारी मौजूद है जो कमजोर व नाबालिग लड़कों व महिलाओं से चौक चौराहों गली मुहल्लों में बिक्री करवा कर मोटी रकम कमा रहे हैं, वहीं नशीली पदार्थ ब्रउन शुगर गांजा, शराब व अफीम लेने वालों की जिंदगी तबाह हो रही है।

### उलगुलान न्याय महारैली के मद्देनजर दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती

#### 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात ट्रैफिक रूट निर्धारित

संवाददाता

**रांची।** राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली है। रैली में राहुल गांधी समेत देशभर के बड़े नेता शामिल होंगे। ऐसे में रैली स्थल, एयरपोर्ट, होटल और सर्किट हाउस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। साथ ही ट्रैफिक रूट निर्धारित किये गये हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रभात तारा मैदान स्थित महारैली स्थल पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया था। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए थे। एसएसपी ने बताया कि महारैली स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के बाहर से आने वाले वीआईपी की सुरक्षा के लिए होटल से लेकर रैली स्थल तक जवानों के तैनाती की गई है। ट्रैफिक को लेकर भी अलग व्यवस्था की गई है।

उल्लेखनीय है कि इस महारैली में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी की सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी, टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन, माले के दीपांकर भट्टाचार्य सहित अन्य नेता शामिल होंगे।

### वीरेंद्र राम सहित पांच आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। धन-शोधन (मनी लॉन्डरिंग) मामले के आरोपित जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन सहित पांच आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिरसा मुंडा जेल से ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने इनकी न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक के लिए बढ़ा दी है। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इनके तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता और राम प्रकाश भाटिया को भी ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गयी संपत्ति वीरेंद्र के जरिये टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गई है। 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

#### महाराजा अग्रसेन भवन में बहुउद्देशीय सभागार का हुआ उद्घाटन

## अग्रवाल सभा सामाजिक एवं जनसेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है: ओम प्रकाश

संवाददाता

**रांची।** अग्रवाल सभा द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन भवन मे बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह मे बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने फीता काटकर एवं श्रीफल फोड़कर की।तत्पश्चात अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, पवन कुमार पोद्दार सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री गणेशजी एवं महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प एवं प्रसाद चढ़ाकर सभागार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता ओमप्रकाश



अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा अग्रवाल सभा विगत कई वर्षों से जनसेवा, कल्याणकारी, रचनात्मक एवं सामाजिक कार्यों को कर एक उत्कृष्ट पहचान बनाई है। तथा बेहतर उल्लेखनीय कार्य कर रही है। तथा महाराजा अग्रसेन भवन को भी पूर्ण सुविधा युक्त बनाया है। अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि अग्रवाल सभा अग्रसेन भवन के आधुनिकरण हेतु निरंतर प्रयत्नशील है, इसी क्रम में भवन के आधार तल्ला मे एक बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण कराया गया है। तथा और भी कई जन उपयोगी कार्य कराए जा रहे हैं।

# इंडी गठबंधन की रैली में देश और विकास विरोधियों का होगा जमावड़ा : बाबूलाल

संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित रैली में देश विरोधी, सनातन विरोधी, झारखंड विरोधी, विकास विरोधी लोगों का जमावड़ा हो रहा है। इसमें वही लोग शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने झारखंड को बेचने और खरीदने का काम किया है।

मरांडी शनिवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रैली शामिल होने वाले लोग सत्ता में आने पर सारा समय लूटने में लगाते हैं। हेमंत सोरेन चार साल सरकार में रहे।



आज वे जेल में हैं। जैसे जैसी करनी वैसी भरनी वाली कहावत उनपर पर चरितार्थ हो रही है। सत्ता मिलने के बाद नदी, बालू, पहाड़ तक नहीं छोड़ा। राजमहल के पहाड़ को खोद दिया।

मरांडी ने कहा कि राजमहल में 1000 करोड़ के पत्थर का अवैध खनन हुआ है। ईडी ने इसका उल्लेख अपने चार्जशीट में किया है। बालू, कोयला पत्थर की लूट की। जमीन में फजीर्वाड़ा का उसको बेचने का काम किया। सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। आदिवासी जमीन का फर्जी कागजात बनाकर उसे बेचा। इस कार्य को सरकार का संरक्षण मिलता रहा। अब धीरे-धीरे ईडी ऐसा करने वाले सभी लोगों को जेल में डाल रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की जनता सब जानती है। जनभावना का सम्मान नहीं करने और हर तरह से जनता को लूटने वालों का जमावड़ा रैली में हो रहा है। ऐसे लोगों पर जनता कैसे विश्वास करेंगी। मरांडी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जो आतंकी हमले को भगवा आतंकवाद कहते हैं। देश के जवान के आतंकियों की गोली से मारे जाने पर राजनीति करते हैं। 'जी' लगाकर आतंकवादियों को सम्मान देते हैं।

### राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शनिवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व शुक्रवार को अदालत ने मामले के एक अन्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले में दोनों पर आरोप है कि राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी।

## एक नजर

### एसडीएम ने अवैध कोयला लदा ट्रक किया जब्त

**बोकारो थर्मल :** लोकसभा चुनाव को लेकर बोकारो जिला प्रशासन बेहद अलर्ट है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह बोकारो डीसी विजया जाधव के निर्देश पर पूरे जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बेरमो एसडीएम अशोक कुमार द्वारा नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में छापेमारी की गई। एसडीएम ने छापेमारी में उक्त स्थान पर व्यापक मात्रा में अवैध रूप से जमा अवैध कोयला को जब्त किया। एसडीएम ने मौके से कोयला लदा एक ट्रक नंबर-बीआर 26जीए-4981 को भी जब्त किया। एसडीएम ने ट्रक को नावाडीह थाना के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम के निर्देश पर मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी में नावाडीह बीडीओ प्रशांत कुमार, सीओ अभिषेक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान शामिल थे।

### कसमार थाना प्रभारी ने जिला सेकेंड टॉपर सोनाली को किया सम्मानित



**बोकारो :** जैक मैट्रिक की परीक्षा में बोकारो जिला में सेकेंड टॉपर स्थान प्राप्त करनेवाली कसमार प्रखंड की दांतू निवासी सोनाली कुमारी को कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने सम्मानित करते हुए पढ़ाई में हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने सोनाली के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मिठाई, डायरी, पेन व सहयोग राशि देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने कसमार जैसे ग्रामीण क्षेत्र से पूरे जिले में मान बढ़ानेवाले अन्य छात्र-छात्राओं को भी बधाई देते हुए कहा कि कसमार शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा कीर्तिमान स्थापित किया है। दांतू में हीं सावित्री कुमारी जैसी होनहार छात्रा ने जेपीएससी परीक्षा में पूरे राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त करते हुए प्रशासनिक अधिकारी बनी है। जो इस क्षेत्र के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि पूरे जिले में कसमार प्रखंड से इस बार छह विधार्थियों ने जिला के टॉप टेन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिले में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करनेवाले सभी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। ताकि बच्चों का मनोबल बढ़े और भविष्य में इससे भी ज्यादा बेहतर परिणाम के साथ क्षेत्र का नाम रौशन करें। मौके पर दांतू मुखिया चन्द्रशेखर नायक, पंसस नगेन्द्र नायक समेत अन्य लोग मौजूद थे। सोनाली की सफलता पर पोंडा मुखिया हारू रजवार, मुरहुलसुदी मुखिया सरिता देवी, खैराचातर मुखिया विजय कुमार जायसवाल सहित अन्य लोगों ने भी बधाई दी है।

### एसडीओ ने नावाडीह के धतकी बेड़ा गांव में की छापेमारी



**बोकारो ।** बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार द्वारा नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में शनिवार तड़के छापेमारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित कोयला को जब्त किया गया। मौके से कोयला लदा एक ट्रक भी टीम द्वारा जब्त किया गया। ट्रक का पंजीयन संख्या बीआर26जीए 4981 है। ट्रक को संबंधित थाने को सुपुर्द कर दिया गया है। संबंधितों के विरोध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी में नावाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार, अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान शामिल थे।

### शादी का झांसा देकर यौन शौषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बोकारो :** शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने वाले एक आरोपित को शनिवार को कसमार पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि कसमार की एक युवती के साथ धनबाद के निचितपुर बोर्रागढ़ निवासी परमेश्वर राय पिछले एक साल से शारीरिक संबंध बना रहा था। इससे युवती आठ माह की गर्भवती हो गई थी। जिसकी शिकायत युवती ने कसमार थाने में की थी। जिसमें बताया गया है कि धनबाद निचितपुर निवासी परमेश्वर राय युवती के साथ शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। जब युवती ने शादी के लिए युवक पर दबाव बनाया तो युवक टालमटोल करता रहा। युवक की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने कसमार थाने में दुष्कर्म सहित अन्य धारा में मामला दर्ज कराया। जिसके बाद कसमार पुलिस ने युवक को उसके घर से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

# सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शनिवार, पारा 44 के पार

- आम जन-जीवन का जीना दुश्वार, 11 किमी प्रतिघंटे रही लू की रफ्तार
- कल से बदल जाएगा स्कूलों का समय, डीसी ने दिया गाइडलाइन अनुपालन का निर्देश



डीके वत्स

**बोकारो :** बोकारो में गर्मी अब अपने प्रचंड रूप में आ चुकी है। तापमान में दिनानुदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। इस बार की गर्मी के मौसम में शनिवार का दिन सबसे अधिक गर्म दर्ज किया गया। मौसम-विज्ञान संबंधी सूत्रों के अनुसार बोकारो में शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में जिले का तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस रहा, सामान्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची की ओर से जारी वेदर बुलेटिन के मुताबिक, शनिवार को बोकारो का अधिकतम तापमान 44 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहा।

बोकारो सहित पूरे राज्य में उष्ण लहर (हीट वेव) यानी लू को देखते हुए सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश शनिवार को जारी कर दिया। इसके आलोक में बोकारो उपायुक्त विजया जाधव ने भी इस गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया है। अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 08 तक की कक्षाएं सुबह 7.00 बजे से 11.30 बजे तक एवं कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7.00 बजे से 12.00 बजे तक संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी, परन्तु मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। उक्त आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक लागू रहेगा। इस आदेश से स्कूली बच्चों को फिलहाल थोड़ी राहत मिल सकती है।

### अप्रैल में ही जल रहा खून, क्या होगा जब आएगा जून

गर्मी के इस रौद्र रूप के कारण बोकारो जिले का आम जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम ऐसा कि मानो आसमान अंगारे बरसा रहा हो और धरती शोला बन चुकी हो। शहर में लू के थपेड़े शरीर झुलसा रहे हैं। सुबह के आठ बजे के बाद से ही लू के थपेड़े चलने लग रहे हैं। झुलसाती गर्मी की तपिश में सड़कों पर दोपहिया या पैदल चलना शोलों से गुजरकर चलने जैसा प्रतीत हो रहा है। लोग अभी से ही घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। वे दिन भर घर में दुबके रहने को विवश हैं। अनिवार्यतावश लोग निकलते भी हैं तो पूरे एहतियात के साथ मुंह बांधे। लोगों का कहना है कि अभी से ही गर्मी जब खून जला रही है तो मई और जून आते-आते क्या होगा?

### अभी राहत नहीं... आज भी 44 डिग्री रहेगा तापमान

मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार, आने वाले एक-दिनों में कुछ खास राहत के आसार नहीं हैं। रविवार को बोकारो में अधिकतम 44 व न्यूनतम 26, सोमवार को अधिकतम 41, न्यूनतम 27 तथा मंगलवार और बुधवार, दोनों दिन अधिकतम 42 व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि राज्य के कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, उत्तरी छोटानागपुर के बोकारो, धनबाद और रामगढ़, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के रांची पलामू प्रमंडल के गढ़वा एवं पलामू जिला तथा संथाल प्रमंडल के देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, और साहिबगंज में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जा सकती है। 22-23 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात की संभावना है। राज्य के दक्षिणी भागों तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

### फुटपाथियों और गरीबों का बुरा हाल, एसी-कूलर की बढ़ी मांग

दूसरी तरफ, गर्मी के कारण सड़कों के किनारे फुटपाथ पर गुजर-बसर करने वाले गरीबों का भी बुरा हाल है। वहीं, दो वक्त की रोटी की खातिर मेहनतकश रिक्शाचालकों, ठेला चालकों को भी गर्मी के बावजूद काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। वहीं, गर्मी की भीषणता बढ़ने के साथ-साथ शहर में शीतल-पेय, शरबत आदि की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है, जिसे पीकर लोग राहत की सांस ले रहे हैं। वहीं फ्रिज, पंखा, कूलर, एसी की खरीदारी भी तेज होती जा रही है और इनके दुकानदारों की चांदी है। कुल मिलाकर, आने वाले दिनों में बोकारोवासियों को अभी और गर्मी का दंश झेलना पड़ेगा, जिसके लिये उन्हें तैयार रहना होगा।

### बोकारो थर्मल ऐश पौंड की बदहाली पर भड़के डीवीसी अध्यक्ष

# अफसरों को लगाई फटकार, दिए निर्देश



संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** डीवीसी चेयरमैन भाप्रसे अधिकारी एस सुरेश कुमार शनिवार को अपने दौरे के क्रम में चंद्रपुरा से पूर्वाह्न लगभग साढ़े दस बजे बोकारो थर्मल नूरीनगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड पहुचे। डीवीसी चेयरमैन के साथ मेंबर टेक्निकल एम रघुराम, मुख्य महाप्रबंधक सुभाष सिंह भी थे। ऐश पौंड पहुंचने पर बोकारो थर्मल के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, वरीय जीएम एफजीडी एसएन प्रसाद ने पौधा देकर चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल का स्वागत किया। बाद में चेयरमैन अधिकारियों के साथ ऐश पौंड स्थित रिकवरी सिस्टम, सेटलिंग पौंड देखने पहुंचे। चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल ने ऐश पौंड से व्यापक पैमाने पर उड़ रही छाई एवं पौंड में चारों ओर बिखरी छाई को देखकर नाराजगी जताते हुए सिविल के डीजीएम विश्वमोहन गोस्वामी सहित राहुल उरांव, पवन कुमार आदि को डांट पिलाई।

चेयरमैन ने डीजीएम सिविल से पौंड की स्थिति को देखकर नाराजगी जताते हुए पूछा तो डीजीएम सिविल ने कहा कि पौंड की स्थिति बेहतर है। दोबारा पूछने पर भी जब डीजीएम सिविल ने अपनी बात दुहराई तो चेयरमैन ने उनकी बात को मोबाइल में रिकार्ड कर लिया। डीजीएम सिविल ने चेयरमैन से कहा कि पौंड प्रतिदिन 25 एमएम बारिश की क्षमता को भी संभाल सकता है। मेंबर टेक्निकल ने स्थानीय एचओपी से डीजीएम सिविल को लंबी छुट्टी पर भेजने की भी बात कही। पौंड से उड़ रहे व्यापक पैमान के छाई को नियंत्रित करने के लिए चेयरमैन ने एचओपी को निर्देश दिया कि पौंड के रिकवरी पंप से गार्ड लैंडिंग पाइपलाइन के द्वारा उड़नेवाली छाई को नियंत्रित किया जा सकता है। डीजीएम सिविल द्वारा इस सिस्टम के भी सक्सेस नहीं होने की बात कहे जाने पर मेंबर टेक्निकल ने उन्हें एनटीपीसी के दूसरे प्रोजेक्टों में जाकर देखकर आने की बात कही।

चेयरमैन ने स्थानीय स्तर पर ट्रैक्टरों के द्वारा ऐश पौंड पर जल छिड़काव की भी बात कही। पौंड से उड़नेवाले छाई के कारण सभी को पौंड पर ही अपने नाक पर मास्क लगाना पड़ा। उन्होंने निर्देश दिया कि पांच माह के दरम्यान पौंड पूरी तरह से खाली होती रहनी चाहिए। कहा कि वर्तमान में पौंड की जो स्थिति है, उससे लगता है कि पौंड दस दिनों में ही भर जाएगा। मेंबर टेक्निकल ने एचओपी एवं डीजीएम सिविल को निर्देश दिया कि हजारीबाग में बंद पड़े स्टोन क्वायरी में छाई फेंकने को लेकर हजारीबाग के डीएफओ, डीएमओ एवं डीसी से मिलकर पहल करें, ताकि उसमें छाई फेंका जा सके। उन्होंने पौंड से उड़नेवाली छाई पर रोक लगाने का भी निर्देश सिविल के इंजीनियरों को दिया। मौके पर डीवीसी के जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य, जीएम विद्युत एस भद्रा, डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर, वरीय प्रबंधक मैकनिकल मनीष कुमार चौधरी, सिविल अभियंता अमित कुमार, स्थानीय थाना के सअनि अरविंद मेहता, बैजून मरांडी जवानों के साथ थे।

# अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में डीपीएस बोकारो का ऐतिहासिक प्रदर्शन

### सर्वाधिक 85 विद्यार्थियों ने मारी बाजी, 6 को इंटरनेशनल रैंक 1 तो 34 ने जीते स्वर्ण



संवाददाता

**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी कुशल मेधाविता का लोहा मनवाया है। इंटरनेशनल ओलंपियाड फाउंडेशन (आईओएफ) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में विद्यालय का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में पहली बार सर्वाधिक 85 छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता दर्ज की है। खास बात यह कि छह विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंक 1 पाई है और तीन को जोनल रैंक 1 मिली। इन्हें मिलाकर कुल 34 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय, बोकारो शहर एवं झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है।

इंटरनेशनल रैंक -1 पाने वालों में कक्षा छह से अदिरा दीप, सातवीं कक्षा के उज्ज्वल पांडेय, आराध्या सिंह एवं अवनी प्रियदर्शी तथा कक्षा 10 की प्राप्ति दास एवं अमोघ आनंद झा के नाम शामिल हैं। वहीं, कक्षा 8 के ओम प्रकाश पात्रा व संस्कृत सिंह तथा नौवीं कक्षा के छात्र कुणाल आनंद ने जोनल रैंक 1 हासिल की है। इन्हें गोल्ड मेडल, गोल्ड बैज, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट मिले हैं। इन विद्यार्थियों के अलावा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व गोल्ड बैज जीतने वालों में कक्षा 6 के कुंवर शौर्य व शशांक, कक्षा 7 से ऋध्वि, काव्या, आदित्य लाल, वंश राजवेद, अभिनीत महापात्रा, अक्षरा सिंह, शारदा नंदिनी व आरुष कुमार सिन्हा, कक्षा 8 से सौमिली मंडल, आयुषी श्री, अभिनव मंडल एवं पलक प्रिया, कक्षा 9 के अनिमेष आनंद, कक्षा 10 से अनुष्का प्रिया, मन्नत मनीष, आर्या सिंह, आरव यश, अर्पिता आर्या, तान्या श्री, शगुन वर्मा, शिप्रा सिंह, ऋद्धिम गुप्ता एवं आव्या सिंह के नाम शामिल हैं।

### 36 को रजत और 15 को मिले कांस्य पदक

इसी प्रकार, उक्त प्रतियोगिता में 36 छात्र-छात्राओं ने रजत पदक व बैज जीते हैं। इनमें कक्षा 6 से संस्कृति, शीतल सामंत सेंगर, श्रेयांश नयन, आराध्या मिश्रा, शौर्य शांडिल्य, अभिज्ञान, नैतिक कुमार, सरित चक्रवर्ती, अगस्त्या आरव व स्वप्निल खेमका, कक्षा 7 से ट्यूलिप सौम्या, अक्षिता आर्या, यशस्वी पार्थ, आशीष, एंजेल, अनीष राज, कक्षा 8 की पहल लता, अनुष्का, श्वेत सान्वी, कृष कृष्णा, सृष्टि गोराईं, ऋषभ राज एवं आर्यमन आशीष, कक्षा 9 के क्षितिज राज, मीनाक्षी तनु, राजेश कुमार बेहरा, विष्णुश्री प्रिय, रूही, अदिति प्रिया, वीर शांडिल्य व सार्थक तिवारी कक्षा 10 के आदित्य राज, ईशान गौरव, अनुपम आनंद, आयुष केसरी एवं मयंक के नाम शामिल हैं। जबकि, 15 विद्यार्थियों ने ब्रॉन्ज (कांस्य) मेडल व बैज जीते, जिनमें कक्षा 6 के तेजस खेमका व अभिनव भास्कर, कक्षा 7 की आरुषी, कक्षा 8 के कुशाग्र राज, नौवीं कक्षा के आयुष ओम दास, स्वरा सुशील कोहाडे, जय सात्विक मेदिरेड्डी, सक्षम, आस्था सिंह, श्रेया श्री, विद्या स्मृति, आर्यना रॉय, अक्षत सिंह व श्रेयस शेखर तथा कक्षा 10 के आदित्य अनुकूल शामिल हैं।

### देवभाषा संस्कृत की अद्वितीय है महत्ता : डॉ. गंगवार

शनिवार को विद्यालय में आयोजित एक स्पेशल एसेंबली के दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने देवभाषा संस्कृत की ऐतिहासिक, पौराणिक, सांस्कृतिक और वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत की उक्त अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही, भविष्य में भी लगन व परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# पेड़ में लगी आग को अग्निशमन दल ने बुझाया



संवाददाता

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के मंजूरा में सड़क किनारे एक पीपल के पेड़ में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार की देर रात को हीं आग लगी थी। सड़क किनारे पेड़ पर आग लगने से इस रास्ते से शनिवार सुबह से दोपहर तक आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों ने उसे बुझाने का प्रयत्न किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पाकर अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा व आग बुझायी। लेकिन आग अंदर तक होने के कारण फिर से सुलग उठी और दहकने लगी।

दोबारा फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। मामले की जानकारी पाकर कसमार बीडीओ अनिल कुमार, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, पंचायत सहायक मिथिलेश महतो, संजू कुमारी आदि भी पहुंचे। आग को बुझाने में मुरली महतो, भागीरथ महतो, महेश महतो, जंगबहादुर महतो, लालमोहन महतो, सदानंद महतो, उमेश महतो, प्रसादी महतो, भीम महतो समेत दर्जनों स्थानीय ग्रामीणों ने भी काफी मेहनत की।

# गर्मियों में जल पिलाना परम परोपकार : संपतमल

संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास ने चास में चल रही हीट वेव में राहगीरों को राहत देने की उद्देश्य से बाय पास रोड, चास में प्याऊ की व्यवस्था की?। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि चास मुख्य बाजार होने के कारण बड़ी संख्या में यहां ग्रामीण खरीददारी करने आते हैं, परंतु भीषण गर्मी में उन्हें पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। अब उन्हें परेशानी नही होगी। समाजसेवी संपतमल ने प्याऊ का शुभारंभ करते हुए जन-उपयोगी सेवा के लिए रोटरी क्लब चास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक धनेश बंका ने कहा कि तेज धूप और गर्मी से परेशान लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

धनेश ने कहा कि अब राहगीरों को मटके का ठंडा पानी पीने को मिलेगा और उनका गला तर होगा। रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब अपने कर्तव्य का पालन कर पथिकों की सेवा कार्य कर रही है। डिंपल ने बताया कि यह अस्थाई प्याऊ गर्मी भर लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहेगा?। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, मंजीत सिंह, बिनोद चोपड़ा, आनंद अग्रवाल, गणेश महतो, धनंजय शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सीआईएसएफ के राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन

### सावधानी से अग्नि हादसे को किया जा सकता है नियंत्रित : एचओपी



संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल डीवीसी पावर प्लांट स्थित सीआईएसएफ फायर यूनिट में शनिवार को विगत 14 अप्रैल से चलाये जा रहे राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन समारोह किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद मौजूद थे। इस अवसर पर एचओपी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डीवीसी सीआईएसएफ यूनिट फायर विंग के कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा पूरे सप्ताह राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय स्कूलों,पावर प्लांट एवं ऑफिसर्स क्लब में कर आग से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया तथा सभी को आग से बचाव की जानकारी दी गयी। सीआईएसएफ के इस प्रकार के कार्यक्रम से पावर प्लांट, स्कूलों एवं कॉलोनी में सुरक्षा का माहौल बनाकर लोगों एवं कॉलोनी वासियों को आग से बचाव की जानकारी दी गयी है, जो कि काफी सकारात्मक प्रयास है।

सीआईएसएफ फायर के अवर निरीक्षक चंद्रभान सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आग की घटना काफी विनाशकारी होती है, जिस पर नियंत्रण जागरुकता लाकर ही किया जा सकता है। कहा कि अग्नि सुरक्षा स्मृति दिवस है उन 66 अग्निशमन कर्मचारियों की शहादत का जिन्होंने जनसेवा करते हुए सहर्ष मृत्यु का आलिंगन कर लिया था। इस दिवस के विभिन्न आयोजन पूरे सप्ताह चलाये जाते हैं इसका एकमात्र उद्देश्य अग्निकांडों से होने वाली क्षति के प्रति नागरिकों को जागरूक करना होता है। समारोह में मुख्य अतिथि एचओपी के हाथों विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल स्कूली बच्चों, सीआईएसएफ एवं डीवीसी कर्मियों की पत्नियों एवं सीआईएसएफ के जवानों में से को पुरस्कृत किया गया। सीआईएसएफ के निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून के हाथों एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, वरीय प्रबंधक मनीष कुमार चैधरी तथा पत्रकार संजय कुमार मिश्रा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व सीआईएसएफ फायर विंग के जवानों ने सअनि सुभाष के नेतृत्व में गैस, तेल एवं पानी में लगी आग को बुझाने की प्रदर्शनी लोगों एवं आये हुए अतिथियों के सामने पेश किया जिसे काफी सराहा गया। मौके पर डीवीसी के वरीय प्रबंधक मनीष कुमार चौधरी, सूरज तिवारी, निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून, अनि रहीम अंसारी, विक्रम सिंह, सअनि सुरेश यादव, आरएन चक्रवर्ती, सतवीर सिंह, मनोज फुकन, सुभाष, हीरन बोरा, आरएन चौधरी, हेड कांस्टेबल लघुतम सहित काफी संख्या में अधिकारी एवं जवान मौजूद थे। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन फायर के अनि सीबी सिंह ने किया।

# गर्मी को देखते हुए सभी स्कूलों का समय बदला, आदेश जारी

### डीसी ने सभी विद्यालयों को आदेश का अनुपालन कराने का दिया निर्देश

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिले में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक सहित एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 08 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक एवं कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे तक संचालित की जाएगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी, परन्तु मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। उक्त आदेश 22 अप्रैल सोमवार से अगले आदेश तक लागू रहेगा। इस बाबत शनिवार को उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव द्वारा स्कूल के समय बदलाव को लेकर आदेश जारी किया गया है। जिले के सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक सहित एवं सभी निजी विद्यालयों में उक्त आदेश को सुनिश्चित कराने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को जरूरी निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट है कि इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जायेगा।

एक नजर

## गर्मी से लोग बेहाल, बेरमो का पारा 42 डिग्री पार, घरों में दुबक रहे हैं लोग



**फुसरो।** चिलचिलाती धूप के कारण बढ़ी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। खास कर एक बजे स्कूल से छूटी होने के बाद घर जाने में बच्चों की हालत खराब हो जा रही है। लोग 12 बजे से हीं अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। सिर्फ जरूरी काम वाले लोग हीं बाजार में नजर आ रहेंगे। जिसके कारण फुसरो-बेरमो की सड़कें सुनसान हो जा रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा। न्यूनतम तापमान अहले सुबह बाद 23 डिग्री पर पहुंचने से लोग अपने घरों में भी पसीने से तर नजर आये। पिछले कई दिनों से तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है। सबसे खास बात यह कि सुबह नौ बजे के बाद से हीं धूप की काफी तेज हो जा रही है। दस बजते-बजते तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच जा रहा है। सड़क पर खाली पैर चलना मुश्किल है। दिहाड़ी मजदूरों और राज मिस्त्री को धूप में काम करना मुश्किल हो गया है। फिर भी पेट की ज्वाला शांत करने के लिए सूर्य की तपिश झेलने को मजबूर हैं। डीएवी सहित अन्य स्कूलों में छुट्टी के बाद कई छात्र चिलचिलाती धूप में अपने आवास को जाने के लिए लिफ्ट का इंतजार कर रहे होते हैं। उनका क्या हाल होता होगा यह महसूस किया जा सकता है। भीषण गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थों और गन्ने की जूस, लस्सी आदि की भी विक्री बढ़ गयी है।

## विधायक सरयू राय से झारखंड के मूलवासियों को और क्या उम्मीद हो सकती है : जगदीश महतो



**बेरमो।** झारखंड आंदोलनकारी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के वरिष्ठ नेता जगदीश महतो ने कल्याणी स्थित कार्यालय में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस के तथाकथित कुछ नेता घटिया राजनीति कर रहे हैं। कहा कि भाजपा से धनबाद लोकसभा क्षेत्र से जब ढुल्लू महतो को टिकट मिला तो अपने को पाक साफ समझने वाले विधायक सरयू राय आग बबूला हो गए और अनाप सनाप चारित्रिक बयानबाजी करने लगे हैं। लेकिन उन्हें धनबाद में और माफिया दिखाई नहीं पड़ रहा है। दिखेगा भी क्यों, हिम्मत चाहिए। इससे अधिक झारखंड के मूलवासियों को और क्या उम्मीद हो सकती है। श्री राय को सिर्फ दूसरे की कमी दिखती है। श्री राय स्वयं चुनाव लड़ने को ताल ठोकने लगे। लड़ें सभी को चुनाव लडना जनतांत्रिक अधिकार है। लेकिन वे लड़ेंगे या नहीं यह तो समय बताएगा। श्री महतो ने कहा कि जब बेरमो विधायक कुमार जय मंगल की धर्मपत्नी अनुपमा सिंह को टिकट मिला तो वही सरयू राय आशीर्वाद देने लगे। श्री महतो ने कहा कि सरयू राय जैसा भाजपा का विश्वास घाती, झारखंड आंदोलन विरोधी से झारखंड के मूलवासियों का कभी हित नहीं हो सकता है। श्री महतो ने जनता से अपील की कि सरयू राय जैसा सोच रखने वाले को राजनीतिक पनाह न दें श्री महतो ने कहा कि एक समय था जब कोयलांचल और बीसीसीएल में कोयला माफिया की तूती बोलती थी तब झारखंड केसरी पूर्व सांसद स्व.विनोद बिहारी महतो और कॉमरेड ए के राय के आंदोलन से कोयला माफिया बिल में छुप गए थे। अब भी भूमि पुत्र को माफिया पचा नहीं पा रहे हैं।

## बेरमो सीओ ने कोयला मजदूरों के बीच चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**बेरमो।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने शनिवार को सीसीएल ढोरी, बीएंडके व कथारा प्रक्षेत्र के कोयला मजदूरों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें सीसीएल, आउटसोर्सिंग और लोडिंग मजदूरों ने भाग लिया। सीओ श्री सिंह ने कहा कि 25 मई को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मतदान की तिथि निर्धारित है। मतदान प्रतिशत को बढाने में कोयला मजदूरों की भी अहम भूमिका होनी चाहिए। इसलिए कोयला मजदूर पहले मतदान करें उसके बाद हीं कोई और काम करें। मजदूर अपने को मतदान की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करें। ताकि चुनाव आयोग से मिला अबकी बार 80% पार लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इससे लोकतंत्र की मजबूती के लिए अच्छा संदेश भी जायेगा। मौके पर सीसीएल के विभिन्न परियोजनाओं के अनेकों मजदूर उपस्थित थे।

बढ़ती गर्मी को लेकर गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा ने जनता से की अपील

# बढ़ती गर्मी में सावधानी व बचाव जरूरी : उपायुक्त

संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा जानकारी दी गई कि आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है।

जिले में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए उपायुक्त के द्वारा जिलेवासियों से गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई है। वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का उपयोग गर्मी के मौसम में करते रहें, ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बिमारियों से बचा जा सके। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। खास कर के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर विशेष




ध्यान देने की आवश्यकता है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण अत्यधिक गर्मी हो रही है, ऐसे में बिना जरूरी काम के घरों से न निकलें। गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

ऐसे में आम नागरिक अपने दैनिक कार्यक्रमों की सूची बनाने से पूर्व रेडियो, टीवी या अखबार के माध्यम से अपने स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। ताकि घर से बाहर निकलते समय गर्म हवाओं व लू के प्रकोप से बचा जा सके।

**गर्मी के प्रकोप से बचे रहने के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है**

**क्या करें :** आरामदायक कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलें तो बेहतर है कि आप हल्के रंग के ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर व गर्दन पर रखें। अगर तबीयत ठीक न लगे और चक्कर आएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लिक्विड डाइट का ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें। जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना, गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी इत्यादि, मौसमी फलों का जैसे खरबूज, तरबूज, आम, ककड़ी का सेवन जरूर करें। ध्यान दें कि शरीर में पानी की कमी न हो। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दा, शटर आदि का इस्तेमाल करें रात में खिड़कियां खुली रखें।

**क्या न करें :** धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे की खिड़की एवं दरवाजे बंद न रखें। शराब, चाय, कॉफी पीने से बचे, जो शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं।

उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें। साथ हीं गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए धूप से सीधे संपर्क में आने से परहेज करें।

## चंदौरी रोड बघलोरवा के घर में भीषण आग लगने से भारी नुकसान



संवाददाता

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के चंदौरी रोड - बघलोरवा स्थित मुख्य सड़क के किनारे एक घर में शनिवार की दोपहर भीषण आग लग गई। जिससे पक्के मकान को छोड़कर घर का काफी हिस्सा जल गया। बाद में आस - पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि बघलोरवा स्थित बडू राय के घर के बाहर मिट्टी के चूल्हे में हल्की चिंगारी थी। दोपहर को चलने वाली तेज हवाओं के सम्पर्क में आकर चिंगारी जल उठी और पास के लकड़ियों को अपने लपेटे में ले लिया। धीरे - धीरे पुरा घर आग की चपेट में आ गया। इस दौरान रास्ते से गुजरने वाले एक वाहन चालक ने आग की लपटों को देखकर हल्ला - गुल्ला मचाया। जिसके बाद आस - पास के लोग जुटे। इस दौरान घर के अंदर एक चार वर्षीय बच्चा भी था। गनीमत रही कि समय रहते उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जिसके बाद लोग पानी व मिट्टी के सहारे आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन तेज हवाओं के कारण मिट्टी के घर और आस पास रखे लकड़ी व बिचाली आग की चपेट में आ गए।

आस - पास कोई जलस्त्रोत नहीं होने के कारण आग बुझाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आग बुझाने के लिए स्थानीय लोगों ने कई दफा आधे किलोमीटर दूर स्थिति नदी से बाल्टी व डेगची में पानी भरकर माथे पर ढ़ोते हुए लाया। मामले की जानकारी मिलने पर तिसरी पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से आग को बुझाया गया। हालांकि इस दौरान गृह स्वामी को काफी नुकसान हुआ। भुक्तभोगी बडू राय ने बताया कि आगलगी के कारण अनाज, कपड़े समेत हजारों की नगद राशि भी जल गई। लिहाजा उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## झामुमो उलगुलान की पहली सूची जारी, कृष्णा मार्डी पश्चिमी सिंहभूम से प्रत्याशी घोषित

**बेरमो।** केंद्रीय समिति के निर्णय के अनुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान की लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को प्रत्याशी की पहली सूची जारी की गई। टिकट के लिए अधिकृत केंद्रीय सचिव दिगंबर महतो द्वारा जारी पहली सूची में केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी को प्रत्याशी बनाया गया है।

दिगंबर महतो ने कहा कि एक समय था जब झामुमो से अलग होकर झामुमो मार्डी अलग गुट बना तब श्री मार्डी का पूरे झारखंड में दबदबा था। वे झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी रहे हैं और कभी भी उन्होंने आंदोलन नहीं बेचा।

## पिछरी उत्तरी व दक्षिणी पंचायत की भाजपा शक्ति केंद्र की हुई बैठक



संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा क्षेत्र के अंगवाली मंडल के पिछरी उत्तरी और दक्षिणी पंचायत में शक्ति केंद्र प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक व सह संयोजक की उपस्थिति में शनिवार को दस बूथों के अध्यक्ष, सचिव, बूथ के सदस्य भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक में शामिल हुए। बेरमो विधानसभा क्षेत्र प्रभारी लक्ष्मण कुमार नायक, मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा सह संयोजक शंकर रजक, मंडल प्रभारी सुभाष चंद्र महतो व सह प्रभारी सूरजमल नायक ने शक्ति केंद्र की बैठक में बूथों का सत्यापन किया। प्रभारी श्री नायक ने कहा कि केंद्र में फिर से मोदी सरकार को लाना है और गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करना है। बैठक में सांगठनिक विषय पर चर्चा की गई। मौके पर भाजपा के देवीदास, मुकेश मिश्रा, दीपक मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, आदि मौजूद थे।

## शनिदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भ्रमण

संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो रेलवे गेट स्थित महावीर मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय श्री हनुमंत सह शनिदेव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन शनिवार को कई अनुष्ठान कराए गये। साथ हीं यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं देर शाम में विभिन्न देवी देवताओं की झांकी के साथ प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया।

जिसमें सैंकड़ों महिला पुरूष व श्रद्धालु शामिल हुए। शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर फुसरो ओवरब्रिज कॉलोनी, दिनदयाल चौक होते हुए ढोरी पांच नंबर धौड़ा का भ्रमण कर पुनः मंदिर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु नाचते गाते एवं जयकारा लगाते चल रहे थे।



यहां 21 अप्रैल को महाभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ पूणार्हुति तथा संध्या में प्रसाद वितरण किया जायेगा। इससे पूर्व सुबह में नागपुर से आये यज्ञाचार्य आचार्य रवींद्र शास्त्री एवं बतौर सहयोगी संजय पांडेय, रामप्रवेश पांडेय, राजेश पांडेय व शिवशंकर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान भरत साव पत्नी वृंदा देवी, संतोष साव पत्नी बबीता देवी, विनोद नायक पत्नी सोनी देवी, बजरंगी साव पत्नी पूजा देवी, अजय सिंह पत्नी किरण देवी को पूजन कराया।

यज्ञ को सफल बनाने में प्रमोद साव, बिनोद साव, विक्की कुमार, राहुल दिगार, राजेश भुईयां, राहुल साहनी, शंकर राय, हीरालाल डे, हरे राम, गुड्डू, लखन यादव, रोहित कुमार, सत्येंद्र यादव, राजकुमार, डमरू, दीपक भुईयां, भानु प्रताप यादव, सुरेंद्र भुईयां, राजू सिंह आदि लगे हुए हैं।

## महात्मा हंसराज की 160 वीं जयंती उत्साहपूर्वक संपन्न

संवाददाता


**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह, में महात्मा हंसराज की 160 वीं जयंती बड़े उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की यज्ञशाला में धर्म शिक्षक दिलीप कुमार द्वारा पवित्र वैदिक हवन का आयोजन किया गया। प्राचार्य ओपी गोयल के साथ सभी शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने यज्ञ-आहुतियों द्वारा महात्मा हंसराज को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्राचार्य ओपी गोयल के द्वारा महान तपस्वी, शिक्षाविद्, त्याग, दया व स्नेह की प्रतिमूर्ति महात्मा हंसराज के जीवन, उनके व्यक्तित्व व समाज और देश के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन कुमार ने बताया कि महात्मा हंसराज ने समाज के हर वर्ग के उत्थान में अपना अतुलनीय एवं अमूल्य योगदान



दिया। उन्होंने बताया कि हंसराज एक सच्चे विद्वान, वैदिक उपदेशक व महान लेखक थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अतुल्य एवं अमूल्य है। संपूर्ण भारत में डीएवी के वर्चस्व के पीछे महात्मा हंसराज का त्याग व तपस्या से परिपूर्ण जीवन है। विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार अम्बष्टा ने कहा कि आर्य समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महात्मा हंसराज ने आजीवन निर्धन व जरूरतमंदों की सहायता व सेवा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने आजीवन वैदिक सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया। उनका संपूर्ण जीवन मानव जाति के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण द्वारा सुंदर, सुमधुर भजन गाकर महात्मा हंसराज जी को स्मृति रूपी पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के समापन समारोह पर मिसेस एस.रब्बानी के साथ समस्त विद्यालय परिवार ने हंसराज जी के जीवन से शिक्षा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा का संकल्प लिया।

## चांदो उत्क्रमित हाई स्कूल के कृष्ण कुमार ने 92 फीसदी लाकर परचम लहराया



**कथारा।** पेटरवार प्रखंड के चांदो पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के माध्यमिक बोर्ड में कृष्ण कुमार 92 फीसदी एवं अंजली कुमारी ने 87 फीसदी लाकर अपना परचम लहराते हुए अपने स्कूल का नाम रौशन किया है। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सुदूर क्षेत्र के छात्रों ने कड़ी मेहनत कर 92 फीसदी लाकर मेरे स्कूल के गौरव को बढ़ाया है। स्कूल परिवार कबसहायक शिक्षक सोनम कुमारी, दिनेश सिंह, सुरेश प्रसाद व जाधव गो की ओर से इन दोनों बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे चलकर अच्छी से पढ़ाई कर घर तथा गांव का नाम रौशन करें।

## अनपति देवी विद्यालय में मनाई गई भगवान महावीर की जयंती



संवाददाता

**फुसरो।** अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में शनिवार को धूमधाम से भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। यहां जयंती का शुभारंभ प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा एवं सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। संचालन शिक्षिका पिंकी कुमारी ने किया। जिसमें उन्होंने बताया कि भगवान महावीर जैन धर्म के चौंबीसवें तीर्थंकर थे। भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार वर्ष पहले वैशाली गणराज्य के क्षत्रियकुंड वैशाली में अयोध्या इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय परिवार में हुआ था। तीस वर्ष की आयु में महावीर ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और संन्यास धारण कर आत्मकल्याण के पथ पर निकल गये। वहीं शिक्षक साधन चंद्र धर, रंजीत कुमार यादव ने भी भगवान महावीर के सिद्धांतों और बलिदानों के बारे में विस्तार से छात्रों को बताया। छात्र-छात्राओं ने भगवान महावीर की जीवनी को कविता एवं गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। मौके पर अतिथि विद्यालय के दीपा देवी, रेणु मिश्रा, शिक्षक, शिक्षिका व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## कोशिश के मंच पर आज युवा मतदाता बिखेरेंगे विचारों के रंग

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शख्सियत होंगे सम्मानित

संवाददाता

**हजारीबाग।** युवा कलाकारों, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तियों को मंच प्रदान करने के नाम से विख्यात *कोशिश* का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी हर्षोउल्लास के साथ किया जाएगा। कोशिश 2024 का आयोजन आज स्थानीय झील परिसर स्थित एम्फी थियेटर में शाम 6 बजे होगा। कोशिश के मंच पर रविवार को युवा मतदाता विचारों के रंग बिखेरेंगे। झील परिसर में आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में महारत हासिल हस्तियों का जुटान होगा। साथ ही विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शख्सियत को सम्मानित भी




किया जाएगा। दरअसल एचबी लाइव वर्ष 2015 से हजारीबाग का एक प्रमुख मीडिया प्लेटफॉर्म रहा है। केबल चैनल के रूप में स्थापित होने के बाद अब एचबी लाइव अपने सोशल मीडिया के लाखों सब्सक्राइबर के साथ इस क्षेत्र का प्रमुख पोर्टल है। खबरों को पहुंचाने के साथ-साथ एचबी लाइव सालाना एक कार्यक्रम कोशिश... का आयोजन करता है। सम्मान, सहयोग, मंच ...की भावना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को एक मंच प्रदान किया जाता है। वहीं विभिन्न क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया जाता है।

हजारीबाग के झील परिसर में आयोजित होने वाले इस वर्ष के कोशिश 2024. को आने वाले चुनावों के मद्देनजर युवा मतदाताओं के नाम समर्पित किया गया है। यह कोशिश रहेगी कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम युवा मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

ये धुरंधर कोशिश 2024 के मंच से बिखरेंगे अपनी अदाकारी का जलवा

**दिव्यांश हर्षित श्रीवास्तव**

दिव्यांश संगीत से जुड़े घराने से ताल्लुक रखते हैं। सर्वप्रथम इन्होंने अपने पिता श्री गोविंद कुमार वर्मा से संगीत की प्रारंभिक शिक्षा ली है और फिर संतूर के मूर्धन्य कलाकार सूफियाना घराना कश्मीर के पंडित भजन सपोरी जी से ली है। गुरु शिष्य परंपरा के तहत इन्होंने प्रिंस ऑफ ए स्ट्रिंग श्री अभय रुस्तम सपोरी जी से भी शिक्षा ली है। दिव्यांश ने देश के कई बड़े संगीत समारोह में शिरकत की है। भारत के उभरते युवा कलाकारों में इनका नाम अग्रणी कलाकारों में शुमार किया जाता है।

**राग यमन**

राग यमन झारखंड के गिरिडीह के रहने वाले हैं और झारखंड के उभरते बांसुरी वादकों में इनकी गिनती की जाती है। बांसुरी वादन की प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता श्री रामकुमार सिन्हा और फिर गिरिडीह के ही झारखंड रत्न विख्यात शास्त्रीय बन्धु पंडित मोर मुकुट केडिया और पंडित मनोज कुमार केडिया से ली है।

## 14 लोकसभा सीट के सभी नामांकन में रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे मौजूद : राज

संवाददाता

**गिरिडीह ।** एनडीए चुनाव संचालन समिति झारखंड के सदस्य राजकुमार राज ने कहा है कि झारखंड के 14 लोकसभा सीट के नामांकन में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभी नामांकन में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे।

संबंधित जिला के अध्यक्ष भी जिला पदाधिकारी के साथ उपस्थित रहेंगे।

श्री राज ने कहा कि पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एनडीए घटक दलों की बैठक हुई। जिसमें यह



निर्णय लिया गया कि एनडीए घटक दल के सभी प्रदेश अध्यक्षों को संचालन समिति का सदस्य मनोनीत किया जाय। साथ हीं सभी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षों की तस्वीर एनडीए के होर्डिंग बैनर में लगाया जाय तथा एनडीए के सभी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष संचालन समिति के सदस्य के रूप में भाग लेंगे।

साथ हीं लोकसभा स्तर पर एनडीए घटक दल के लोकसभा प्रभारी तथा जिला एवं प्रखंड स्तर पर जिला एवं प्रखंड अध्यक्ष कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

श्री राज ने बताया कि इस बैठक के बाद एनडीए घटक दलों के कार्यकताओं में काफी उत्साह है और यह उत्साह लोकसभा के परिणाम दिलाने में मिल का पत्थर साबित होगा।

## एक नजर

### धनबाद जिला के स्कूलों के समय सारणी में बदलाव

**धनबाद।** अत्याधिक गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्कूलों के समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया गया है। इस आलोक में उपायुक्त, धनबाद सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में वर्ग केजी से कक्षा आठ की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं वर्ग 09 से उपर की कक्षाएँ सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक संचालित करने का निदेश दिया गया है। इस अवधि में प्रार्थना सभा, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जायेंगी जबकि मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। यह आदेश आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक लागू रहेगा।

### कमल का फूल खिलाएं, पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करें : सावित्री देवी



**सिन्दरी।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर नूतनडीह बस्ती गौशला सिन्दरी में महिलाओं के द्वारा बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में घनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुलू महतो की धर्म पत्नी सावित्री देवी मौजूद रही। कार्यक्रम की अगुवाई संजू महतो व संचालन भाजपा महिला की चुमकी देवी ने की। बैठक में शामिल सभी महिलाओं का परिचय कराया गया। सावित्री देवी ने कहा कि आपके भाई व बेटा को घनबाद लोकसभा का भाजपा प्रत्याशी बनाया गया है। लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो घनबाद से नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि कमल का फूल लड़ रहा है। आपको तय करना है कि आप अपने क्षेत्र से कितना कमल का फूल खिलाते हैं और मोदी जी के हाथों को मजबूत करते हैं। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिसमें पांच लाख का ईलाज फ्री में करवाया जा रहा है। 500 वर्षो के बाद अयोध्या में राम मंदिर बनाया गया है। 25 मई को चुनाव है। आप अपने मत का प्रयोग जरूर करें एवं आस पास के महिलाओं को मतदान करवाने में सहयोग करें। सभी का सहयोग मिल रहा है। उम्मीद है कि 10 लाख से ज्यादा मतों से जिताकर नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे।

### प्रयास इंडिया के छात्रों ने कक्षा 10 जैक बोर्ड परीक्षा में परिणामों के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया



**सिंदरी।** प्रयास इंडिया के छात्रों ने कक्षा 10 जैक बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय परिणामों के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। अपने अटूट समर्पण और अथक प्रयास के माध्यम से, प्रयास इंडिया के छात्रों ने गहरी प्रतिबद्धता दिखाते हुए इस वर्ष उत्कृष्ट अंक हासिल किए हैं। प्रयास इंडिया के मार्गदर्शन और समर्थन के साथ उनकी कड़ी मेहनत ने उन्हें चुनौतियों से उबरने और अपनी शैक्षणिक गतिविधियों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाया है। कक्षा दसवीं के छात्र प्रिया कुमारी पांडेय ने 88.2% अंक प्राप्त किए हैं इसके साथ अल्ताफ खान ने 81.0%, रूपा तंतुबाई 80.8%, शुभम कुमार शर्मा 79.2%, रीमा तंतुबाई 77.4%, सोनाली कुमारी 76.8%, प्रिया कुमारी 76.8% और लखिन्दर किस्कू 75.2% अंक प्राप्त किए हैं। छात्रों ने उनकी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संगठन की सराहना की।

# शांतिपूर्ण चुनाव को बाधित करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : उपायुक्त

### वल्नरेबल वोटरों के साथ खड़ी है जिला प्रशासन, भयमुक्त होकर करें मतदान : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

संवाददाता




**धनबाद।** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर वल्नरेबल बूथ को लेकर सभी एआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसकी तैयारियां पूर्ण गंभीरता के साथ समय-सीमा में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप की जाय। सभी अधिकारी अपने कर्तव्य और दायित्वों का पूर्ण गंभीरता के साथ निर्वहन करें। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले समस्त बूथों का कम से कम तीन बार निरीक्षण करने को कहा। जिससे बूथो के क्रिटिकल्टी एवं वल्नरेबल्टी की वास्तविक स्थिति से अवगत हो सकें। इस दौरान उन्होंने समस्त बूथों पर मूलभूत व्यवस्थाएं एवं रूट चार्ट की भी जांच करने को कहा, जिससे समय रहते सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बूथों के निरीक्षण के दौरान मतदान प्रभावित करने वालों के साथ हीं मतदान प्रक्रिया से प्रभावित होने वालों के बारे में भी विस्तृत जानकारी एकत्रित करने को कहा। जिससे संबंधित लोगों के खिलाफ समय रहते आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा उन्होंने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए माननीय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को गहनता से अध्ययन करने को भी कहा, जिससे सफलतापूर्वक आगामी लोकसभा चुनाव को संपन्न कराया जा सके।बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर मौजूद रहे।

## ईसीआई के निर्देशों का पालन कर संपन्न कराएं त्रुटि रहित चुनाव : डीसी

संवाददाता



**धनबाद।** सभी पोलिंग पदाधिकारी मतदान के दिन चुनाव आयोग के निर्देश एवं एसओपी का पालन करते हुए त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराएंगे। प्रशिक्षण के दौरान बताई गई हर बात को ध्यानपूर्वक सुने। ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लें। 2 बैलेट यूनिट को कनेक्ट करने का प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। उपरोक्त निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने भुदा स्थित गुरु नानक कॉलेज में पोलिंग पदाधिकारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का निरीक्षण करने के क्रम में दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि 15 से अधिक उम्मीदवार होंगे तो 2 बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपीएटी को आपस में कनेक्ट करना तथा एक साथ 2 बैलेट यूनिट को कनेक्ट करने पर विशेष ध्यान देंगे। उपायुक्त ने प्रीसाइडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर 1, पोलिंग ऑफिसर 2, पोलिंग ऑफिसर 3 के दायित्व, मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम को सील करने सहित अन्य विषय पर दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, मुख्य प्रशिक्षक उमेश लाल, पुष्कर झा, अनिल महतो, राजेश सिन्हा, सियाराम राय आदि उपस्थित थे।

## यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा

संवाददाता

**धनबाद।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु समर स्पेगशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 08014/08013 राँची-भागलपुर-राँची समर स्पेशल बोकारो-धनबाद- मधुपुर-झाझा- किउल के रास्ते, 08014 राँची-भागलपुर समर स्पेशल 25.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरुवार को रांची से 23.25 बजे खुलकर शुक्रवार को 03.45 बजे धनबाद पहुंचेगी और यहां से 03.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं शुक्रवार को ही 12.00 बजे भागलपुर पहुंचेगी।

वापसी में 08013 भागलपुर-राँची समर स्पेशल 26.04.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को भागलपुर से 14.30 बजे खुलकर 22.55 बजे धनबाद को पहुंचेगी और यहाँ से 23.05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं शनिवार को 03.30 बजे रांची पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08624/08623 रांची समर स्पेशल बोकारो- गोमो- कोडरमा-गया- पटना के रास्ते 08624 रांची- इस्लामपुर समर स्पेशल 27.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को रांची से 08.20 बजे खुलकर 11.35 बजे गोमो पहुंचेगी और यहां से 11.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 12.50 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहां से 12.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं शनिवार को ही 19.10 बजे इस्लामपुर पहुंचेगी। वापसी में 08623 इस्लामपुर रांची समर स्पेशल 27.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को इस्लामपुर से 21.50 बजे खुलकर रविवार को 03.48 बजे कोडरमा को पहुंचेगी और यहां से 03.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान, 05.10 बजे गोमो को पहुंचेगी और यहाँ से 05.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं रविवार को ही 09.30 बजे रांची पहुंचेगी।

## तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार : संजू महतो

**धनबाद।** संजू महतो ने जोश भरते हुए चुनाव जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के लक्ष्य के साथ लोगों के बीच जाय और ढुलू महतो को विजयी बनाएं।वहीं पार्सद चंपा देवी पति गणेश महतो ने कहा कि ढुलू महतो ने बाघमारा विधान सभा से तीन बार विधायक बनकर निःस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की है। उनकी लोकप्रियता हीं जीत की गारंटी है। झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पुर्व में 1रुपए में महिलाओं के नाम पर जमीन रजिस्ट्री किया जाता था जो कि झारखंड सरकार ने बंद कर दिया है। गरीब परिवारों को ग्रीन कार्ड बनाया गया है जिसमें राशन नहीं के बराबर मिल रहा है। मौके पर सावित्री देवी, चुमकी देवी, संजू महतो, गोवर्धन मंडल, श्याम पदो महतो ,गणेश महतो, सुनीता उपाध्याय, चंपा देवी, वैजयंती देवी, पूनम मंडल, सोनिया देवी, आशा देवी, अंजना देवी, रेखा देवी ,चुन्नी देवी ,कांति देवी, मीना देवी, आरती देवी, मीना देवी, सुनैना देवी आदि शामिल हुए।

# मॉक पोल के बाद डाटा जरूर डीलिट करें : डीडीसी

संवाददाता



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल व त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।।उन्होंने सभी पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेने, मन में कोई भी संशय नहीं रखने और यदि कोई प्रश्न हो तो ट्रेनर से वातालाप करके उसका समाधान करने को कहा। साथ हीं समय पर मॉक पोल शुरू करने, मॉक पोल के बाद डाटा जरूर से डिलीट करने का निर्देश दिया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि शाम पांच बजे से पूर्व जितने भी मतदाता मतदान करने के लिए लाइन में खड़े रहेंगे उन्हें पीठासीन पदाधिकारी पर्ची निर्गत कर अवश्य मतदान करने देंगे।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने सभी प्रकार के फॉर्म भरने, चुनाव समाप्ति के उपरांत क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने, 2 बैलेट यूनिट कनेक्ट करने सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार वर्मा, दिलीप कुमार कर्ण, मदन मोहन महतो, महफूज, विनय रंजन तिवारी, संतोष कुमार, सुनील कुमार, अनवर हुसैन, नगेन्द्र कुमार सिंह, सुभाष, आलोक तिवारी आदि मौजूद थे।

## लोकतंत्र के महापर्व में बीएलओ उत्साहपूर्वक करें कर्तव्य का पालन : डीसीएलआर

संवाददाता




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में बाघमारा एवं झरिया विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने सभी बीएलओ से कहा कि वे लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों में महिला पुरुष तथा सीनियर सिटीजन व दिव्यांग मतदाताओं सहित तीन लाइन रहेगी। सीनियर सिटीजन व दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाओं को जल्दी मतदान करने के लिए सहायता करें। साथ हीं कहा कि मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान होम वोटिंग, मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण, चुनाव के दिन बीएलओ की ड्यूटी, बीएलओ के लिए ईडीसी से मतदान करने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

बाघमारा विधानसभा के प्रशिक्षण में डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एईआरओ सह बाघमारा की प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० सुषमा आनंद तथा झरिया विधानसभा के प्रशिक्षण में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू के साथ दोनों प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, कुलदीप, कुमार वंदन सहित बीएलओ, सुपरवाइजर मौजूद थे।

## बलियापुर बीडीओ ने आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 की निमित्त तैयारियों को लेकर की बैठक

संवाददाता



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार शनिवार को आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षक, तथा बीपीएम जेएसएलपीएस के साथ बैठक की गई। आगामी लोकसभा चुनाव हेतु दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्हीलचेयर, मतदान दिवस को मतदान केंद्रों की साफ सफाई तथा स्वीप कार्यक्रम के बारे में समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 195 मतदान केंद्र के लिए 99 भवन चिन्हित है जिसमें सभी में कम से कम एक-एक व्हीलचेयर अवश्य हीं उपलब्ध होना चाहिए। मतदान दिवस के दिन ऐसे दिव्यांग मतदाता जो स्वयं या परिवार के सदस्य के साथ मतदान केंद्र पर आने में असमर्थ हैं उन्हें छोटे वहां से मतदान केंद्रों पर लाने हेतु ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में यह भी जानकारी दिया गया कि मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कतार में व्यवस्थित करने, पानी पिलाने, साइनेज लगाने आदि की तैयारी के लिए बीएलओ को ?1000 दिया जा रहा है, इसका पर्यवेक्षण सही तरीके से करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मतदान केंद्र वाले सभी विद्यालयों के साफ सफाई तथा पोलिंग पार्टी के सदस्यों को भोजन आदि करने की व्यवस्था करने हेतु संबंधित माता समिति से समन्वय बनाए रखें। इसके अतिरिक्त प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा बीपीएम जेएसएलपीएस को स्वीप कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## बागजोबड़ा गांव में कुंज मिलन के साथ दो दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का हुआ समापन

**बलियापुर।** प्रत्येक वर्ष की तारा इस वर्ष भी बलियापुर प्रखंड के बाघजोबड़ा गांव में पिछले दो दिवसीय (सोलह पहर एचबी) अखंड हरि कीर्तन का आज कुंज मिलन के साथ समापन हो गया। यहां निरसा से आई कीर्तन गायिका अपर्णा मल्लिक ने श्री कृष्ण के विभिन्न लीलाओं को प्रसंगों और कथाओं के माध्यम से सुनाया और सभी श्रोताओं को बांधे रखा तथा उनके सुमधुर गीत और नृत्य से पूरे गांव और क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। अपर्णा मल्लिक के टीम में खोल वादक सपन गोराई, तुलसी मल्लिक, केसियो वादक अपूर्व मल्लिक तथा दोहारी में किशोर राय एवं मधुमिता मल्लिक ने भी गीत आकर्षक प्रस्तुति किए।

### लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता



**धनबाद ।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज तोपचांची प्रखंड में जेएसएलपीएस की महिला समूह की दीदियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान दीदियों ने 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की।

वही कुसुंडा क्षेत्र के प्रबंधन एवं कर्मियो द्वारा अपने क्षेत्रीय कार्यालय के आस पास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान सभी ने लोगों को जागरूक करते हुए लोगों से मतदान करने की अपील की।

स्वीप कार्यक्रम के तहत सेल, चासनाला में मतदाताओं को जागरूकता और चुनावी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में चासनाला अकादमी स्कूल में अंतर-स्कूल खेल टूनामेंट के दौरान बच्चों द्वारा नाटक प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फ्लोर गेम, शपथ ग्रहण आदि शामिल थे। लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र झरिया में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगह-जगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट, रंगोली , मेहंदी, फ्लोर गेम, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली गई। तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई। साथ हीं पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई।

## बीआईटी सिंदरी में इनोवेशन एक्सपो 2024 का आयोजन

संवाददाता



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में अंतिम वर्ष के छात्रों को उनकी परियोजनाएं प्रस्तुत करने के लिए इनोवेशन एक्सपो 2024 का आयोजन किया गया। इसे एलुमनी सेल और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल 6.0 द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें अंतिम वर्ष के छात्रों आठवें सेमेस्टर के प्रोजेक्ट कार्यों का मूल्यांकन किया गया। सभी विभागों के 30 परियोजना कार्यों को प्रारंभिक दौर के लिए चुना गया।

इस कार्यक्रम में बीआईटी सिंदरी के निदेशक प्रो० पंकज राय, डीन एलुमनाई अफेयर्स डॉ० प्रकाश कुमार, प्रशिक्षण व प्लेसमेंट अधिकारी प्रो० डॉ० घनश्याम सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और विभिन्न डीन तथा अलग अलग विभागों के प्रोफेसर उपस्थित थे। इस अवसर पर निदेशक ने नए कार्यों के लिए छात्रों को उत्प्रेरित किया। डीन, एलुमनी अफेयर्स, प्रकाश कुमार ने कहा कि नवीन शोध कार्य के लिए ईमानदार प्रयास तथा नए शोध कार्य के बारे में जानकारी जरूरी है।।छात्रों ने अपनी परियोजनाएँ प्रस्तुत करते समय बहुत उत्साह दिखाया। प्रत्येक परियोजना को उनके नवीनता, प्रेजेंटेशन स्किल, कार्य प्रणाली, व्यवहार्यता के आधार पर किया गया। शीर्ष तीन विजेताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में शीर्ष तीन छात्रों की टीमों को पुरस्कृत किया गया और अन्य को भागीदारी प्रमाण पत्र दिया गया।

## सुभाषितम्

**तलवार ही सब कुछ है, उसके बिना न मनुष्य अपनी रक्षा कर सकता है और न निर्बल की। - गुरु गोविंद सिंह**

## सिविल अधिकारियों पर चर्चा

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, "हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।" पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था।

राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, "समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।" उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है। चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवा को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी।

### चिंतन-मनन

## सबसे अच्छा सखा है ज्ञान

आत्मा ही आनन्द का स्वरूप है। किसी भी सुखद अनुभूति में तुम आंखे मूंद लेते हो। जैसे जब किसी फूल को सूंघते हो, कोई स्वादिष्ट खाना चखते हो या किसी वस्तु को स्पर्श करते हो। दुख का केवल यही अर्थ है कि तुम अपरिवर्तनशील आत्मा पर केन्द्रित होने के बदले विषयवस्तु में फंसे हो, जो परिवर्तनशील है। सभी इन्द्रियां केवल डाइविंग बोर्ड की भांति हैं जो तुम्हें वापस आत्मा तक पहुंचाती हैं। स-खा का अर्थ है वह ही इन्द्रिय है। सखा वह है जो तुम्हारी इन्द्रिय बन गया है, जो तुम्हारी इन्द्रिय ही है। यदि तुम मेरी इन्द्रिय हो, इसका मतलब तुम्हारे द्वारा मुझे ज्ञान मिलता है, तुम मेरी छठी इन्द्रिय हो। जैसे मैं अपने मन पर विश्वास करता हूं, वैसे ही मैं तुम पर विश्वास करता हूं। एक मित्र केवल इन्द्रिय-विषय हो सकता है, परन्तु सखा स्वयं इन्द्रिय बन जाता है। सखा वह साथ है जो सुख और दुःख, दोनों अनुभवों में साथ रहता है। सखा वह है जो तुम्हें आत्म स्थित करता है, यदि तुम किसी विषय वस्तु में फंसे हो। जो ज्ञान तुम्हें वापस आत्मा की ओर लाता है, वही सखा है। ज्ञान तुम्हारा साथी है और गुरु केवल ज्ञान के प्रतिरूप हैं। सखा का अर्थ है, वह मेरी इन्द्रियां हैं। मैं संसार को उसी ज्ञान के द्वारा, उनके माध्यम से देखता हूं। यदि तुम्हारी सोच देवी है, तो तुम समस्त संसार को दिव्य दृष्टि से देखोगे। कुछ वर्षो में तुम्हारा मस्तक मिट्टी में होगा, जीते जी तो अपना सर कीचड़ से मत भरो। मेरा पीछा न करो। वास्तव में तुम मेरा पीछा कर भी नहीं सकते, क्योंकि मैं तो तुम्हारे पीछे हूं, तुमको आगे ठेलने के लिए। तुम्हें सब-कुछ पीछे छोड़ देना है और आगे बढ़ना है। सब कुछ तुम्हारे सभी अनुभव, तुम्हारे नाते-रिश्ते-भूत काल के हिस्से हैं। सब-कुछ छोड़ दो। अपनी स्मृतियों के सम्पूर्ण संसार को पीछे छोड़ दो। मुझको भी। आगे बढ़ो और मुक्त हो जाओ। कुछ और खोजना बन्द करो- तब तुम मुक्त होगे और तुममें अनुकम्पा उभरेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं।
**वृष :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।
**मिथुन :** व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।
**कर्क :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा।
**सिंह :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।
**कन्या :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी।
**तुला :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।
**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।
**धनु :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।
**मकर :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।
**कुंभ :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।
**मीन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

# नेतृत्व के अभाव में तमिलनाडु में भाजपा कमजोर


आर.के. सिन्हा

भाजपा इस बार दक्षिण भारत की जंग में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए जी-जान लगा रही है। वह इस चुनावी जंग में अपने प्रतिद्वंदियों को किसी भी सूरत में कोई स्पेस देने के मूड में नहीं है। जिनको लगता है कि भाजपा का दक्षिण भारत में कोई वजूद ही नहीं है, वे घोर मुगालते में हैं। भाजपा इस बार इन राजनीतिक अल्प-ज्ञानियों को पूरी तरह से गलत साबित करना चाहती है। दक्षिण भारत के राज्य भाजपा के लिए अब तक कठिन चुनौती वाले प्रदेश रहे हैं, इसमें कोई दोराय नहीं है। लेकिन, अब परिस्थितियां बदली हैं। इस बार पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने का मन ही नहीं बनाया, बल्कि दृढ़ संकल्प किया हुआ है। वास्तव में 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के संबंध में दक्षिण की धारणा को पूरे समाज, मीडिया और समीक्षकों की राय बदलने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। भाजपा ने अपने दो बेहद तेजतर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को दक्षिण भारत में सघन चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। ये दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर कैंपेन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में ही देते हैं। जाहिर है, इस वजह से वे तुरंत स्थानीय जनता से संबंध स्थापित कर उन्हें प्रभावित करते हैं। योगी आदित्यनाथ को भी दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में प्रचार करना है।

योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने बीमारू उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि चुस्त-सख्त प्रशासन से गुंडे मवाली भाग खड़े होते हैं। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की भ्रांति पूर्ण धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा एक प्राचीन सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है।

बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ अपने गृह प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और बिहार में भी बड़ी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। वे जिधर भी जाते हैं वहां पर उनका अभूतपूर्व स्वागत होता है। इस बीच, तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है, जहां 87 फीसद से अधिक हिंदू आबादी है। यह उन राज्यों में एक है जहां राष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति अब तक काफी कमजोर रही है।

हां भाजपा कोयंबटूरऔर कन्याकुमारी में जरूर अच्छे वोट जुटाती रही है। तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई। इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई भाजपा नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

मोदी और शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन दे रहे हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। भाजपा को लगता है कि वह इस बार तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्र प्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं। कांग्रेस ने 2019 में दक्षिण से 28 लोकसभा सीटें जीतीं थीं। इसमें केरल में 15, तमिलनाडु में 8, तेलंगाना में तीन, कर्नाटक में एक और पुदुचेरी में एक, जबकि भाजपा ने कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में 4 सीटें जीती थीं।

तमिलनाडु में भाजपा का खाता नहीं खुला था जबकि उसका जे. जयललिता की पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) से गठबंधन था। केरल और आंध्र प्रदेश में भी हाल यही रहा। खास बात है कि दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा सीटें तमिलनाडु में ही हैं। मोदी- शाह के साथ भाजपा के चुनावी रणनीतिकार इस राज्य में ही खाता खोलने पर पूरा फोकस करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से भी तमिलनाडु का रिश्ता जोड़ा गया है और सफलतापूर्वक आयोजित की गई तमिल संगम इसकी बानगी है। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को बहुत सोच समझकर दक्षिण का किला फतेह करने का काम सौंप गया। इसी तरह से योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल को साधने के लिए भी भेजा जाएगा। योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में उत्तर प्रदेश जिस तरह से निजी क्षेत्र का निवेश हासिल कर रहा है, उसका संदेश दूर तक जा रहा है। कोरोना काल के बाद जब निवेशक बहुत सोच-समझकर और फूंक-फूंककर निवेश कर रहे हैं, तब उत्तर प्रदेश में 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश का वादा हो चुका है। पिछले कुछ समय पहले लखनऊ में हुए एक निवेशक सम्मेलन में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। उत्तर प्रदेश अपनी छवि तेजी से बदलता जा रहा है। इसे दक्षिण भारत की जनता भी देख रही है। यह ही स्थिति प्रमोद सावंत की है। वे भाजपा के सबसे कुशल मुख्यमंत्रियों के रूप में उभरे हैं। भाजपा तमिलनाडु में द्रमुक और अपेक्षाकृत कमजोर अन्नाद्रमुक जैसे स्थापित दलों से मुकाबला कर रही है।

# 'ड्रीम-11' में फंसकर वित्तीय जोखिम उठाते दर्शक?


डॉ. रमेश ठाकुर

आईपीएल कमाई के लिहाज से ऐसा 'छप्परफाड़ धन वर्षा' वाला खेल हो गया है, जहां चारों ओर से पैसा बरसता है। वर्किंग क्रिकेटरों से लेकर पूर्व क्रिकेटर, इवेंट आयोजक, बीसीसीआई, टीवी चैनल्स, स्टेडिएम प्रबंधक और क्रिकेट से जुड़े स्टॉफ और स्पोर्ट्स कंपनियां मालामाल हो रही हैं। इस खेल में पैसा कमाने का अब एक और नया अध्याय जुड़ गया है, जिसका नाम है-ड्रीम-11 क्विज। जो इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 17वें संस्करण में खूब चर्चा में हैं। युवाओं में आईपीएल देखने की दीवानगी से कहीं ज्यादा इस क्विज को खेलने में रुचि बढ़ी है। इसे मॉर्डन जमाने का जुआ भी कहें, तो शायद गलत नहीं होगा? इस क्विज को खेलने की युवाओं में ऐसी लत लग गई है जिसमें वह लगातार वित्तीय जोखिम उठा रहे हैं। इसके चक्कर में लोग कर्जदार हो रहे हैं और पैसों के चलते आपसी रिश्ते भी बिगड़ रहे हैं। कुछ दिन पहले की ही खबर है, जहां गाजीपुर जिले के दर्जनों स्कूली बच्चों ने ड्रीम-11 को खेलने के लिए अपने घरों से मोबाइल फोन चुराए और पैसे उसमें लुटा दिए। ऐसा ही एक मामला देहरादून से सामने आया, जहां ड्रीम-11 खेलने के चक्कर में पति-पत्नी के बीच जमकर मारपीट हो गई और मामला थाने तक पहुंच गया। ऐसे मामले देशभर से बहुत तेजी से सामने आ रहे हैं। धंधे-मुनाफे की बात करें तो कोरोनाकाल-2020 में 181 करोड़ और 2021 में 329 करोड़ रुपये की कमाई हुई। 2022 में 141.86 करोड़ और 2023 में 188 करोड़ रुपये कंपनी ने इस चमत्कारी क्विज से कमाए। ये ऐसा लालची खेल है जिसे अच्छे से पता है कि चुंगल में सबसे पहले कौन फंसेगा। मैच के दौरान ये ड्रीम-11 खेल युवाओं को 39 रुपये से लेकर 59 रुपये में करोड़पति बनने का दावा करता है। लालच में आकर युवा मैच देखने के बजाय खेल के नियामानुसार ऑनलाइन निर्धारित धन राशि देकर ड्रीम इलेवन में अपनी टीमें बनाते हैं। ये खेल कम उम्र के युवाओं के मस्तिष्क में घर कर गया है जिससे वो मानसिक बीमार भी बनते जा रहे हैं। खेल के चक्कर में देश के अनगिनत लोग कंकाल भी होते जा रहे हैं।

टीनएजर्स में इसकी ज्यादा लत है। अब तो इस खेल में युवाओं के अलावा बुद्धिजीवी वर्ग भी खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। वो भी पैसे लगाकर बर्बाद हैं। लोगों में करोड़पति बनने का लालच ऐसा सवार है कि एक नहीं, बल्कि कई टीमें बनाकर अपने पैसे बेकार कर रहे हैं। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि 'माई टीम-11' और 'ड्रीम-11' दोनों भारतीय फैंटेसी स्पोर्ट्स मार्केट की प्रमुख कंपनियां हैं। दोनों प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को पुरस्कार के रूप में वास्तविक नकद की पेशकश करके ऑनलाइन क्रिकेट खेलने का लालच देती हैं और अपनी ओर आकर्षित करके उन्हें लुभाते हैं। अगर कायदे से देखें तो सिर्फ ठगी के सिवाए और कुछ नहीं हैं इन क्विज में गौरतलब है, ड्रीम-11 क्विज अपने शुरूआत से ही विवादों में है। इससे संबंधित कई अप्रिय घटनाएं भी घटीं। 2017 में एक याचिका इस पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई थी। कोर्ट ने माना था कि ड्रीम-11 खेलने के लिए खेल से जुड़ी स्किल, ज्ञान और खेलने वाले पर निर्भर करता है कि वो खेले या नहीं? कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया था।


उसके बाद रास्ता साफ हो गया। अब स्थिति ये है, ड्रीम-11क्विज युवाओं को करोड़ों की लालच देकर बेतहाशा धन कमाने पर उतर गई है। क्विज का प्रचार इस वक्त आईपीएल से कहीं ज्यादा है। न्यूज चैनल हों या मनोरंजन के अन्य संसाधन, सबमें इसका प्रचार दिखाई पड़ता है। बड़े से बड़ा खिलाड़ी-अभिनेता ड्रीम-11 का विज्ञापन कर रहा है। इसलिए युवाओं में करोड़पति बनने का कीड़ा और तेजी से काटने लगा है। हालांकि, विज्ञापन कें अंत में बकायदा बताया भी जाता है कि ह्यखेल में वित्तीय जोखिम है, इसकी लत लग सकती है। बावजूद, इसके ये आफत दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रही है। मजे की बात तो ये भी है, ड्रीम-11 को खुलेआम बढ़ावा दिया जा रहा है और वित्तीय जोखिम भी बताते हैं। प्रत्यक्ष रूप से देखें तो इसमें सीधे-सीधे पैसों की बबार्दी के सिवाए कुछ और नहीं? ऐसे खेलों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित लगना ही चाहिए।

क्विज 'ड्रीम-11' के संस्थापक भावित सेठ और हर्ष जैन हैं। अनुमान के मुताबिक आईपीएल के अभी तक के संस्करणों में कंपनी इस क्विज के जरिए 6284 करोड़ रुपये की भारी भरकम धनराशि कमा चुकी है। अनुमान है मौजूदा आईपीएल-2024 कमाई में पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा। क्विज की विश्वसनीयता बनी रहे इसलिए विजेताओं के नाम पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगूली से लेकर कई नामचीन खिलाड़ी करते हैं, इससे युवाओं में और उत्सुकता बढ़ती है। सोचते हैं वो जीत सकते हैं तो हम क्यों नहीं? खेल को खेलने और करोड़पति बनने की होड़ ने युवाओं को मानसिक बीमार तक बना डाला है। कुल मिलाकर ये खेल भी एक तरह से लोगों को मूर्ख बनाकर आसान तरीके से धन कमाने वाला चोखा धंधा ही है। इस तरह के कई और भी ऐप गूगल के 'प्ले स्टोर' में हैं जो सिर्फ पैसे कमाने के लिए ही लांच होते हैं। फर्क बस इतना है कि कोई इनका असली राज जान जाता है और कोई न-समझ के चक्कर में बर्बाद हो जाता है। हालांकि, समाज का एक वर्ग 'ड्रीम-11 क्विज' को आधुनिक जुआ ही मानकर चल रहा है। क्योंकि इसका उदय बहुत सोच समझकर किया गया।

इसकी आड़ में कंपनियां, टीवी चैनल्स व अन्य लोग रातोंरात करोड़ो अरबों की लूट मचा रही हैं। क्विज का प्रचार इस कदर है कि टीवी पर हर तीसरा विज्ञापन ड्रीम-11 का दिखाई देता है। चाहकर भी युवा दूरी नहीं बना पा रहें। ये ऐसा ऐप है जिसे खेलने वाले को मैच से पूर्व अपनी टीम को बनानी होती है। मैदान में आईपीएल मैच खेलने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों में से अपने पसंद के खिलाड़ी चुनने होते हैं और फिर पॉइंटस के आधार पर उन्हें पैसे दिए जाते हैं। वैसे, देखा जाए तो ड्रीम-11 ऐप की शुरूआत वर्ष 2016 में हुई थी, लेकिन प्रचलन अब जाकर तेज हुआ है।

ये क्विज एक ऑनलाइन फैंटेसी गेमिंग यूनिकॉर्न कंपनी है जिसका मुख्यालय मुंबई में है जो न सिर्फ क्रिकेट में, बल्कि फुटबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल जैसे खेलों में भी सक्रिय है। इसको खेलने के लिए धनराशि लगानी होती है। उसके बाद अगर आपके चुने खिलाड़ी लाइव मैच के दौरान अच्छा खेलते हैं, तो आपको पॉइंट्स मिलेंगे। दावा किया जाता है कि मैच समाप्ति के बाद जिस टीम के सर्वोच्च पॉइंट होते हैं उसे इनाम दिया जाता है।

# नक्सलवाद के समर्थक हैं भूपेश बघेल?


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

छत्तीसगढ़ में नक्सली चुन-चुन कर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं और कांग्रेस, नक्सलियों के खिलाफ की जा रही शासन की कार्रवाई को फर्जी करार दे रही है। एक नजर देखा जाए तो पिछले पांच साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रहते भूपेश बघेल का सीएम कार्यकाल नक्सलियों के लिए बहुत मुफीद रहा है। जब से सत्ता बदली है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वापसी की है, यहां नक्सलियों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने तक के लिए भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण पूरे नक्सल खेमे में बेचैनी है। दूसरी ओर आज भी कांग्रेस और उसके भूपेश बघेल जैसे नेता हैं जोकि नक्सल खात्मे के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर ही सवाल उठा रहे हैं। हालांकि एक बयान मे तो भूपेश बघेल को पलटते हुए भी देखा गया, किंतु सवाल यह है कि यह नक्सलियों के समर्थन की सोच, फर्जी मुठभेड़ के दावे, जो जवान वीरगति को प्राप्त हुए और अन्य कई अब भी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं, उनके प्रति संवेदनहीनता की पराकाष्ठा से भी परे नकारात्मक भावना कांग्रेस के नेता अपने अंदर किस विचारधारा से प्रेरित होकर लाते हैं? पहले 'जन घोषणा पत्र' के जरिए नक्सलवाद समाप्त करने का वादा, फिर पीछे हटेः दरअसल, यह कहने और पूछे जाने के पीछे कई ठोस प्रमाण मौजूद हैं । असल में 2018 में छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने 'जन घोषणा पत्र' जारी किया था, उसे 2013 में झीरम घाटी में माओवादी हमले में मारे गए कांग्रेस नेताओं को समर्पित किया गया था। इसमें कहा गया था कि यदि छ.ग. में कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह पूरी तरह से नक्सलवाद को प्रदेश में समाप्त कर देगी। घोषणा पत्र के क्रमांक 22 पर लिखा गया, नक्सल समस्या के समाधान के लिए नीति तैयार की जाएगी और वार्ता शुरू करने के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास किए जाएंगे। प्रत्येक नक्सल प्रभावित पंचायत को सामुदायिक विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये दिए जायेंगे, जिससे कि विकास के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

संयोग देखिए, कांग्रेस को राज्य में भारी बहुमत मिला। यहां भूपेश बघेल ने 17 दिसंबर की जिस शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसी रात जन घोषणा पत्र की प्रति राज्य के मुख्य सचिव को सौंपी गई और इसी दिन भूपेश बघेल ने मंत्री परिषद की पहली बैठक भी बुलाई। बैठक में लिए गए तीन फैसलों में से एक निर्णय 'झीरम घाटी कांड' की एसआईटी जांच कराए जाने पर लिया गया था। यह एक महत्व का तथ्य है कि बस्तर की झीरम घाटी में 25 मई 2013 को भारत में किसी राजनीतिक दल पर नक्सली माओवादियों के इस सबसे बड़े हमले में राज्य में कांग्रेस की पहली पंक्ति के अधिकांश बड़े नेताओं समेत 32 लोग मारे गए थे।

झीरम घाटी कांड भूले से नहीं भूलताः एक तरह से देखा जाए तो कांग्रेस के वह सभी कद्दावर नेता एक बार में ही नक्सलियों द्वारा मार दिए गए, जोकि भविष्य में राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य कई बड़े पदों के दावेदार होते । मसलन, तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल उनके बेटे दिनेश पटेल, विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर कहलाने वाले महेंद्र कर्मा कवासी लखमा, मलकीत सिंह गैदू, योगेंद्र शर्मा और उदय मुदलियार के नाम प्रमुखता से लिए जा सकते हैं। इस नक्सली हमले की भयानकता कितनी अधिक थी, वह इस पूरी घटना से समझ आता है, जब 200 कांग्रेसियों का काफिला सुकमा से जगदलपुर जा रहा था तभी झीरम घाटी से गुजरते वक्त उसका नक्सलियों ने पेड़ गिराकर रास्ता रोक दिया। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही पेड़ों के पीछे छिपे नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे तक गोलियां चलती रहीं। इसके बाद नक्सलियों ने एक-एक गाड़ी को चेक किया। जिन लोगों की सांसें चल रहीं थीं, उन्हें फिर से गोली मारी गई। कुछ जिंदा लोगों को बंधक बनाया गया। नक्सलियों ने बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को करीब 100 गोलियां मारीं और चाकू से उनका शरीर पूरी तरह छलनी कर दिया। नक्सलियों ने उनके शव पर चढ़कर डांस भी किया था।

यहां सवाल यह है कि कि पांच साल कांग्रेस की सरकार सत्ता में रह कर गई, लेकिन झीरम घाटी मामले में जमीन पर हुआ कुछ नहीं? जिस झीरम कांड को कांग्रेस छत्तीसगढ़ में अपने लिए सबसे बड़ा हमला करार देती नहीं थकती है, क्या उसकी यह जिम्मेदारी नहीं थी कि वह सत्ता में आने के बाद इस काण्ड के सभी गुनहगार नक्सलियों को सजा दे और अपने राज्य से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंके। लेकिन सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस की 'भूपेश सरकार' ने ऐसा कुछ नहीं किया। बघेल मुख्यमंत्री रहते हुए खुद ही संविधानिक व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करते रहेः कांग्रेस के तमाम नेता और स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूरे पांच साल तक सत्ता का सुख भोगते रहे।

## दैनिक पंचांग

**21 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.55 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 08.53 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | कर्क | 11.07 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.23 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.35 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.46 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 20.00 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.16 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.21 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 02.08 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मीन | 03.41 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 05.11 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 112 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 01.12 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 17.08 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 03.44 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** कौलव 11.59 बजे तदनन्तर तैतिल 01.12 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 11°57'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871956
**जूलियन दिन** 2460421.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 11
**विशेष** प्रदोष व्रत, महावीर स्वामी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी त्रिपाठी को जीत दिलाने का लिया संकल्प

संवाददाता

**नीलांबर/पीतांबर/पलामू।** इंडिया गठबंधन के नीलांबर पितांबरपुर के सभी प्रखंड अध्यक्षों ने एक बैठक किया, जिसकी अध्यक्षता तारकेश्वर पासवान ने किया तथा संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम ने किया। बैठक में चतरा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी को विजय दिलाने के लिए सभी ने एक स्वर में हुंकार भर कर कहा महागठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी को अपार मतों से विजय दिलाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले नीलांबर पितांबरपुर व सतबरवा के सचिव कमेश सिंह चेरो ने कहा कि हम सभी यह



संकल्प लें कि जी तोड़ मेहनत कर गठबंधन के प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी को जीता कर सदन में भेजने का कार्य करें, ताकि गरीबी, बेरोजगारी, किसानों व नौजवानों की समस्याओं को जड़ से उखाड़ फेंका जाय। क्योंकि आज हर वर्ग इन बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में आई है, अतः इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा।

इसी क्रम आम आदमी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष द्वारका साहू ने कहा कि यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है, यह चुनाव देश, संविधान,व लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि आज जो बेरोजगार नौजवान काम के लिए सड़कों पर मारा मारा फिर रहे है,

> उचित कीमत की व्यवस्था व गरीबी को दूर करने की व्यवस्था तथा मातृशक्ति को सशक्त करने का कार्य इंडिया गठबंधन की सरकार में सम्भव है

उनके लिए रोजगार की व्यवस्था, महंगाई पर नियंत्रण, किसानों को उनके फसल की उचित कीमत की व्यवस्था व गरीबी को दूर करने की व्यवस्था तथा मातृशक्ति को सशक्त करने का कार्य इंडिया गठबंधन की सरकार में सम्भव है। वही कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नवलेश मेहता आदि नेताओं ने चतरा से किसी भी सूरत में भाजपा को नहीं जितने देने का बातें कही। बैठक में कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव सुधीर सिंह ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का नाम लेने वाला कोई नहीं है। भाजपा के सांसद 10 वर्षों से यहां के लोगों को ठगने के काम किया है यहां तक की देश के प्रधानमंत्री भी मंडल डेम का शिलान्यास कर लोगों को ठगने का काम किया है। बैठक में मुख्य रूप से परमदेव, कांग्रेसी नेता तारकेश्वर, हिदायतुल्ला, सूर्यदेव, कुलदीप, मोहम्मद सुकुर, अनिल, शंभू, देवन, शिवनाथ के अलावा दर्जनों इंडिया गठबंधन के लोग शामिल थे।

# बिजली विभाग हरिहरगंज वासियों के साथ कर रहा सौतेला व्यवहार : राजीव

संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड में लचर विद्युत आपूर्ति को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन द्वारा शनिवार को प्रखंड परिसर स्थित बिजली पावर सब स्टेशन में कार्यकताओं के साथ पहुंचकर विद्युत कर्मियों से बात कर लचर विद्युत व्यवस्था पर नाराजगी जताई। जानकारी देते हुए श्री रंजन कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड क्षेत्र में लचर विद्युत व्यवस्था से विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं।

विभाग की लापरवाही के कारण हरिहरगंज बिजली पावर सबस्टेशन को नहीं के बराबर



बिजली आपूर्ति की जाती है। महीनो से हरिहरगंज पावर सबस्टेशन को मात्र 1- 2 घंटा ही बिजली आपूर्ति की जाती है। विभाग द्वारा हरिहरगंज बिजली उपभोक्ताओं से सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहां की बगल के प्रखंड तथा क्रेशर प्लांट को 20- 22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। बताया कि जल्द ही बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो विद्युत विभाग के खिलाफ चरण बद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करने की बात कही।

हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड को 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने, बिजली पोल एवं जर्जर तार को अभिलंब बदली करने, हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड क्षेत्रों के प्रत्येक गांवों में बिजली आपूर्ति करने की मांग की है। मौके पर विश्वदीप कुमार, गोपाल प्रसाद साव,संजय प्रसाद जयसवाल, अरविंद कुमार मेहता, शशि कुमार, घुटूर सिंह सहित कई बिजली उपभोक्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### मैट्रिक की परीक्षा में हरिहरगंज के दो छात्राएं जिला टॉप टेन में शामिल



**हरिहरगंज (पलामू)।** जैक द्वारा घोषित मैट्रिक की परीक्षा में हरिहरगंज बालिका उच्च विद्यालय की दो छात्राएं जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। इनमें न्यू बस स्टैंड निवासी सुनील कुमार की पुत्री तृषा कुमारी 94.4 प्रतिशत 472 अंक प्राप्त कर सातवां तथा शहरी क्षेत्र के सियरभूंका मुहल्ला निवासी मनोज मेहता की पुत्री सुहानी कुमारी 94.2 प्रतिशत 471अंक लाकर आठवां स्थान प्राप्त की है। तृषा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकों को दी है। तृषा कुमारी एनडीए की तैयारी कर रक्षा सेवा में जाना चाहती है। वहीं सुहानी कुमारी नीट परीक्षा में सफलता पाने का लक्ष्य रखी है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा इन्नोवेटिव और स्मार्ट क्लासेस के शिक्षकों को दी है। दोनों छात्राओं की सफलता पर बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### संप्रेक्षण गृह के चार किशोरों ने पास की मैट्रिक परीक्षा

**पलामू।** झारखंड अधिविध परिषद ने शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया। पलामू के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में सफल हुए। पलामू संप्रेक्षण गृह में रहकर परीक्षा देने वाले चार किशोर ने भी मैट्रिक की परीक्षा पास की। चार में से दो गढ़वा जिले एवं दो पलामू के किशोर शामिल हैं। इनमें से पलामू के दो किशोरों ने क्रमशः 72.08 एवं 60 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गढ़वा के दो किशोरों को द्वितीय स्थान मिला।हत्या और दुष्कर्म मामले में चारों किशोर को संप्रेक्षण गृह लाए गए थे। अलग अलग स्कूल से जुड़े होने के कारण मैट्रिक परीक्षा को देखते हुए उनकी तैयारी करायी गयी। डिजिटल क्लाश के अलावा संप्रेक्षण गृह के लिए नियुक्त शिक्षक ने सभी चारों किशोरों की बेहतर तैयारी करायी। उचित मार्गदर्शन और ध्यानपूर्वक पढाई करने के कारण चारों को सफलता मिली। फिलहाल दो किशोर जमानत पर बाहर हैं। यह जानकारी संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक ने दी।

### झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

**मेदिनीनगर।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन दिनांक 21 अप्रैल को मेदनीनगर अनुमण्डल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तकसंचालित की जायेगी।परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा।

### छत से गिर कर 50 वर्षीय व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मंझौली गांव निवासी नकु यादव उम्र 50 वर्ष अपने छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया की शुक्रवार की रात गर्मी के कारण नकु यादव अपने छत पर सोए हुवे थे। आधी रात में उठकर वह छत से नीचे जा रहे थे। तभी छत से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी नकु यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### बाइक से गिर कर 40 वर्षीय महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला निवासी अनिल प्रसाद की पत्नी गुड़िया देवी उम्र 40 वर्ष शनिवार की सुबह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो है। घायल के पति अनिल प्रसाद ने बताया की शुक्रवार की सुबह दोनों पति पत्नी बाइक पर सवार होकर पांकी अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में पोखराहा गांव के पास बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच कर अपने देख देखरेख में घायल गुड़िया देवी का इलाज करवा रहे है।

## पलामू में चुनाव तैयारी पर डीआईजी की समीक्षा बैठक

# पलामू राजनीतिक के साथ नक्सल हिंसा के लिए चुनौतीपूर्ण: डीआईजी

- नेटवर्क , सुरक्षा पर जोर
- एसओपी का अनुपालन हर हाल में करना है



संवाददाता

**पलामू।** पलामू लोकसभा सीट पर निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी की जा रही है। इसी कड़ी में पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बूथों पर कम्युनिकेशन की सुविधा, जहां नेटवर्क काम नहीं करता है, उन बूथों पर चिन्हित किया गया। कुछ बूथ रिलोकेट किए गए हैं, वहां काम चल रहा है। गर्मी को देखते हुए वोटर, मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मियों को सुविधा पहुंचे, इसके लिए जरूर पहल करने का निर्णय लिया गया। चुनाव कराने के लिए अगले सप्ताह से फोर्स का आना शुरू हो जायेगा। उन्हें ठहराने आदि पर भी चर्चा की गयी।

डीआईजी ने कहा कि चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी है। एसओपी का अनुपालन हर हाल में करना है। पलामू राजनीतिक के साथ-साथ नक्सल हिंसा के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इसी हिसाब से सुरक्षा का प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए कई स्तरों पर तैयारी की गयी है। लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करना है। कई अपराधी जिलाबदर किए गए हैं। चुनाव में बड़े स्टार प्रचारक आते हैं और ठहरते हैं, उसके लिए किस तरह प्रबंध करना है, इस पर भी चर्चा की गयी।

सोशल मीडिया, नक्सल ऑपरेशन पर क्या कुछ किया गया, इसकी भी समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी मौजूद थे।

# टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में सीआरपीएफ हवलदार की मौत




संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड पर शनिवार को टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में टेंपो पर सवार सीआरपीएफ के हवलदार राम भुवन सिंह यादव (44) की मौत हो गई। मृतक राम भुवन सिंह यादव उत्तर प्रदेश के मऊ के रहने वाले थे। वर्तमान में लातेहार जिला मुख्यालय में स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार शनिवार को राम भुवन सिंह यादव छुट्टी लेकर घर जाने के लिए कैंप से निकले थे। वे ऑटो पर सवार होकर लातेहार रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ऑटो और एक ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। ट्रैक्टर पर गेहूं काटने वाली मशीन रखी हुई थी। टक्कर के दौरान मशीन का नुकीला हिस्सा टेंपो पर बैठे सीआरपीएफ के हवलदार के गर्दन में जा घुसी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी।इसके बाद एसपी अंजनी अंजन, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार समेत पुलिस के अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# पलामू लोकसभा सीट पर तीसरे दिन नहीं हुआ कोई नामांकन, मात्र एक फार्म बिका

संवाददाता

**पलामू।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को पलामू लोकसभा सीट से एक भी नामांकन नहीं हुआ। मात्र एक फार्म की बिक्री हुई। एसयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा ने नामजदगी के पर्चे खरीदे। तीसरे दिन भी नामांकन का पर्चा लेने के लिए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन कार्यालय में मौजूद रहे लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नॉमिनेशन नहीं किया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार से नामांकन शुरू है। पिछले तीन दिनों के दौरान सात नामांकन पत्र बिके हैं। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा।



इसे लेकर समाहरणालय और आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में महिला-पुरुष सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाए हुए हैं।

नामांकन जांच यानी स्क्रुटनी 26 अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। काउंटिंग की तिथि चार जून निश्चित है। 13 मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा।

पांचवें चरण का मतदान 20 मई को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा। पलामू संसदीय सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं जबकि चतरा के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं। मतदाताओं की बात करें तो इस बार के चुनाव में पलामू में 17 लाख 1327 मतदाता हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 08 लाख 20429 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 08 लाख 80 हजार 877 है।

# सादगी से मनी बाबूजी की पुण्यतिथि

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर स्थित किन्नी, कुंवर पिरथी नाथ सिंह बीएड महाविद्यालय में स्वर्गीय कुंवर गिरवर सिंह के तृतीय पुण्य तिथि सादगी से मनाई गई। संस्थान के अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह व सचिव अमिता कुमारी सहित सभी महाविद्यालय कर्मियों द्वारा बारी-बारी पुष्प अर्पित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष श्री श्याम किशोर सिंह ने कहा कि बाबु जी हमलोगों के बीच नहीं हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व आज भी हमारे साथ है। इनके नाम पर कुंवर गिरवर सिंह महाविद्यालय का स्थापना का कार्य प्रगति पर है। जहां विभिन्न कोर्स का संचालन किया जाएगा स्मरणीय हो कि इनकी पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में शनिवार के ही दिन 20 अप्रैल 2022 को श्री गिरवर सिंह सेवा संस्थान का स्थापना किया गया



था। जो सिर्फ सेवा का कार्य कर रहा है। शुक्रवार 20 अप्रैल को तृतीय पुण्यतिथि पर आमजन के बीच अंग वस्त्र का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में नन्द बिहारी सिंह, शत्रुध्न सिंह, उत्कर्ष सिंह, प्रहर्ष सिंह, अजय द्विवेदी, प्राध्यापक नंदलाल विश्वकर्मा, अजय कुमार, चन्दन कुमार गुप्ता, महानन्द महतो, संतोष चंद्रवंशी, संजीव कुमार, विक्रम देव, अवधेश प्रसाद, विकास विश्वकर्मा, विजय कुमार, अर्चना पांडेय, रेशमा विश्वकर्मा, प्रिया पांडेय सहित महाविद्यालय के छात्र एवं छात्रा उपस्थित थे।

### एसपी के आदेश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देश पर शहर के छह मुहान चौक के पास शुक्रवार की रात ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया वाहन चालकों को पकड़ कर उनके कागजात की गहनता पूर्वक जांच की गयी। जांच के उपरांत जिन वाहन का कागजात सही नहीं पाया गया उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा दिया गया है। वही वाहन चेकिंग कर रहे ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते नजर आ रहे है बिना कागजात और हेलमेट के वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ भी दिया जाता था।ताकि लोग अगले बार से हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे।

# पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा का राजद से इस्तीफा, बसपा में शामिल

संवाददाता

**पलामू।** लोकसभा आम चुनाव को लेकर टिकट की आस में दल बदलने का सिलसिला तेज है। नेता टिकट पाने के लिए पुरानी पार्टी को छोड़कर नयी की सदस्यता ले रहे हैं। कुछ इसी तरह का काम पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने किया है। लंबे समय तक राजद में रहने के बाद टिकट नहीं मिलने पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पलामू लोकसभा सीट से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। शनिवार को मेदिनीनगर में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने रादज से इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया। यहां बता दें कि कामेश्वर बैठा अपने समय के बड़े माओवादी कमांडर रहे हैं। वे देश के पहले नेता हैं जो माओवाद से निकलकर सांसद बने। 2009 में कामेश्वर बैठा झारखंड मुक्ति



मोर्चा के टिकट पर पलामू से सांसद चुने गये। हालांकि, बाद में वे राजद में शामिल हो गए।

कामेश्वर बैठा ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा दे दिया है और बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ले ली है। वह पलामू लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी और इंडिया गठबंधन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और दोनों आरएसएस से निकले हैं।

उन्होंने कहा कि अगर कोई अकेला सांसद या विधायक है तो वह कभी भी पार्टी बदल सकता है। झारखंड में राजद का एक ही उम्मीदवार है, कुछ भी हो सकता है। कामेश्वर बैठा ने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है और वे शुरू से ही संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। कामेश्वर बैठा ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने शुरू से ही प्रयास किया है। कामेश्वर बैठा 2007, 2009 और 2014 में पलामू लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 को चुनाव उन्होंने नहीं लड़ा था।

# आग की रोकथाम के लिए चला जागरूकता अभियान



संवाददाता

**हुसैनाबाद/ पलामू।** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा के बारे में बच्चो को जागरूक करने के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। इस मौके पर अग्निशमन पदाधिकारी रामायंश सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है तथा आग रोकथाम पर ध्यान देना है। इसके तहत लोगों को अग्निशमन और बचाव के तरीके तथा फायर सेफ्टी के बारे में जानकारी दी गई, उन्होंने बताया कि गर्मी में अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अग्निशमन के पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान चालक रामायंश सिंह, मोहन चौधरी, चुरमन महतो, आदि शामिल थे। मौके पर विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ,अध्यक्ष विनोद चौधरी ,सचिव संतोष मिश्रा, किरण देवी ,अंजली सिंह ,सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, दशरथ कुमार ,कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी ,शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद ,पंकज ओझा सहित सैकड़ों बच्चे थे।

## एक नजर

### नहर में अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के पास खनन विभाग के अधिकारियों ने नहर में अवैध रूप से खनन करने के मामले में दो ट्रैक्टर को जब्त किया है।खनन विभाग के अधिकारी मो.अरमान ने छापेमारी कर कार्रवाई करते हुए दोनों जब्त ट्रैक्टर को फारबिसगंज थाना लाया। जहां दोनों गाड़ी से 53 हजार रुपये की जुमार्ने की राशि वसूली गई। मौके पर जानकारी देते हुए खनन विभाग के अधिकारी मो.अरमान ने जानकारी देते हुए बताया फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र से बार-बार शिकायत मिल रही थी कि नहर में पानी सूख जाने या पानी की धारा को रोक कर अवैध रूप से मिट्टी का खनन कार्य किया जाता है, जिसके आलोक में शनिवार को छापेमारी कर दोनों ट्रैक्टर को अवैध खनन करते पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि दोनों ट्रैक्टर के वाहन मालिक से 53 हजार रुपये की जुमार्ने की राशि वसूली गई। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि नदी और नहर से अवध खनन करने वाले खनन माफियाओं के खिलाफ लगातार छापेमारी और कार्रवाई की जाएगी।

### 7 करोड़ की चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** पड़ोसी देश नेपाल से सात करोड़ अंतराष्ट्रीय मूल्य की चरस लेकर बेतिया पहुंचे तीन तस्करों को बेतिया नगर पुलिस की टीम ने सुप्रिया रोड व बस स्टैंड में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी शुक्रवार की देर शाम की गयी है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि पुलिस टीम ने दो जगहों पर छापेमारी कर 35.766 किलो चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में इनरवा थाना के इनरवा बाजार निवासी फैयाज मियां (45), सिरिसिया थाना के भीखमपुर निवासी संजय पटेल (38) तथा सहोदरा थाना के बैरिया बाजड़ा निवासी सुरेश यादव (38) शाामिल है। इनके पास से तीन बाइक व दो मोबाइल बरामद हुए है। एफआईआर दर्ज कर तीनों को न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। एसपी को गुप्त सूचना मिली कि सुप्रिया रोड में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले इकट्ठा हुए है। सूचना के आधार पर एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित किया। टीम ने सुप्रिया रोड में छापेमारी कर फैयाज मियां व संजय पटेल को गिरफ्तार किया।

### चोरी गई पुलिस का एसएलआर एवं गोली बरामद

**नवादा।** पुलिस ने नवादा जिले के पकरीबरमा थाने के राजाबीघा प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र संख्या 234 पर से पुलिस की चोरी गई सेल्फ लोडिंग राइफल तथा 30 कारतूस शनिवार को पुलिस ने बरामद कर ली है । नवादा के एसपी कार्तिकेय शर्मा ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर आज बताया कि पकरीबरावां के थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जिनके नेतृत्व में चोरी किए गए राइफल तथा कारतूस को ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद राजेबीघा गांव के ही एक झाड़ी से बरामद कर लिया गया है । सच्चाई है कि गांव में एक बारात आई थी ।उसी में से बारात वालों ने ही राइफल चुरा लिया था लेकिन किसने चुराया यह किसी ने नहीं देखा था। थाना प्रभारी अजय कुमार ने दूल्हा के साथ ही बारात वालों को भी अपने कब्जे में लेकर पूछताछ की। उन्होंने कहा कि जो भी राइफल लिए हैं वह निश्चित तौर पर पुलिस को हवाले कर दें। उन्हीं के इस दबाव से चोरी किए गए राइफल तथा कारतूस को चोरी करने वाले ने एक झाड़ी में छुपा कर रख दिया,जहां से पुलिस ने बरामद कर लिया है। अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।एसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि थाना प्रभारी अजय कुमार के साथ ही राइफल बरामदगी में शामिल सभी पुलिस वालों को पुरस्कृत किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि यह नवादा पुलिस की एक बड़ी सफलता है, जो थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में काम कर पुलिस ने हासिल किया।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 को बिहार के कटिहार में रैली को करेंगे संबोधित

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 अप्रैल (रविवार) को कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री के कटिहार आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे रैली की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को कटिहार पहुंचे। मंगल पांडेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के कटिहार के मिचाईबाड़ी आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार प्रदेश के साथ पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है। बिहार में पहले चरण में हुए मतदान प्रतिशत में कमी पर उन्होंने कहा कि मौसम में ज्यादा गर्मी की वजह से थोड़ा मतदान प्रतिशत कम हुआ है। इसके बावजूद लोगों ने इस बार चार सौ से ज्यादा लोकसभा सीट एनडीए की झोली में डालने का मन बना लिया है।

### आपसी रंजिश में एक की पीटकर हत्या

**डेहरी-ऑन-सोन।** रोहतास जिले के नासरीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 14 में दो पक्षों के बीच चल रहे रंजिश को लेकर शुक्रवार की देर रात हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई । मृतक धनेश्वर चौधरी,उम्र 49 वर्ष के बताए जाते हैं।पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कैंप कर रही है।पुलिस के अनुसार पूर्व से चल रहे विवाद के कारण दोनों पक्ष देर रात मारपीट किए। पिटाई के कारण धनेश्वर चौधरी की मौत हो गई। आक्रोशित एक पक्ष शव को कब्जे में लेने का विरोध कर रहे हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद दूसरे पक्ष एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया था, लेकिन पुलिस उसे अपने गिरफ्त में लेने के बाद छोड़ दी। पुलिस लोगों को समझाने में जुटी है। अभी तक किसी पक्ष द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

# सरकार बनी तो गरीब परिवार की एक महिला को देंगे एक लाख: राहुल गांधी

एजेंसी



**भागलपुर।** राज्य के भागलपुर के सैंडिंस कंपाउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों का मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पूंजीपतियों का माफ किया गया, उतना कर्ज किसानों का भी माफ किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यूपीए शासन काल में किसानों का कर्ज माफ हुआ था लेकिन भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का जितना कर्ज माफ किया उतनी राशि से कई बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हर महीने में 8,500 रुपये डाल दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग महिला को परिवार की आजीविका चलाने के लिए करना होगा।

राहुल ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत सारे गरीब परिवारों की लिस्ट निकाली जाएगी और उस परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उसी महिला के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना को केंद्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने हिन्दुस्तान को बेरोजगारी का केंद्र बना रखा है। देश के युवा हर दिन सात-आठ घंटे इंस्टाग्राम और फेसबुक में लगे रहते हैं। मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारी फैला दी है। इसलिए इंडिया अलायंस ने सत्ता में आने के बाद हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर के लिए पहली नौकरी पक्की करने की योजना बनाई है। राहुल ने कहा कि इस योजना के तहत हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर को अप्रेंटिस ट्रेनिंग का अधिकार दिया जाएगा। जैसे केंद्र सरकार ने मनरेगा का अधिकार दिया उसी तरह से अब हर ग्रेजुएट को पहली नौकरी का अधिकार देगी। इसके तहत निजी, पीएसयू और सरकारी क्षेत्र में युवाओं को नौकरी मिलेगी और एक साल अच्छा काम करने वाले युवाओं को परमानेंट जॉब मिलेगी। इस योजना से देश में प्रशिक्षित युवाओं की फौज खड़ी होगी।

राहुल गांधी ने यह भी भरोसा दिलाया कि आईएनडीआईए की सरकार बनते ही पांच अलग-अलग तरीके के जीएसटी को खत्म कर एक टैक्स की व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कम से कम टैक्स की व्यवस्था की जाएगा। इसके अलावा मनरेगा, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ ही न्यूनतम मजदूरी की दर भी बढ़ोतरी की जाएगी। बिहार इस बार अच्छे परिणाम आईएनडीआईए के पक्ष में देने का काम करेगा। साथ ही कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, बिहार में निवेश का मुद्दा सबसे बड़ा है। बिहार में कारखाने लगने चाहिए।

सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में पलायन का मुद्दा है। केंद्र सरकार बहाली नहीं निकाल रही है। सबसे ज्यादा बहाली सेना और रेलवे में निकलती थी, वह चौपट हो गया है। बीते 08-10 साल से रेलवे में कोई अच्छी बहाली नहीं निकली है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों में संपन्न चुनाव के साथ ही बीजेपी-एनडीए की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

सभा में मुकेश साहनी के अलावा भागलपुर के महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा, कटिहार के तारिक अनवर, पूर्णिया के बीमा भारती सहित डॉ चक्रपाणि हिमांशु, कांग्रेस जिलाध्यक्ष परवेज जमाल, प्रवीण सिंह कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## बंगाल भीख नहीं मांगेगा, मैं आपकी रॉयल बंगाल टाइगर हूं: ममता बनर्जी

संवाददाता



**कोलकाता।** पहले दौर का मतदान हो चुका है। सबकी नजर में ये दूसरा चरण है। दार्जिलिंग, रायगंज, बालुरघाट जैसे केंद्र हैं। दूसरे दौर का मतदान 26 अप्रैल को होगा। मुर्शिदाबाद के बाद तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मालदा में प्रचार अभियान चलाया। शनिवार को उन्होंने गाजोल के कॉलेज मैदान में एक सार्वजनिक बैठक की।

उन्होंने मालदा उत्तर से तृणमूल उम्मीदवार प्रसून बनर्जी के समर्थन में कहा, ''प्रसून को वोट दीजिए। यह आपके लिए यहां पड़ी रहेगा। आपसे बात करेंगे। उनको वोट देके देखिये। मेरे एक और उम्मीदवार हैं शाहनवाज भाई। वह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के मशहूर छात्र हैं। वह सब कुछ छोड़कर मालदा के लोगों से प्यार करने के लिए यहां आए है।'

इस दिन तृणमूल सुप्रीमो ने कहा कि उन्होंने 100 दिन के काम का भुगतान नहीं किया। अटक गया लेकिन बंगाल भीख नहीं मांगेगा। मैं आपका रॉयल बंगाल टाइगर हूं। हमें जितने अधिक सांसद मिलेंगे, हम उतना ही अधिक दिल्ली से काम कर सकेंगे। बंगाल को वह मिलेगा जिसका वह हकदार है।' हमने प्रोजेक्ट लॉन्च किया है- कर्मश्री। इसके जरिए जॉब कार्ड धारकों को 50 दिन काम की गारंटी दी जा रही है। कोई भी चाहे तो 60 दिन का काम कर सकता है। पहले चरण के मतदान के बाद एक बार फिर ममता की आवाज सुनाई दी कि सबको वोट देना है। उन्होंने कहा, 'प्रवासी श्रमिक भी मतदान करेंगे। ताकि आपका नाम न छूट सके। मैं वादा करती हूं, यहां सीएए, एनआरसी को अनुमति नहीं दी जाएगी।' अगर ऐसा हुआ तो हर कोई अपनी पहचान और नागरिकता खो देगा। उन्हें मछली, मांस और अंडे खाने की अनुमति नहीं दे रहे है। कौन क्या खायेगा ये उनका अपना काम है। तुम बदमाशी क्यों करते हो?' 'आयुष्मान भारत' को लेकर ममता ने कहा कि अगर 'आयुष्मान भारत' बनता तो आधा पैसा केंद्र देता और बाकी हमें देना पड़ता। सिर्फ 50 लाख लोगों को ही मिलेगा। स्वास्थ्य साथी में 10 करोड़ लोगों को सेवा मिलती है। मैं बंगाल में 'आयुष्मान भारत' क्यों करुँगी?' ममता ने 'इंडिया' को लेकर कहा, ''बंगाल में कोई 'इंडिया' नहीं है। मैंने वह गठबंधन बनाया।

## दुर्घटना में घायल बच्चे की अस्पताल में मौत, स्थानीय लोगों का विरोध

संवाददाता



**कोलकाता।** कांकुरगाछी में हुए हादसे में घायल दो बच्चों में से एक की अस्पताल में मौत हो गई। संयोगवश, शुक्रवार दोपहर एक चार पहिया वाहन कांकुरगाछी में बंगाल केमिकल के पास मणिकताला मेन रोड से गुजर रहा था।

अचानक वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रेलिंग से टकराकर फुटपाथ पर जा गिरी। उसी बक्त कुछ बच्चे फुटपाथ पर खेल रहे थे। इस घटना में दो बच्चों समेत कुल तीन लोग घायल हो गये। दो बच्चों की हालत गंभीर थी। इनमें अंकित साव नामक छह वर्षीय बच्चे की शनिवार की सुबह मौत हो गयी। रिया घोष (6) का अभी भी एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बीच अंकित की मौत की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने आकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस बीच हत्यारी कार के ड्राइवर अभिषेक सुल्तानिया को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

### सरकारी अस्पतालों में अलग से वार्ड खोलने का दिया आदेश

कोलकाता। भीषण गर्मी के कारण कई मौतों के मद्देनजर, राज्य सरकार ने जनता की सुरक्षा के लिए हर सरकारी अस्पताल में एक अलग हीट स्ट्रोक वार्ड खोलने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, प्रत्येक जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल अधीक्षक द्वारा भेजे गए निर्देश में उस वार्ड के एक कमरे में एयर कंडीशनिंग सिस्टम और हाई स्पीड पंखे वाले कम से कम दो बेड आरक्षित करने की बात कही गई है। यह भी बताया गया है कि आपातकालीन स्थिति में अन्य चिकित्सा उपकरण भी रखे जाने चाहिए। हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए एक एम्बुलेंस भी तैयार रखने को कहा गया है।

## संदेशखाली के लोगों में भड़का आक्रोश, ईडी कार्यालय पहुंचे




संवाददाता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के निवासी शुक्रवार को क्षेत्र के निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां के खिलाफ अपनी शिकायतों को लेकर कोलकाता के ईडी कार्यालय पहुंचे। शाहजहां पर लोगों की जमीन हड़पने व महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर इस मामले की सीबीआइ जांच शुरू हुई है। संदेशखाली के पीड़ित दस्तावेज के साथ ईडी कार्यालय में उपस्थित हुए। ईडी ने नोटिस देकर व्यक्तिगत रूप से शिकायत दर्ज कराने के लिए लोगों से आग्रह किया था। ऐसे में जांच अधिकारियों ने सुबूतों के साथ इन सभी शिकायतों को स्वीकार कर लिया। हाई कोर्ट के आदेश पर शिकायतें प्राप्त करने के लिए सीबीआइ ने पहले ही एक पोर्टल खोल रखा है। वहां कोई भी शिकायत कर सकता है। गौरतलब है कि शाहजहां का नाम पहले से ही राशन भ्रष्टाचार में शामिल है।

## हीटवेव का कहर: स्विचऑन फाउंडेशन ने हीटवेव पर जनता की धारणा को मापने के लिए सर्वेक्षण किया

**पश्चिम बंगाल और झारखंड के प्रमुख डॉक्टरों द्वारा हीटवेव पर एक हीटवेव हेल्थ एडवाइजरी जारी की गई**

संवाददाता



**कोलकाता।** जैसे ही अप्रैल में पश्चिम बंगाल और झारखंड में गर्मी के मौसम की शुरूआत हुई, निवासी कम नमी के स्तर के कारण तीव्र गर्मी की लहर से जूझ रहे हैं। शहरी और औद्योगिक क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हैं, जो राज्य के लिए संभावित रूप से कठिन मौसम का संकेत दे रहे है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिम बंगाल में धीरे-धीरे तेज गर्मी की शुरूआत और देर से हुई बारिश ने गर्मी की लहरों को बढ़ा दिया है। अप्रैल में नमी से प्रेरित गर्मी के साथ कोलकाता का औसत हवा का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक बना रहा है। दूसरी ओर, भारतीय मौसम विभाग ने 19 से 22 अप्रैल तक झारखंड के अलग-अलग इलाकों में लू चलने की चेतावनी दी है।

पश्चिम बंगाल के प्रमुख डॉक्टरों जैसे डॉ. कौस्तभ चौधरी, डॉ. संजुक्ता दत्ता, डॉ. अरूप हलदर, डॉ. सोइरिन्ध्री बनर्जी, डॉ. सुमन मलिक, और झारखंड के प्रमुख डॉक्टरों जैसे डॉ. ओपी महनसरिया और डॉ. सुप्रोवा चक्रवर्ती द्वारा गर्मी की लहरों और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में बढ़ती चिंताओं को संबोधित करते हुए एक हीटवेव स्वास्थ्य सलाह जारी की गई है। स्वास्थ्य सलाह (हेल्थ एडवाइजरी) निवारक उपाय और तरीके प्रदान करती है जिन्हें अत्यधिक गर्मी की लहरों के प्रकोप से निपटने के लिए अपनाया जाना चाहिए। अत्यधिक अनियमित मौसम की स्थिति के मद्देनजर, चिकित्सा समुदाय ने लोगों की सुरक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने और एहतियाती उपायों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

इस संदर्भ में, चूंकि आम जनता हीटवेव से सबसे ज्यादा पीड़ित है, स्विचऑन फाउंडेशन ने हीटवेव चुनौतियों, दैनिक जीवन पर प्रभाव, रणनीतियों और वर्तमान हीटवेव परिदृश्य में समय पर जानकारी के बारे में जनता की धारणा को मापने के लिए एक सर्वेक्षण किया। चल रही हीटवेव की धारणाओं को जानने के लिए पूर्वी भारतीय राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में अप्रैल में 815 प्रतिभागियों के साथ सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 387 ने पश्चिम बंगाल से भाग लिया, जहां 65प्रतिशत पुरुष और 35प्रतिशत महिलाएं थीं। सर्वेक्षण में 116 प्रतिभागियों ने झारखंड से भाग लिया, जहां 67प्रतिशत पुरुष और 33प्रतिशत महिलाएं थीं। सर्वेक्षण में विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों को लक्षित किया गया, जिसमें विभिन्न आयु और व्यावसायिक पृष्ठभूमि के प्रतिभागियों को शामिल किया गया।

स्विचऑन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक, श्री विनय जाजू ने कहा, वर्तमान में प्रचलित असामान्य और अनियमित मौसम की स्थिति को देखना चिंताजनक है। अभी गर्मियों की शुरूआत ही हुई है और हम गर्मी की चरम स्थितियों से जूझ रहे हैं।

# अगले हफ्ते की शुरूआत में दक्षिण में बारिश की संभावना, भीषण गर्मी से मिलेगी राहत?

संवाददाता



**कोलकाता।** गर्मी का कोई लक्षण नहीं है। बल्कि ये हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। दक्षिण बंगाल के लगभग सभी जिलों में लू चल रही है। कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के लगभग सभी जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक हो गया। मौसम कार्यालय ने अगले तीन दिनों में दक्षिण बंगाल में तापमान में और वृद्धि की भविष्यवाणी की है। हालांकि दक्षिण में सोमवार और मंगलवार को बारिश की संभावना है। हालांकि, इसका समाधान कितना होगा, इस पर सवाल है। शनिवार को कोलकाता में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। कोलकाता समेत पूरे दक्षिण बंगाल में लू की चेतावनी जारी की गई है।

इनमें दो मेदिनीपुर, दो बर्दवान, झाड़ग्राम, बांकुरा, बीरभूम में भीषण लू की चेतावनी है। दक्षिण बंगाल में बुधवार से पहले गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। इन स्थितियों में सोमवार और मंगलवार को कुछ दक्षिणी जिलों में छिटपुट बारिश होने की संभावना है। इस बीच उत्तर बंगाल के लगभग सभी जिलों में बारिश की संभावना है। इसके साथ हवा का झोंका भी चल सकता है। मौसम कार्यालय ने कहा कि अगले चार से पांच दिनों तक उत्तर बंगाल के मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

## केके पाठक ने कंमाड एंड कंट्रोल सेंटर का फोन नहीं उठाने पर 67 बीईओ का वेतन किया बंद

एजेंसी



**पटना।** बिहार सरकार के सबसे चर्चित अधिकारी शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक फोन नहीं उठाने वाले बिहार के 25 जिलों के 67 प्रखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) का वेतन बंद करने का आदेश जारी किया है। कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का फोन नहीं उठाने के आरोप में इन 67 बीईओ पर कार्रवाई की गयी है। केके पाठक द्वारा जिन अधिकारियों के खिलाफ यह आदेश जारी किया गया है, उनमें नालंदा, पटना, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, सीतामढ़ी, सीवान, शेखपुरा, सुपौल, वैशाली और पश्चिम चंपारण अररिया, औरंगबाद, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, किशनगंज, मधुबनी और मुजफ्फरपुर शामिल हैं। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) को पत्र भेजते हुए तत्काल 67 बीईओ का वेतन बंद करने का आदेश दिया।

डीईओ से कहा गया है कि वो इन बीईओ से स्पष्टीकरण मांगे कि ये लोग फोन क्यों नहीं उठाते हैं ? बार-बार फोन किये जाने पर भी ये लोग कॉल रिसिव तक नहीं करते हैं । जबकि इनसे कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आई शिकायतों के संबंध में फोन किया जाता है लेकिन बीईओ फोन उठाना भी उचित नहीं समझते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षा विभाग ने यह आदेश दिया है कि यदि इन बीईओ का वेतन पहले से बंद है तो इनके खिलाफ आरोप पत्र गठित करें। यदि कोई पहले से सस्पेंड है या उनके खिलाफ आरोप पत्र गठित है तो पूरक आरोप पत्र गठित कर कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा करें।

## एक नजर

### पेलावल विकास मंच की बैठक संपन्न



**हजारीबाग।** बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग का ऐतिहासिक महापर्व रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न होने व कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, महासमिति अध्यक्ष एवं समिति की पूरी टीम, सभी अखाड़ों के अगुआ रामभक्त, सभी सेवा शिविर के आयोजकों तथा हजारीबाग के सभी समुदाय के धर्मावलंबियों को पेलावल विकास मंच की ओर से कोटि-कोटि साधुवाद। जिला प्रशासन का बेहतर माहौल में रामनवमी मनाने का अथक प्रयास एवं प्रशासन की ओर से हर सहयोग के लिए 24 घंटा तैयार रहना ही हजारीबाग की इस ऐतिहासिक पर्व में चार चांद लग पाया। 98 झांकियों का भव्य प्रदर्शन कोई मजाक की बात नहीं है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के समस्त डॉक्टरों एवं कर्मियों ने जो बिना थके दिन रात घायल या चोटिल रामभक्तों का इलाज किए सब साधुवाद के पात्र हैं। बैठक की अध्यक्षता एम.हक भारती ने की। बैठक में मुख्य रूप से चंद्रशेखर शर्मा, कुलदीप पासवान, सद्दाम हुसैन, संजय कुमार, अतीक आलम, मो.रफीक, विशाल कुमार, मो.कमरुद्दीन, मो.सैफ अंसारी एवं इंजमामुल हक भारती तथा वर्चुअल रूप में मंच के संरक्षक मो.समीर, डॉ.सीपी दांगी, डॉ.अभयकांत मेहता, अशफाक अहमद, अनिल सिंह ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई।

### भाजपा झारखण्ड प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह आयोजित



**कोडरमा।** भाजपा झारखण्ड प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम और कोडरमा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी उपस्थित रहे।

### आगामी चुनाव को लेकर लॉयर्स डिफेंस प्रतिनिधिमंडल ने बैठक कर की चर्चा

**जमशेदपुर।** लॉयर्स डिफेंस प्रतिनिधिमंडल ने पुराना कोर्ट परिसर में शनिवार बैठक कर जिला बार संघ जमशेदपुर में होने वाले चुनाव के विषय पर चर्चा की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने चंदमोलीश्वर कचहरी बाबा में जाकर पूजा अर्चना की। साथ ही भजन भी गाया। जिसके बाद सभी के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। वहीं सरायकेला बार एसोसिएशन और 10 मई को जमशेदपुर बार एसोसिएशन में होने वाले चुनाव पर चर्चा भी की गई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य बार काउंसिल के सदस्य अब्दुल कलाम रसीदी, वरीय अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन, चांडिल बार एसोसिएशन के सदस्य कमलेश कुमार सिंह, राजकुमार, मो. नबेब, सरायकेला बार एसोसिएशन के अतिथि राजकुमार साहू, दिलीप कुमार महतो, परमपति भगत, परमजीत कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार मिश्रा, अक्षय कुमार झा, अमित कुमार, दिलीप कुमार सिंह, केशव सिंह, रणजीत राम, विद्युत नंदी, आशीष कुमार दत्ता, सुशील कुमार शर्मा, संजय कुमार द्विवेदी, राजन कुमार, सुभाष सिंह, विनोद कुमार और वेद प्रकाश सिंह समेत अन्य अधिवक्ता भी मौजूद थे।

### राज्य सरकार के निर्देश पर डीसी ने गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में किया बदलाव दिए निर्देश



**जमशेदपुर।** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में अत्यधिक गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए डीसी अनन्य मित्तल द्वारा जिला अंतर्गत सभी स्कूलों के समय में बदलाव करने का निर्देश जारी किया है। जिसके तहत जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं सुबह 7 से 11.30 बजे तक और कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे तक संचालित की जाएगी। इस दौरान प्रार्थना सभा, खेलकूद समेत अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी। मगर मध्याहन भोजन का संचालन जारी रहेगा। उक्त आदेश 22 अप्रैल सोमवार से अगले आदेश तक लागू रहेगा।

रामनवमी 2024 हुआ भव्य एवं शांतिपूर्ण समापन

# उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने हजारीबाग वासियों का जताया आभार

संवाददाता



**हजारीबाग।** आईजी, डीआईजी के गाइडेंस और उपायुक्त महोदया के अनुभव के कारण शांतिपूर्ण रामनवमी का समापन हुआः एसपी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस बल, महासमिति, शांतिमित्र सभी का योगदान उल्लेखनीयः उपायुक्त/एसपी महासमिति के द्वारा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक को सम्मान स्वरूप दिया तलवार जिला में रामनवमी 2024 शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर आईजी डॉ माइकल राज ने हजारीबाग के समस्त जनता को धन्यवाद दिया, उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के बेहतर कॉर्डिनेशन को सफलता मूल मंत्र बताया मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जिलेवासियों को धन्यवाद दिया है।

उपायुक्त ने कहा कि इस बार हजारीबाग वासियों ने मिसाल कायम किया है, सभी को दिल से आभार। पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, अन्य जिलों से आए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कर्मियों, विद्युत विभाग, नगर निगम एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े तमाम लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अथक प्रयास और पूरी तत्परता के साथ सभी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है।

मीडिया को धन्यवाद देते हुए उपायुक्त ने कहा सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सही सूचनाओ को आमजन तक पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक ने भी ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के सफल आयोजन पर उन्होंने कहा कि तमाम जिले वासियों के सहयोग, अनुशासन से प्रभावित हूं। सभी मीडिया कर्मी, पुलिस प्रशासन ने भी इस ऐतिहासिक पर्व को सफल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी सभी को आभार। उन्होंने शांति समिति, शांति मित्र, अखड़ा समिति, सद्भावना समिति, संरक्षण समिति, महासमिति के तमाम सदस्यों और विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से यह सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उम्मीद जताया कि आगे भी इसी तरह जनता और मीडिया का सहयोग मिलता रहेगा।

## नये मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें: मेघा भारद्वाज

संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बिरसा सांस्कृतिक भवन में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में कोडरमा प्रखंड के सभी बीएलओ शामिल हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि 23 अप्रैल 2024 तक मतदाता पंजीकरण फार्म 6 भरा जा सकता है, अभी भी अगर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से वंचित हैं, उन छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़े। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ से बूथ अवेयरनेस ग्रुप के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि आगामी 20 मई 2024 को लेकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों के साथ बैठक करें और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलायें। उपायुक्त ने सभी बीएलओ से होम वोटिंग मतदाताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के सर्वे की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि उक्त मतदाताओं को मतदान करने के लिए वाहन की व्यवस्था का आकलन कर लेंगे। कोडरमा प्रखंड अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोडरमा प्रखंड अंतर्गत जितने भी नये मतदान केंद्र बनाये गायें हैं, उन मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें। सभी बीएलओ को अपने अपने मतदान केंद्र अंतर्गत वॉलिंटियर्स को चिन्हित करने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कुजुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रिंस कुजुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, अंचलाधिकारी गिरेंद्र टुटी व बीएलओ मौजूद रहे।

## जैन समुदाय ने किया फल और बिस्कुट वितरित किए

**हजारीबाग।** इसी क्रम में आर्ष कन्या गुरुकुल, वृद्धाश्रम, विकलांग स्कूल बीरहोर बस्ती में फल बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। दिगंबर जैन समाज के संयुक्त महामंत्री राजीव पिंटू छाबड़ा ने कहा की जैन समाज हर साल महावीर जयंती के पूर्व या आयोजन करता है। फल वितरण कार्यक्रम में समाज के कार्यकारणी सदस्य, जैन युवा परिषद व जैन महिला समाज की महिलाएं मौजूद रही।मीडिया प्रभारी विजय जैन लुहाड़िया ने बताया कि कल प्रातः 5:00 बजे प्रभात फेरी बाड़म बाजार दिगंबर जैन मंदिर से निकाली जाएगी। दोपहर 1:00 बजे भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव की शोभायात्रा बाड़म बाजार से शुरू होकर पूरे नगर में भ्रमण करेगी। महावीर जयंती के शुभ अवसर पर सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

## डीडीसी के नेतृत्व में रोटरी क्लब जमशेदपुर के कार्यक्रम में चला मतदाता जागरूकता अभियान



संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार आयोजित रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के कार्यक्रम में डीडीसी मनीष कुमार की अगुवाई में मतदाता जागरूकता के लिए गतिविधियां संचालित की गई। इस दौरान मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम निबंधन, वोटर कार्ड के अलावा अन्य किन-किन पहचान पत्र के साथ मतदान किया जा सकता है तथा चुनाव में मतदान के महत्व को लेकर क्लब के सदस्यों के साथ चर्चा भी की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ साथ क्लब के सदस्य भी शामिल हुए। मौके पर डीडीसी ने बताया कि मतदान के लिए सबसे जरूरी मतदाता सूची में नाम का जुड़ना है। जब तक किसी मतदाता का नाम अपने निकटवर्ती बूथ के मतदाता सूची में नहीं जुड़ जाता तब तक वे वोट नहीं कर पायेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल से पहले सभी छूटे हुए मतदाता फॉर्म 6 भरकर अपना नाम निबंधन करायें। मतदान क्यों जरूरी है इस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सभी को समानता का अधिकार देता है। चाहे कोई कितने ही बड़े पद पर बैठा हो या प्रभावशाली व्यक्ति हो या कोई किसान-मजदूर सभी के वोट का महत्व एक जैसा ही होता है। लोकतंत्र की खूबसूरती है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने प्रतिनिधि को चुन सकते हैं।

## रूट चार्ट व कम्युनिकेशन प्लान तैयार करें: उपायुक्त

संवाददाता



**कोडरमा।** आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और स्वच्छ संपन्न कराने एवं विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का मतदान दिन से पहले और मतदान दिन का समय में अहम जिम्मेदारी होती है। सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने सेक्टर अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों तक जाने का रूट चार्ट तैयार कर लेंगे ताकि मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी को जाने में किसी प्रकार की दिक्कतें न हो।

सभी सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने मतदान केंद्र पर कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने को कहा ताकि किसी प्रकार की दिक्कतें होने पर कम्युनिकेशन किया जा सके । मतदान केंद्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने को कहा गया।

उपायुक्त महोदया ने कहा कि रूट चार्ट से संबंधित रिपोर्ट यथाशीघ्र निर्वाचन शाखा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशिक्षण देने को कहा गया और ईवीएम वीवीपैट का भी प्रशिक्षण देने को कहा गया ताकि ईवीएम वीवीपैट में किसी तरह की समस्या होने पर पदाधिकारी प्राजईडिंग आफिसर से संपर्क कर कार्य का निस्तारण कर सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कोडरमा से क्लस्टर व इंटरमीडिएट स्टॉग रूम से संबंधित जानकारी प्राप्त की और उसमें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित दिशा-निर्देश दिए।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में मनाई गई महावीर जयंती

संवाददाता



**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल अ यूनीट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में स्वामी महावीर जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्या, सभी संयोजक - संयोजिका, शिक्षक - शिक्षिकाओं और सेकेंडरी सेक्शन के सभी जैन समुदाय के बच्चे एवं छात्र - छात्राओं ने स्वामी महावीर जी की मंत्रोंच्चारण कर प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को सुसज्जित करने के लिए कक्षा सातवीं के तविसी जैन ने भगवन महावीर जी का जन्म ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के कुण्डग्राम में इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहाँ चैत्र शुक्ल तेरस को हुआ था। ग्रंथों के अनुसार उनके जन्म के बाद राज्य में उन्नति होने से उनका नाम वर्धमान रखा गया था। कक्षा सात के आरव हिसारिया ने आकर्षक तरीके से महावीर के मुख्य उपदेशों को बताते हुए कहा कि महावीर की मुख्य शिक्षाएँ निम्नलिखित हैं - जो लोग सत्य जानना चाहते हैं, उन्हें अपना घर छोड़ देना चाहिए। सत्य के खोजी को अहिंसा के नियमों का पालन करना चाहिए। सरल एवं सात्विक जीवन जियें।

साथ ही साथ विद्यालय की शिक्षिका रश्मि सूद ने बताई कि महावीर जयंती को जैन समुदाय के प्रमुख संत महावीर जी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। महावीर जयंती को जैन धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है जिसे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान महावीर ने समाज सुधार और आत्मकल्याण हेतु कई उपदेश दिए हैं जो आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। विद्यालय के संयोजक सकिंदर ने स्वामी महावीर जी के बारे में बताया कि महावीर जी के अनमोल विचार किसी आत्मा की सबसे बड़ी गलती अपने असल रूप को न पहचानना है।

## सड़क दुघर्टना में दो युवक घायल

**कोडरमा।** सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर केशवारी शिव मन्दिर के समीप बीते दिन सड़क दुघर्टना में सरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम धवेया के दो युवक सचिन ठाकुर, गुलशन ठाकुर की मौके पर मौत हो गई थी, एवं नारायण ठाकुर एक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका स्थिति नाजुक है वे हजारीबाग हॉस्पिटल में इलाजरत है वे सभी एक ही परिवार के थे। आज केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद सह कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी श्री मती अन्नपूर्णा देवी जी एवं बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो उनके निवास स्थान पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर हिम्मत बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाए।

## टाटा स्टील ने मनाया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह

संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अग्नि सुरक्षा, इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए 14 से 20 अप्रैल के बीच अपने सभी स्थानों पर राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इसकी शुरूआत 14 अप्रैल को टाटा स्टील फायर ब्रिगेड, जमशेदपुर से हुई। जहां अरविंद कुमार सिन्हा, चीफ सिक्यूरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन, मेजर अनिल कुमार, हेड टाउन सिक्यूरिटी, अभय रंजन, सीनियर मैनेजर, फायर ब्रिगेड, शाहनवाज खान, यूनियन कमेटी मेंबर फायर ब्रिगेड, फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज और सिक्यूरिटी सर्विसेज के कर्मचारियों ने अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी। इस दौरान आग की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कई गतिविधियां भी आयोजित की गई। जैसे अग्नि रोकथाम पर पोस्टर का विमोचन व वितरण, स्कूलों में आपातकालीन तैयारियों पर जागरूकता सत्र, टाटा स्टील कर्मचारियों के बीच ऑनलाइन इंट्रानेट क्विज शामिल थे। जिसमें 2436 टाटा स्टील कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के आग को रोकने के लिए दैनिक अग्नि सुरक्षा परामर्श जारी किए गए और 4800 स्कूली बच्चों, 260 शिक्षण कर्मचारियों और 60 गृहणियों के लिए अग्निशामक के उपयोग पर प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए।

कांग्रेस पार्टी के मुस्लिम उम्मीदवारों को लेकर विवाद

# झारखंड में असंतोष और विकल्पों की तलाश : बाबर कुरैशी

संवाददता



> मुस्लिम समुदाय के बीच एकता की आवश्यकता पर जोर दिया और उनकी गरिमा और भविष्य की संभावनाओं के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की

**हजारीबाग।** झारखंड से लोकसभा चुनाव में किसी भी मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारने के कांग्रेस पार्टी के फैसले पर बाबर कुरैशी के ब्यान ने राज्य के मुस्लिम समुदाय में असंतोष की लहर पैदा कर दी है। अपनी निराशा व्यक्त करते हुए बाबर कुरैशी ने इस कदम की निंदा की और मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस पार्टी द्वारा उनके हितों की अनदेखी करने के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

एक सार्वजनिक संबोधन में बाबर कुरैशी ने झारखंड में मुस्लिम समुदाय के बीच एकता की आवश्यकता पर जोर दिया और उनकी गरिमा और भविष्य की संभावनाओं के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर ऐतिहासिक रूप से मुस्लिम विरोधी होने और भाजपा का डर दिखाकर उनके वोटों का शोषण करने का आरोप लगाया।

मुस्लिम समुदाय के भीतर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ प्रतिक्रिया ने निराशा की भावना को बढ़ा दिया है और वैकल्पिक राजनीतिक विकल्पों की तलाश शुरू कर दी है। राज्य के विभिन्न मुस्लिम संगठनों ने झारखंड में व्यवहार्य तीसरे विकल्प की अनुपस्थिति में तीसरे पक्ष के विकल्पों को तलाशने के लिए अपनी तत्परता की खुले तौर पर घोषणा की है।

आगामी लोकसभा चुनावों के साथ, असंतोष व्यक्त करने और बेहतर प्रतिनिधित्व की मांग के साधन के रूप में नोटा (इनमें से कोई नहीं) विकल्प का उपयोग करने की संभावना पर भी चर्चा की गई है। हजारीबाग में राजनीतिक परिदृश्य, जहां मांडू के भाजपा विधायक जे.पी. पटेल अब कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं, ने क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के सामने मौजूद स्थिति की जटिलता को उजागर किया है।

झारखंड में मुस्लिम समुदाय अपने राजनीतिक विकल्पों का मूल्यांकन कर रहा है, वहीं कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को बाबर कुरैशी और अन्य समुदाय के सदस्यों द्वारा उठाई गई शिकायतों और चिंताओं को दूर करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में हो रही घटनाओं से पता चलता है कि आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी की स्थिति को महत्वपूर्ण जांच और आलोचना का सामना करना पड़ सकता है।

## एनटीटीएफ के 4 छात्रों का आदित्य बिरला और छात्रा का टीवीएस कंपनी में हुआ चयन

संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान में आदित्य बिरला और टीवीएस कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। साथ ही फाइनल सिलेक्शन लिखित परीक्षा और इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमें 5 छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह टीवीएस एवं आदित्य बिरला कंपनी में सुनिश्चित की। वहीं पश्चिम बंगाल खड़कपुर स्थित आदित्य बिरला द्वारा डिप्लोमा मेकाट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स के फाइनल इयर के 4 छात्रों राजकुमार सिंह, श्याम साईं हर्षित, जानवी सिंह और राखी का 3.3 लाख के पैकेज पर चयन किया। इसी तरह बैंगलोर स्थित टीवीएस कंपनी द्वारा डिप्लोमा इन टूल एंड डी इंजीनियरिंग से सुप्रिया सिंह को 3.80 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। इस दौरान रिटेन टेस्ट से शुरू हुई चयन प्रक्रिया के साथ साथ छात्रों की तकनिकी क्षमता एवं व्यक्तिगत प्रतिभा को भी परखा गया।वहीं छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौरवांवित है। जिसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने भरपूर सहयोग भी किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं भी दी। साथ ही उप-प्राचार्य रमेश राय, दीपक ओझा, सुमन कुमार, नकुल कुमार, लक्ष्मण सोरेन, मंजर, अजीत कुमार और उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

## एक नजर

### ओडिशा एफसी आईएसएल 2023-24 के सेमीफाइनल में, केरला ब्लास्टर्स को दी शिकस्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी ने शुक्रवार रात भुवनेश्वर के अपने घरेलू मैदान कलिंगा स्टेडियम में अतिरिक्त समय तक चले पहले प्लेऑफ मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स एफसी को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में ओडिशा का सामना दो चरणों के अंतिम चार मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट से होगा। ओडिशा के लिए स्ट्राइकर इसाक वनलालरुअतफेला ने अतिरिक्त समय के दौरान 98वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इससे पहले निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं, जिसमें लिथुआनियाई स्ट्राइकर फेडोर चेर्निच के गोल से केरला ब्लास्टर्स एफसी ने 67वें मिनट में बढ़त ली लेकिन स्थानापन्न ब्राजीली स्ट्राइकर डिएगो मौरिसियो ने 87वें मिनट में गोल करके ओडिशा एफसी को 1-1 बराबरी पर पहुंचाया।

### आकाश ने की शानदार गेंदबाजी

**लखनऊ।** काल डेकथ्लान फ्लैक्स टी-20 कप में इंडियन क्रिकेट क्लब ने गुरुमन क्रिकेट एकेडमी को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में गेंदबाज आकाश यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके। गुरुमन क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 128 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज आकर्ष गुप्ता ने सर्वाधिक 53 रन बनाये। वहीं अमन पासवान ने 22 रन बनाये। वहीं आशीष कुमार तिवारी ने 16 रन का योगदान दिया। वहीं नमन थापा ने 16 रन बनाये। वहीं इंडियन क्रिकेट क्लब की टीम ने तीन विकेट गवांकर 129 रन बना लिये और सात विकेट से मैच जीत लिया। शुभम यादव ने 42 रन बनाये। अमन सिंह ने 34 रन का योगदान दिया। सलामी बल्लेबाज श्रीवास्तव ने 27 रन का योगदान दिया।

### एएसओआईएफ ने विश्व एथलेटिक्स के फैसले पर जताई चिंता

**जिनेवा।** एसोसिएशन ऑफ समर ओलंपिक इंटरनेशनल फेडरेशन ने शुक्रवार को ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को पुरस्कार राशि देने के विश्व एथलेटिक्स के फैसले पर चिंता व्यक्त की है। शुक्रवार को जारी एक बयान में एएसओआईएफ ने कहा एएसओआईएफ इस बात से पूरी तरह सहमत है कि एथलीट ओलंपिक आंदोलन के केंद्र में हैं, और किसी भी ओलंपिक खेलों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व एथलेटिक्स की नवीनतम पहल कई जटिल मुद्दों को हल करने के बजाय और उलझाती है। इस महीने की शुरूआत में, विश्व एथलेटिक्स ने पेरिस 2024 में 48 ट्रैक-एंड-फील्ड स्पधाओं में से प्रत्येक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं और लॉस एंजिल्स 2028 में सभी पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि शुरू करने की घोषणा की थी। इस निर्णय ने शौकिया एथलीटों के लिए एक प्रतियोगिता के रूप में ओलंपिक खेलों के मूल मूल्य को चुनौती दी है, और एएसओआईएफ ने कहा कि इसकी सदस्यता ने विश्व एथलेटिक्स की घोषणा के बारे में कई चिंताएं व्यक्त की हैं। बयान में आगे कहा गया, एएसओआईएफ को घोषणा से पहले न तो सूचित किया गया था और न ही उससे परामर्श किया गया था।

### होम ग्राउंड पर वापसी को लेकर हम उत्साहित हैं : पोंटिंग



**नई दिल्ली।** अपनी दो शानदार जीतों के साथ, उत्साही जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आज शाम जीत की हैट्रिक पूरी करने के इरादे से उतरेगी। सीजन में पहली बार दिल्ली में घरेलू मैच खेलने को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने शुक्रवार को फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा हम वास्तव में घरेलू मैदान पर वापस आने के लिए उत्साहित हैं। यह घरेलू मैदान है और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह एक किला बन जाए। जब विपक्षी टीमें यहां आती हैं तो हम यहां आने के लिए उत्साहित होते हैं और उम्मीद करते हैं कि हम अपने घरेलू अभियान की अच्छी शुरूआत कर सकेंगे। पिच के बारे में बात करते हुए उन्होंने आगे कहा डब्ल्यूपीएल के पीछे, हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हमारे पास कुछ घास हो और विकेट संभावित रूप से पिछले कुछ वर्षों में हमारे लिए थोड़ा बेहतर खेल सके। सनराइजर्स हैदराबाद ने इस सीजन में दो बार उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। वे फिलहाल छह मैचों में चार जीत, दो हार के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के बारे में पोंटिंग ने कहा अगर यह एक उच्च स्कोरिंग खेल है तो हमें शूटआउट से कोई आपत्ति नहीं है, ऐसा ही होगा।

# आईपीएल : आचार संहिता का उल्लंघन करने पर टिम डेविड, कीरोन पोलार्ड पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली। एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। दरअसल इन दोनों खिलाड़ियों पर जुर्माना मैच के एक वायरल वीडियो के बाद आया है। वीडियो में डगआउट में बैठे ये दोनों खिलाड़ी कथित तौर पर सूर्यकुमार यादव को डीआरएस मांगने में अवैध रूप में मदद करते दिख रहे थे। यह घटना मुंबई की पारी के 15वें ओवर में घटी। अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टम्प के बाहर थी और ट्रामलाइन के बहुत करीब थी। तब 47 गेंदों में 67 रन पर खेल रहे सूर्यकुमार ने इस गेंद पर शॉट लगाने की कोशिश की। अंपायर ने इसे वैध डिलीवरी माना। हालांकि, कैमरे ने ध्यान एमआई डगआउट की ओर स्थानांतरित कर दिया, जहां मुख्य कोच मार्क बाउचर को सूर्यकुमार को इशारा करते हुए देखा गया कि यह वाइड है और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड के साथ टिम डेविड को बल्लेबाज से रिव्यू लेने का आग्रह करते देखा गया।

## राहुल, रुतुराज पर 12-12 लाख रुपये का जुर्माना



लखनऊ। लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 34वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण दोनों टीमों के कप्तानों पर 12-12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। लीग ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 34वें मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर जुर्माना लगाया गया है। चूंकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, राहुल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। बयान में आगे कहा गया चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। चूंकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, गायकवाड़ पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 176 रन बनाए। सीएसके की ओर से रवींद्र जडेजा ने शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 40 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की बदौलत नाबाद 57 रन बनाए। जडेजा के अलावा अजिंक्या रहाणे ( 24 गेंद 36 रन, 5 चौका 1 छक्का) और मोईन अली (20 गेंद 30 रन, 3 छक्के) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। अंत में पूर्व कप्तान और विकेटकीपर महेन्द्र सिंह धोनी ने 9 गेंदों पर ताबड़तोड़ 28 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और 2 छक्के शामिल थे। लखनऊ की तरफ से क्रुणाल पांड्या ने 2, मोहसिन खान, यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और मार्कस स्टायनिस ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में लखनऊ ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन टी कॉक (54) और कप्तान केएल राहुल (82) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत 19 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। सीएसके के लिए मुस्तफिजुर रहमान और मथिसा पथिराना ने 1-1 विकेट लिया।

## अमेरिकी धावकों ने यूजीन में डिस्टेंस मेडले रिले का विश्व रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ब्रैनन किडर, ब्रैंडन मिलर, यशायाह हैरिस और हेनरी वाईन ने मिलकर अमेरिका के यूजीन में ओरेगॉन रिले में 9:14.58 सेकंड का डिस्टेंस मेडले रिले विश्व रिकॉर्ड बनाया।
डिस्टेंस मेडले रिले में 1200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1600 मीटर के चरण शामिल हैं। शुक्रवार को मिलर ने 400 मीटर के लिए 46.60 रन बनाने से पहले किडर ने 2:49.60 के अपने 1200 मीटर लेग के साथ शुरूआत की।
किडर ने शुक्रवार को 2:49.60 सेकंड के साथ अपने 1200 मीटर लेग के साथ शुरूआत की। इससे पहले मिलर ने 400 मीटर रेस 46.60 सेकंड में पूरी की।
विश्व एथलेटिक्स से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हैरिस ने 800 मीटर के लिए 1:45.75 सेकंड का समय निकाला, वहीं विने अंतिम 1600 मीटर चरण के लिए 3:52.64 सेकंड की दौड़ के बाद बैटन घर ले आए। उनका संयुक्त समय 9:14.58, बहामास में 2015 विश्व एथलेटिक्स रिले में संयुक्त राज्य अमेरिका के काइल मर्बर, ब्रिसेन स्प्रैटलिंग, ब्रैंडन जॉनसन और बेन ब्लेंकशिप द्वारा निर्धारित 9:15.50 के पिछले विश्व रिकॉर्ड से बेहतर है। विश्व एथलेटिक्स रिले का अगला संस्करण 4-5 मई को नासाउ में आयोजित किया जाएगा।

## युवा महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने रांची पहुंचे सचिन तेंदुलकर

**संवाददाता**



**रांची।** भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर युवा महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी पत्नी अंजलि तेंदुलकर के साथ शनिवार को रांची पहुंचे।
हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद, भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि वह सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के लिए रांची आए हैं, जो यूथ फाउंडेशन के साथ काम करता है। साथ ही वह यहां युवा महिला फुटबॉलरों को प्रोत्साहित करने आए हैं। सचिन ने संवाददाताओं से कहा मैं यहां हमारे फाउंडेशन के लिए आया हूं। सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन यहां यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करता है, इसलिए मैं यहां महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आया हूं। सचिन को इस खेल का सबसे महान बल्लेबाज माना जाता है। 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 48.52 की औसत से 34,357 रन के साथ, सचिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक 100 शतक और 164 अर्धशतक बनाए हैं। वह शतकों का शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।
वनडे में 18,426 रन और टेस्ट में 15,921 रन के साथ, सचिन के पास दोनों प्रारूपों में सबसे ज्यादा रन भी हैं। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले और 200 टेस्ट मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उनके नाम पर 201 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी हैं, जो उन्हें एक बहुत ही उपयोगी अंशकालिक स्पिन गेंदबाजी विकल्प बनाता है। कुल 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ, वह सर्वकालिक सर्वाधिक कैप्ड खिलाड़ी हैं। वह 2011 में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

## बांग्लादेश ने शुरू की जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज की तैयारी

**ढाका। एजेंसी**



बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी तैयारी शनिवार को बंगबंधु नेशनल स्टेडियम के एथलेटिक्स टर्फ पर एक रनिंग सत्र के साथ शुरू की। 2006 में सभी क्रिकेट गतिविधियों को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में स्थानांतरित करने से पहले बांग्लादेश ने इस स्थान पर अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की थी। बंगबंधु स्टेडियम को बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन को सौंप दिया गया था, जिसके बाद क्रिकेट गतिविधियां बंद हो गई थीं। फिटनेस सत्र में हिस्सा लेने वाले 35 क्रिकेटरों में से केवल मुश्फिकुर रहीम और महमुदुल्लाह को ही इस मैदान पर खेलने का सौभाग्य मिला है। बीएनएस में क्रिकेटरों का आना, हालांकि थोड़े समय के लिए, पुराने ढाका में रहने वाले लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया, जहां स्टेडियम स्थित है। अंततः वे राष्ट्रीय सितारों को देखने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। पूर्व राष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज और बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के वर्तमान उप प्रबंधक शहरयार नफीस उस मैदान पर लौटने के बाद पुरानी यादों में खो गए, जहां से उन्होंने अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की थी। नफीस ने शनिवार को फिटनेस सत्र के बाद संवाददाताओं से कहा मैं इस स्थान पर पहली बार 1994 में आया था। बहुत सारे आइकन क्रिकेटर यहां खेलते थे और हम उन्हें देखने आते थे। बंगबंधु स्टेडियम के हर इंच का एक इतिहास है। उन्होंने कहा जो नए हैं वे शायद यहां नहीं खेले होंगे लेकिन निश्चित रूप से उन्होंने इस स्टेडियम के बारे में सुना होगा। उनमें से कई (क्रिकेटर) 2000 के आसपास पैदा हुए थे और उन्होंने यहां नहीं खेला होगा लेकिन उन्होंने इस स्थल के बारे में कहानियां जरूर सुनी हैं।
उन्होंने कहा देखिए, छह बजे फिटनेस देखने के लिए इतने सारे लोगों के आने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन क्योंकि यह बंगबंधु है तो आप आ सकते हैं और सभी को अच्छा अनुभव हुआ।

# वाणिज्य

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



बीते सप्ताह विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 793 अंक टूट गया था। इसका असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिखा है। बीते 12 अप्रेल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.401 बिलियन डॉलर गिरकर 643.162 बिलियन डॉलर का ही रह गया है।
इससे पहले, पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 648.562 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी हालात कुछ ठीक नहीं हैं। बीते 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई है। यह ऑल टाइम हाई है। इससे पहले अक्टूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में भी कमी हुई है।

## सेंसेक्स 599 अंकों की बढ़त के साथ 73,088 पर बंद

**मुंबई। एजेंसी**



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में युद्ध की आशंका ही हावी रही। ईरान और इजरायल के तनाव के बीच बाजार में गिरावट देखने को मिली। एफआईआईएस ने जोरदार बिकवाली की, जिससे दुनिया भर के बाजारों में गिरावट नजर आई। घरेलू शेयर बाजारों में पूरे हफ्ते गिरावट बनी रही। बीते सप्ताह बुधवार को रामनवमी पर्व के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहने की वजह से पांच में से केवल चार दिन ही घरेलू शेयर बाजार में कारोबार हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में भारी बिकवाली दिख रही है। इस दौरान प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेसेक्स और निफ्टी फिसल गए हैं। बीएसई का सेंसेक्स 757.55 अंकों की गिरावट के साथ 73,487.35 पर खुला और 845.12 अंकों की गिरावट के साथ 73,399.78 के स्तर पर बंद हुआ।
निफ्टी 242.61 टूटकर 22,276.80 के स्तर पर खुला और 246.91 अंक टूटकर 22,272.50 पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में एक बार फिर कमजोर शुरूआत हुई है। सेंसेक्स 346.34 अंकों की कमजोरी के साथ 73,071.29 पर खुला और 461.78 अंकों की बढ़त के साथ 72,938.00 के स्तर पर बंद हुआ।
निफ्टी 93.35 अंक फिसलकर 22,179.15 पर खुला और 124.60 अंक फिसलकर 22,147.90 पर बंद हुआ। गुरुवार को बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। सेंसेक्स 14.50 अंक फिसलकर 72,924.01 पर खुला और 454.69 अंकों की गिरावट के साथ 72,488.99 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 18.35 अंकों की बढ़त के साथ 22,166.25 पर खुला और -152.06 अंक टूटकर 21,995.85 पर बंद हुआ। लगातार पांचवें दिन प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। शुक्रवार को सेंसेक्स करीब 600 अंक फिसलकर 72,000 पर खुला और 599.34 अंकों की बढ़त के साथ 73,088.33 पर बंद हुआ। निफ्टी करीब 150 अंक टूटकर 21800 पर खुला और 151.16 अंक मजबूत होकर 22,147.00 पर बंद हुआ।

## निसान मोटर ने दिल्ली में खोलीं चार नयी ग्राहक सेवा एवं सम्पर्क सुविधाएं

**नयी दिल्ली। एजेंसी**




निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने ग्राहकों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय राजधानी में चार नए कस्टमर टचपॉइंट्स शुरू किए हैं। कंपनी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि दिल्ली में इन चारों नयी सुविधाओं में एक शोरूम, दो डिस्प्ले सेंटर और बॉडी शॉप के साथ एक सर्विस सेंटर शामिल हैं। इसके साथ देश भर में निसान टचपॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंच गई है।
कंपनी के अनुसार दिल्ली के मोती नगर में नया जुबिलेंट निसान शोरूम 5500 वर्ग फुट में, प्रशांत विहार और द्वारका में डिस्प्ले सेंटर क्रमशः 2800 और 2000 वर्ग फुट में तथा रामा रोड पर सर्विस सेंटर के साथ बनाया गया बॉडी शॉप क्रमशः 7250 वर्ग फुट और 7950 वर्ग फुट में हैं। शोरूम का उद्घाटन निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट फ्रैंक टोरेस और निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) सौरभ वत्स ने किया। श्री टोरेस ने कहा नए कस्टमर टचपॉइंट्स जोड़ने की यह पहल ग्राहकों को हर कदम पर सर्वश्रेष्ठ सर्विस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है। हम आगे भी अपने ग्राहकों को अनूठी मदद एवं संतुष्टि प्रदान करते रहेंगे और भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करेंगे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत

**मैनपुरी।** जिले के भोगांव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-34 पर द्वारिकापुरी कट के पास एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि हादसे में मरने वालों की पहचान अवधेश की पत्नी फूलमती, दफेदार की पत्नी रमाकांती, राजेश की पत्नी संजय देवी के रूप में हुई है। इन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। इसी बीच अस्पताल में इलाज के दौरान द्रौपदी देवी की मौत हो गयी। चौबीस लोग घायल हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दो भारतीय छात्रों की झरने में डूबकर मौत

**लंदन।** भारत के दो छात्रों की स्कॉटलैंड के एक झरने में डूबने से उनकी मौत हो गई। ये छात्र ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे। स्कॉटलैंड पुलिस ने अभी तक दोनों छात्रों का नाम नहीं बताया है। हालांकि, यह जानकारी सामने आई है कि दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। आज शुक्रवार को शवों का पोस्टमॉर्टम किया जाना है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई। यहां दोस्तों का एक समूह घूमने के लिए आया था। इस दौरान उनमें से दो लोग पानी में गिर गए। इसके बाद उनके दोस्तों ने आपातकालीन सेवा के लिए अलार्म बजाया, जिसके बाद स्कॉटिश फायर एंड रेस्क्यू सर्विस ने बचाव प्रयासों में सहायता के लिए नाव टीम और जहाजों को भेजा।

### भीषण गर्मी और चिंगारी से तबाह हुए किसान

**जालौन।** सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम मढैया में शनिवार की दोपहर एक खेत पर अचानक आग लग गई और देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिस वजह से आग ने आसपास के कई खेतों को चपेट में ले लिया जिससे पांच किसानों में चार बीघा गेहूं की खड़ी फसल व 12 बीघा नरई जलकर खाक हो गई ।ग्रामीणों ने बढ़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़ैया में अज्ञात कारण के चलते बल्लू अवसथी के गेहूं की बची नरई में आग लग गई। आग लगने के बाद अफरा तफरी मच गई लोग अपने-अपने खेतों में गेहूं के कटे लगे ठेर को बचाने में जुट गए। उधर हवा का रुख तेज होने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आसपास खेत पर काम कर रहे किसानों के चिल्लाने से गांव के लोगों का हजूम दौड़ पड़ा। आग को बढ़ता देख फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। किसान छोटू अवस्थी, सचिन अवस्थी, बनवारी राजपूत, बल्लू की कुल मिलाकर चार बीघा गेहूं की फसल व 12 बीघा गेहूं की नरई जलकर राख हो गई।

### घर से कर रहे थे बिजली की तार चोरी, रंगे हाथों दो आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** बिजली की तार चोरी करते हुए दो चोरों को लोगों ने रंगेहाथों पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। लोगों ने आरोपितों के पास से चोरी की गई तार भी बरामद की है। रचित पुंडीर पुत्र कुलबीर पुंडीर निवासी ग्राम खंजरपुर कोतवाली रुड़की ने अपने साथियों के साथ घर पर चोरी कर रहे दो शातिर चोर को बिजली की तार के साथ पकड़ लिया। चोरों को पकड़ने के बाद दोनों को कोतवाली रुड़की लाया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए आरोपितों के नाम शराफत पुत्र स्माइल निवासी भारत नगर रुड़की हरिद्वार और इमरान पुत्र अबरार अहमद निवासी बांदा रोड रुड़की बताए गए हैं। आरोपितों के पास से 70 मीटर बिजली की तार बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### किसान के सूने घर से दस लाख की चोरी

**जालौन।** उरई नगर के मोहल्ला मैकेनिक नगर में मधुबन विला के पास एक मकान में लाखों की चोरी हुई है। अज्ञात चोर खिड़की तोड़कर भीतर दाखिल हुए और तीन लाख की नकदी समेत लगभग 10 लाख का माल समेट कर रफूचक्कर हो गये। शनिवार की सुबह किसान अपने गांव से भतीजे की शादी करके परिवार सहित लौटा तो घर के भीतर का दृश्य देखकर उसके पैरों तले की जमीन खिसक गयी। घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारी का ताला टूटा था। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जरूरी छानबीन कर चोरों का पता लगाने की बात कही है। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम मलथुआ निवासी सुरेश राठौर पेशे से किसान हैं और उरई के मोहल्ला मेकेनिक नगर स्थित अपने घर में रहकर यहीं बच्चों की पढ़ाई पूरी करा रहे हैं।

### करंट की चपेट में आकर एक की मौत

**उन्नाव।** बिजली विभाग की लापरवाही के चलते झूलते तारों से आए दिन हादसे हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में आंकड़ों पर गौर किया जाए तो सैकड़ों बीघे गेंहू की फसल पर हाईटेंशन लाइन की चिंगारी गिरने से जलकर राख हुई है। इसी के तहत शनिवार को खेत में गेहूं की फसल काटने पहुंचे एक किसान बिजली की तारों को चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना आसीवन क्षेत्र के ग्राम मुन्नुखेड़ा के रहने वाले दिनेश सिंह (65) ग्राम मतलबपुर में खेत में खड़ी गेहूं की फसल काटने पहुंचे थे। इसी दौरान खेत में ही पहले से बिजली का तार टूटा पड़ा था और सप्लाई चालू थी। दिनेश उस टूटे हुए तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

# कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है: शाह

- कांग्रेस के पास ना नीति है, ना नीयत है, ना नेता हैं
- मोदी ने भारत को 10 साल में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर पर पहुंचा दिया

**कोटा। एजेंसी**



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर आपने 2019 में कांग्रेस को वोट दिए होते तो कोटा पीएफआई का गढ़ बन जाता। मोदी को वोट दिया तो पीएफआई का सफाया कर दिया। कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है। गहलोत सरकार ने पांच साल तक ईआरसीपी को आगे नहीं बढ़ने दिया। भजनलाल सरकार ने तीन महीने में ही ईआरसीपी का काम आगे बढ़ा दिया। हर गांव-ढाणी में ईआरसीपी का पानी पहुंचाने की मोदी की गारंटी है।

शाह शनिवार को कोटा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले शाह भीलवाड़ा पहुंचे थे। यहां भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में विजय संकल्प महासभा को संबोधित किया था। इस सभा के माध्यम से शाह ने भीलवाड़ा जिले की जहाजपुर, मांडलगढ़, आसींद, मांडल, शाहपुरा, सहाड़ा, भीलवाड़ा और बूंदी जिले की हिंडोली विधानसभा को साधा। यह सभा जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के शक्करगढ़ में हुई। शाह ने कहा कि गहलोत पूरा राजस्थान छोड़कर अपने बेटे को जिताने में लगे हुए हैं। हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। ये झूठ के सरदार है। उन्होंने कहा कि कोटा की साड़ी और कोटा स्टोन को दुनियाभर में जीओ टैग दिलाने का काम भी भाजपा ने किया है। राहुल बाबा कहते थे अनुच्छेद-370 मत हटाओ, खून की नदियां बह जाएगी। ये मोदी की सरकार है, खून की नदियां तो छोड़ो, कंकड़ चलाने की मजाल नहीं है किसी की। शाह ने कहा कि कोटा-बूंदी वालों बिरला को दिया गया एक-एक वोट, सीधा मोदी के अकाउंट में जमा होने वाला है। पहले चरण में सभी सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। 25 सीटों पर हैट्रिक लगाने का काम कोटा-बूंदी वालों को करना है।

शाह ने कहा कि हमने बहुमत का उपयोग गरीबी को हटाने में किया, देश को सुरक्षित बनाने में किया, अर्थतंत्र को 11वें से 5वें नंबर पर लाने में किया। जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जिंदा है, हम आरक्षण को हटाने नहीं देंगे। ये कांग्रेस पार्टी वाले झूठ फैला रहे हैं। देश के अर्थतंत्र को दुनिया में तीसरे नंबर पर लाने का काम नरेन्द्र मोदी करेंगे। जब 200 रुपये की मटकी भी लेने जाए तो टकोरा लगाकर देखते हैं तो फिर देश का खजाना किसे सौंपना है, इसका पूरा ध्यान रखकर वोट करना। बिरला को जिता कर लोकसभा भेजिए, हम कोटा-बूंदी को देश का नंबर 1 लोकसभा क्षेत्र बनाएंगे। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास ना नीति है, ना नीयत है, ना नेता हैं।

मोदी को वोट दीजिए और अगले पांच साल में भारत को दुनिया में उचित सम्मान वाले स्थान पर पहुंचाएंगे। मैं गुजरात से आया हूं, थोड़ा जोर से बोलो.. मेरे साथ दोनों हाथों को उठाओ और विजय के संकल्प की मुट्ठी बांधकर नारा लगाओ... जय श्रीराम। शाह ने कहा कि तीन करोड़ नए घर बनाकर दिए जाएंगे। अब सिलेंडर रिफिल कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पाइपलाइन लगाकर सीधे घर तक गैस पहुंचाई जाएगी। अमित शाह ने कहा कि जो लोग वोट बैंक के लालच से रामलला के दर्शन नहीं करते है, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है। मोदी ने भारत को 10 साल में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर पर पहुंचा दिया। नरेन्द्र मोदी ने सबसे बड़ा काम 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का किया। शाह ने कहा कि मोदी ने एक झटके से ट्रिपल तलाक को हटाया। नई संसद बनाई। कर्त्तव्य पथ बनाया। अंग्रेजों के कानून को हटाकर नया कानून बनाया। 80 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए काम किया।

मुफ्त राशन दिया। 12 करोड़ शौचालय बनाकर माताओं-बहनों का सम्मान किया। 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला का कनेक्शन दिया। 14 करोड़ जनता को नल से जल दिया। राजस्थान के भीलवाड़ा में रैली को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये राहुल बाबा और उनकी बहन हर तीन महीने में विदेश में छुट्टियां मनाने जाते हैं।

### रायबरेली से चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में जनपद रायबरेली और उन्नाव में रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से बांग्लादेशी पासपोर्ट समेत अन्य चीजें मिली हैं। यह लोग यहां पर फर्जी तरह से क्लीनिक चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि, पुलिस को इनपुट मिला कि उन्नाव जनपद के मौरांवा कस्बे व रायबरेली के खीरो कस्बे समेत अन्य जगहों पर बांग्लादेशी नागरिक फर्जी तरह से रह रहे हैं। उनके साथ उनके रिश्तेदार भी है। यहां पर ये लोग क्लीनिक चलाकर अपना भरण पोषण करते हैं। इसके बाद पुलिस ने इन लोगों की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पता चला कि डेढ़ वर्ष पूर्व कस्बे में ही जमीन खरीदकर मकान बनाने वाले कमल अतरहर रोड एक क्लीनिक चलाता था। उसके साथ मंतोष भी रहता था। वही, तनमय महरानीगंज और इन सभी को यहां लाने वाला प्रकाश हलदर उन्नाव जनपद के मौरांवा में अपना क्लीनिक चलाता था। तमाम सुबूत इकट्ठा करने के बाद पुलिस ने सबसे पहले प्रकाश को उठाया। पूछताछ में उसने कई अहम जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस उसके साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी लोगों से जब वैध पासपोर्ट मांगा तो वह नहीं दिखा सके। कमल अपने को बनर्जी बताता था, जिससे किसी को कोई शक न हो और उसे लोग बंगाली मानते थे।

## कमलनाथ का छिंदवाड़ा मॉडल खोखला, पहले चरण का परिणाम नया इतिहास बनाएगा: डॉ यादव

**भोपाल। एजेंसी**



भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को शिवपुरी के पूर्व कांग्रेस विधायक हरिवल्लभ शुक्ला समेत कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा में शामिल होने वाले सदस्यों का स्वागत करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि संविधान लागू करने के समय, राजनीति में सबके लिए अवसर की बात लोकतंत्र में कही गयी है। लेकिन दुर्भाग्य कहे कि संविधान की बातों के आधार पर लोग बात कहते है कि हम संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन संविधान एक तरफ रख कर उन्होंने एक परिवार को लागू करने की पद्धति लगाई है। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में अगर मोदी जी और भाजपा नहीं हो तो आप कल्पना कर सकते है कि कौन से दौर में भारत पहुँच गया।


कौनसी पार्टी छोड़ रहे है जिसके अंदर उनको अपने परिवार के भतीजे, भतीजी, बेटे अपने परिवार के अलावा कोई नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि इस चुनाव के दौरान जिनकी जैसी जुबान है, वो वैसी बात करेंगे। उनकी जुबान पर हमें नहीं जाना। भाजपा में शामिल हो रहे नए सदस्यों को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे परिवार में हमने खुले मन से आपको जोड़ा है। जैसे दूध में शक्कर मिलती है, इस नाते से हमने आपका स्वागत किया है। हम एक जान होकर काम करेंगे। आपके मन में किसी प्रकार की बात आती है, तो आप सुझाव भी दे सकते हैं। समय-समय पर आप अपने जिले, विधानसभा, लोकसभा में अपनी भूमिका निभाएं।

### पहले चरण का रिजल्ट इतिहास बनाएगा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मप्र की छह सीटों पर हुई वोटिंग पर कहा कि पहले चरण का जो रिजल्ट आ रहा है, उसमें एक नया इतिहास बन रहा है। रिजल्ट तो वैसे 4 तारीख को आएगा, लेकिन सच्चे अर्थों में जो बूथ पर कार्यकर्ता काम करते हैं। वोट डालते समय मतदाताओं के भाव बता देते हैं कि वो किधर हैं। चारों तरफ से अनुकूल रुझान आ रहे हैं। प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। छिंदवाड़ा सहित हम प्रदेश की सभी 29 सीटें जितने की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार बड़े महाराज अपने घर से निकलते नहीं थे, वो अपने मतदाताओं के बीच हाथ जोड़कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग दुनिया को छिंदवाड़ा मॉडल बताते थे। उनका मॉडल कितना खोखला है, सब ने देखा। मैं उम्मीद करता हूं, आपके साथ में ये विजय का क्रम जारी रहेगा।

## कांगड़ा-चम्बा में इस बार बनेगा भाजपा की जीत का नया रिकॉर्ड : शांता कुमार

**पालमपुर। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांगड़ा-चम्बा की जनता ने भाजपा का इतना अधिक सहयोग दिया था कि कांगड़ा पूरे भारत में प्रथम रहा था। यद्यपि मैं स्वयं चुनाव नहीं लड़ रहा था फिर भी पूरे क्षेत्र में घूम कर प्रचार किया था। शांता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस बार कांगड़ा जिला अपने बनाए हुए रिकार्ड को तोडेगा।

इस बार पूरे भारत में भाजपा के प्रति इतनी अनुकूल लहर है जितनी आज तक पहले कभी नहीं रही थी। ऐतिहासिक विकास कार्य तो हुए हैं परन्तु 500 वर्षों के संघर्ष के बाद राम मन्दिर बनने के कारण इस बार भाजपा को ऐतिहासिक विजय प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बहुत योग्य और अनुभवी नेता राजीव भारद्वाज को लोकसभा के लिए खड़ा किया है। भारद्वाज ने कांगड़ा-चम्बा लोकसभा के 17 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार शुरू कर दिया है, लेकिन कांग्रेस अभी तक अपना उम्मीदवार भी तय नहीं कर सकी है, इसलिए भी कांगड़ा-चम्बा लोकसभा इस बार के चुनाव में अपने ही रिकार्ड को तोड़ने में सफल होगी।

## राम मंदिर चंदे से बना, वो कहते हैं मंदिर हमने बनवाया : कमलनाथ

**बैतूल। एजेंसी**




छिंदवाड़ा सीट पर मतदान के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ प्रदेश के अन्य लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार में सक्रिय हो गए हैं। शनिवार को उन्होंने स्थानीय कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम के समर्थन में आमला के समीप चुटकी में सभा को संबोधित किया। उन्होंनें कहा कि आज संविधान से छेड़छाड़ का प्रयास किया है। भारतीय जनता पार्टी यह प्रयास कर रही है। उनका लक्ष्य है संविधान को बदला जाए।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आप संविधान, प्रजातंत्र के रक्षक है। आप देश की संस्कृति के रक्षक है। छिंदवाड़ा से बैतूल की तुलना कीजिए किस तरह आपको उपेक्षित किया गया। 20 साल में क्या किया भाजपा ने इसे भ्रष्टाचार प्रदेश बनाया। आगे उन्होंने कहा बीजेपी वाले कहते हैं कि राम मंदिर हमने बनाया। क्या राम मंदिर का पट्टा आपके पास है। ये राम मंदिर आपके हमारे चंदे से बना। हमारी सबकी अपनी अपनी धार्मिक भावनाएं है। धर्म आचार-विचार का विषय है। राजनैतिक प्रचार का विषय नहीं है।

कमलनाथ ने कहा कि हम धर्म को राजनैतिक मंच पर नहीं लाते। मैं गर्व से कहता हूं मैं हिंदू हूं।

## ईरान पर ड्रोन हमले की इजराइल ने अमेरिका को सूचना दी : ताजानी

**कैप्री। एजेंसी**



इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि अमेरिका ने जी-7 समूह के सदस्य देशों की तीन दिवसीय बैठक में शुक्रवार सुबह की सत्र में जानकारी दी कि ईरान में ड्रोन हमले के बारे में इजराइल से उसे आखिरी क्षणों में सूचना मिली थी, लेकिन वाशिंगटन ने इस कार्रवाई में हिस्सा नहीं लिया। जिसके बाद संदिग्ध हमले से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए बैठक सत्र का एजेंडा अंतिम क्षणों में बदल दिया गया। ताजानी ने जी-7 समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की।

ईरान ने आसमान में शुक्रवार तड़के, ड्रोन नजर आने के बाद इस्फहान के निकट एक वायु सेना अड्डा और एक परमाणु स्थल के बचाव में वायु रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल कर गोलाबारी की। बीते सप्ताह के अंत में तेहरान द्वारा इजराइल पर किए गए अप्रत्याशित ड्रोन एवं मिसाइल हमले के जवाब में संभवतः यह इजराइली हमला किया गया। इटली के विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका ने जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों को बताया कि उसे ड्रोन के बारे में इजराइल ने आखिरी क्षणों में सूचित किया। उन्होंने कहा, लेकिन अमेरिका इस हमले में शामिल नहीं है। उसे महज इसकी सूचना मिली थी।

हालांकि, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस कथन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका देश किसी हमले में शामिल नहीं है तथा क्षेत्र में तनाव घटाने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्लिंकन ने कहा, मैं इसके सिवा कुछ नहीं कहने जा रहा कि अमेरिका किसी हमले में शामिल नहीं है।

### बारातियों से भरी बस पलटी, कई लोग घायल

**उन्नाव।** आगरा एक्सप्रेसवे से जौनपुर जा रही एक बस के पलट जाने से उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया, जहां कुछ की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य के जिंजौली के रहने वाले रोहित पुत्र बलवंत सिंह गुड़गांव में रहकर नौकरी करता है। इनका विवाह जौनपुर में तय हुआ था। शनिवार को सत्ताईस लोगों के साथ बारात लेकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के रास्ते से जौनपुर जा रहा था। उन्नाव के बेटा मुजावर थाना क्षेत्र के किलोमीटर 251 के पास बस चालक को झपकी आ जाने से वह पलट गई।

## राजनीति

**पश्चिम से लेकर पूरब तक सपा-कांग्रेस की हार सुनिश्चित**

# अखिलेश के पीडीए का अर्थ पारिवारिक डेवलपमेंट अथॉरिटी : भूपेन्द्र

**लखनऊ। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश यादव द्वारा चुनावी रैली में लगाए गए आरोपों पर करारा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं, जिसका असली अर्थ पारिवारिक डेवलपमेंट अथॉरिटी है। जिस तरह से उन्होंने अपने परिवारीजनों को टिकट बांटे हैं, उससे स्पष्ट है कि उनकी नीयत पीड़ित और दलितों के विकास की नहीं, बल्कि अपने परिवार के विकास को लेकर है।

- जनता जनार्दन पहले ही दो लड़कों और बुआ-बबुआ की जोड़ी को सिरे से नकार चुकी है,एक बार फिर वही पुरानी दो लड़कों की जोड़ी यूपी आई है



- जनता को रील नहीं रियल डेवलपमेंट चाहिए जो विगत 10 वर्ष में नरेन्द्र मोदी और 7 वर्ष में योगी के नेतृत्व में मिल रहा है।


भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा-कांग्रेस की पश्चिम से लेकर पूरब तक हार सुनिश्चित है। जनता जनार्दन पहले ही दो लड़कों और बुआ-बबुआ की जोड़ी को सिरे से नकार चुकी है। एक बार फिर वही पुरानी दो लड़कों की जोड़ी यूपी आई है और फिल्म की शूटिंग कर रही है। लेकिन प्रदेश की जनता को रील नहीं रियल डेवलपमेंट चाहिए जो विगत 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 7 वर्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिल रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता जानती है कि ये किसानों का,युवाओं का और गरीबों का हक मारने वाले लोग हैं।

ये सामूहिक नकल के हिमायती लोग हैं,नौकरियों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले लोग हैं। अब यह भेष बदलकर जनता को बरगलाना चाहते हैं, लेकिन भूल रहे हैं कि 2014, 2017, 2019 और 2022 में जनता के आगे उनकी एक नहीं चली तो अब क्या चलेगी। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश जानते हैं कि अकेले दम पर वह उत्तर प्रदेश में भाजपा का सामना नहीं कर सकते। इसीलिए वो दूसरे दलों के साथ गठबंधन कर रहे हैं, लेकिन अफसोस कि उन्होंने जिन दलों से गठबंधन किया है,उनका वजूद ही यूपी से खत्म हो चुका है।

## भाजपा का लक्ष्य चुनाव जीतना नहीं, बल्कि अच्छे मार्जिन से चुनाव जीतना : धर्मपाल

**जौनपुर। एजेंसी**




भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह एव विशिष्ट अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य चुनाव जीतना नहीं, बल्कि अच्छे मार्जिन से चुनाव जीतना है। लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि लोकसभा संयोजक एवं लोकसभा प्रभारी प्रत्येक मंडल पर प्रवास कर पार्टी के अभियान एवं कार्यक्रमों की समीक्षा व मानिटरिंग करे। वहीं विधानसभा संयोजक एवं विधानसभा प्रभारी शक्ति केंद्र पर प्रवास कर पार्टी के संगठनात्मक अभियानों की समीक्षा करें। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल स्तर की सूची बनाकर पार्टी के एक एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपें। बूथ एक्टिवेट होगा तभी चुनाव एक्टिवेट होगा। उन्होंने कहा कि हमें मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है। इसके लिए नियोजन कर बूथ पर रहने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व निर्धारित करें। भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने 24 अप्रैल को आयोजित होने वाली टिफीन बैठक की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि जौनपुर लोकसभा क्षेत्र में 1100 पोलिंग स्टेशन पर होने वाली टिफीन बैठक में कार्यकर्ता अपने आस पास के लोगो को ज्यादा से ज्यादा लोगो को लेकर आये और टिफिन बैठक करें और उनसे केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताकर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करें।

# जुगसलाई वासियों ने पानी की समस्या को लेकर नगरपालिका में दिया धरना

संवाददाता



**जमशेदपुर :** लौहनगरी जमशेदपुर में गर्मी का मौसम आते ही पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। साथ ही लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने लगते हैं। ऐसा ही नजारा शहर के कई क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। साथ ही इस बार लोकसभा चुनाव में शहर वासियों के लिए पानी एक बड़ा मुद्दा साबित हो सकता है। वहीं बीते दिनों मानगो वासियों ने पानी के लिए वोट बहिष्कार की चेतावनी भी दी थी। ऐसा ही एक नजारा शनिवार को जुगसलाई में देखने को मिला। जिसके तहत पानी की समस्या को लेकर सफिगंज मोहल्ले के लोग जुगसलाई नगर पालिका कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। इस दौरान बस्तीवासी ह्लपानी नहीं तो वोट नही के नारे भी लगा रहे थे। वहीं बस्तीवासियों का कहना था कि बस्ती में बीते 45 दिनों से पानी नहीं है। हालांकि नगरपालिका द्वारा टैंकरों से पानी की सप्लाई भी की जा रही है। मगर वह लोगों के लिए काफी नहीं है। वे हर माह पानी का टैक्स भी देते है।

बावजूद इसके उनके घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जिससे बस्ते से सैकड़ों परिवार को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। बस्ती वासी होली, नवरात्री और रामनवमी जैसे पर्व पर भी पानी के लिए तरस गए। जबकि कई बार इसकी शिकायत डीसी के साथ साथ पीडब्लुडी अधिकारियों से भी की गई। मगर अबतक कोई भी उचित कदम नहीं उठाया गया। जिसके बाद सभी ने धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

# पानी के लिए हाहाकार, अवैध वाशिंग सेंटरों की भरमार

संवाददाता

**जमशेदपुर।** एक तरफ तो लौहनगरी जमशेदपुर के मानगो, जुगसलाई और बागबेड़ा समेत अन्य क्षेत्रों में गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ पूरे शहर में अवैध रूप से वाशिंग सेंटरों की भरमार हो गई है। जहां लोग एक एक बूंद पानी के तरस रहे हैं। वहीं इसके विपरित वाशिंग सेंटर संचालक इसी पानी का उपयोग कर माला माल हो रहे हैं। ऐसा ही एक नजारा शनिवार को बिस्टुपुर स्थित डायगनल रोड गैरेज लाइन में देखने को मिला। जहां संचालक के कर्मचारी खुलेआम टाटा स्टील यूआईएसएल की पानी का उपयोग कर वाहनों को धोते हुए



दिखे। इस दौरान एक के बाद एक वाहनों की धुलाई की जा रही थी। दो और चार चक्का वाहनों की धुलाई के लिए लाइन लगी हुई थी। मगर इसमें गौर करने वाली बात यह है कि संचालक द्वारा बड़े से टंकी का इनतिजाम किया गया है। जिसमें स्थानीय क्वार्टर में रहने वाले कर्मी की मिलीभगत से टाटा स्टील यूआईएसएल का पानी भरा जा रहा है। जिसके बाद इसका उपयोग वाहनों की धुलाई में की जा रही है। जिसके एवज में ये दो पहिया से 70 रुपए और चार चक्का वालों से 150-200 रुपए कमा रहे हैं। मगर बहुत ताज्जुब की बात है कि न ही टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों का और न जिला प्रशासन का ही इस ओर ध्यान है। बताते चलें कि शहर के गोलमुरी गाढ़ाबासा, बिस्टुपुर डायगनल रोड, कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 1 व ब्लॉक नंबर 5, भाटिया बस्ती प्रतिमा नगर गैस गोदाम के पास और कदमा मरीन ड्राइव समेत अन्य जगहों पर अवैध रूप से वॉशिंग सेंटरों का संचालन धड़ल्ले से चल रहा है। मगर इसपर किसी ने रोक लगाने की कोशिश नहीं की।

## एक नजर

### सेरेंगातु रूद्र महायज्ञ की कलश यात्रा आज



**गोला।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सेरेंगातु में श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ सेरेंगातु की कलश यात्रा बरियातू के सेनेगडा नदी भैरवी जलाशय से प्रारंभ कर सेरेंगातु तक कलश यात्रा रुद्र महायज्ञ की तैयारी पूर्ण रूप से कर ली गई है,कलश यात्रा रविवार को निकाला जायेगा। जिसमें अयोध्या से कथावाचीका अनुराधा तिवारी ,जगत गुरु श्री राजगोपाआचार्य जी महाराज, जगतगुरु श्री मधुसूदन आचार्य जी महाराज और पूरा आचार्य टीम के साथ 21 अप्रैल 2024 से 27 अप्रैल 2024 तक श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ चलेगा। जिसका संरक्षण सागर महतो, अध्यक्ष सुखदेव महतो ,सचिव मदन लाल महतो सह सचिव गौतम कुमार महतो, उपाध्यक्ष फूलचंद महतो, श्रवण महतो, रामदेव महतो विश्वजीत महतो, कोषाध्यक्ष मथुरा महतो ,सह कोषाध्यक्ष उपेंद्र महतो , समस्त संरक्षक गण एवं ग्रामीण वासियों के द्वारा रुद्र महायज्ञ की तैयारी पूर्ण रूप से कर लिया गया है।

### उच्च विद्यालय चुम्बा की छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में मारी बाजी, लहराया परचम



**गिद्दी।** ग्रामीण क्षेत्र चुम्बा के उच्च विद्यालय चुम्बा का जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में पुनः एकबार परचम लहराया है। मैट्रिक परीक्षा में स्कूल की टॉपर सुप्रिया कुमारी ने 89% अंक हासिल किए वहीं रिया कुमारी 88.80%, साधना कुमारी 86.40% लाकर विद्यालय की टॉपर रही। वहीं लड़कों में अमन कुमार 83.20%, धर्मवीर कुमार 83%, अंकित कुमार शर्मा 82.20% लाकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय से कुल 316 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 244 छात्र प्रथम श्रेणी में, 64 छात्र द्वितीय श्रेणी और 2 छात्र तृतीय श्रेणी पास हुए जबकि 6 छात्र मार्जिनल रहे। इस सफलता पर विद्यालय के सचिव संतोष कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक जगनंदन कुमार, भिखारी साहु, राजेंद्र ठाकुर, महेश कुमार प्रजापति, विनोद कुमार सिंह, इंदु कुमारी, जय कुमार पाठक, अभिषेक कुमार पांडे सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही अन्य छात्रों को लगन के साथ पढ़ाई करने की बात कही।

### जोगा चौक रबोध के गुरुकुल कोचिंग सेंटर का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर



**गिद्दी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षा -2024 में गुरुकुल कोचिंग सेंटर जोगा चौक रबोध के सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार भी बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। टॉप- 10 में नितेश कुमार महतो 442 अंक (88.4% )लाकर टॉपर बने, मंटू ठाकुर 441 अंक (88.2%), राहुल रविदास425 अंक( 85% ),रेशमा कुमारी- 414 अंक( 82.8 %,),ओमकार कुमार -412 अंक (82 .4% ),छोटी कुमारी- 412 अंक( 82.5% ),लक्ष्मी कुमारी -410 अंक( 82%), आनंद कुमार- 410 अंक( 82% ),सुनील कुमार- 401 अंक (80.2% ),दिव्या कुमारी -399 अंक( 79.8%) प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनाने में कामयाब रहे। विद्यार्थियों के अच्छे प्रदर्शन पर गुरुकुल की प्राचार्य श्रीमती भारती सिंहा ने सभी विद्यार्थियों को बधाइ और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षक सुभाष चंद्र कुमार ने बताया कि इस संस्थान का प्रत्येक वर्ष मैट्रिक परीक्षा का परिणाम अच्छा होता है।

# उपायुक्त ने निर्वाचन कार्य को लेकर बैंक प्रतिनिधियों के सदस्यों के साथ की बैठक

संवाददाता

**रामगढ़।** निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के सफल तथा स्वच्छ आयोजन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की वही इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंकों के प्रतिनिधियों से लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता सहित अन्य विषयों पर किए जा रहे कार्यों की



जानकारी ली।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों पर 20 मई 2024 यानी मतदान की तिथि के दिन दिव्यांग, बुजुर्ग सहित अन्य जरूरतमंद मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक सुनिश्चित कराने को लेकर व्हीलचेयर सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने सीएसआर समिति की बैठक के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए एजेंसियों के अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों से भी उनके द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों/ प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र पर विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराने तथा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों के संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय तथा लगातार संपर्क में रहकर आवश्यकता अनुसार संबंधित अधिकारियों को सहयोग देने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता व नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण विषयों, मतदाता जागरूकता आदि को लेकर आवश्यक जानकारियां सभी को दी गई।

बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्तज जिला स्तरीय अधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी, बैंक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं

संवाददाता

**रामगढ़।** शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त छूते हुए व्यक्ति को वोटर आईडी कार्ड बनाने को लेकर ऐप इस्तेमाल का किया अपील**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, स्वच्छ व निष्पक्ष आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने सभी से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की है वहीं उन्होंने कहा है कि अगर किसी कारणवश अब तक कोई व्यक्ति अपना वोटर आईडी कार्ड नहीं बनवा पाए हैं तो वे तुरंत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए ₹वोटर हेल्पलाइन एप₹ को डाउनलोड कर एप के माध्यम से प्रपत्र 6 भर सकते है अथवा अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब होकि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 20 मई 2024 को होने वाले मतदान के मद्देनजर कोई भी व्यक्ति नामांकन की आखिरी तिथि से 10 दिन पूर्व यानी 24 अप्रैल तक संबंधित क्षेत्र के मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन दे सकते हैं।

## ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया

**हजारीबाग।** जिला समाहरणालय भवन के एनआईसी में शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा कंप्यूटर सिस्टम से ईवीएम और वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन कराया गया। राजनीतिक दलों के पदाधिकारीयों को वीवीपैट मशीनों की विधानसभावार सूची उपलब्ध कराई गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान करने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस दौरान वरीय प्रभारी पदाधिकारी ईवीएम कोषांग, नोडल पदाधिकारी ईवीएम, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 24 मांडू, 25 हजारीबाग, 20 बरकट्ठा एवं 21 बरही। राजनीतिक दलों से बहुजन समाजवादी पार्टी से शीना देवी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से विजय सिंह, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मा) से गणेश कुमार सीटू,राष्ट्रीय जनता दल से प्रदीप कुमार मेहता, आजसू पार्टी से आनंद सिंह और आम आदमी पार्टी से देव चौहान मौजूद थे।

## डीसी की अध्यक्षता में निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न




संवाददाता

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में निजी कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई।

जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर की आवश्यकता की समीक्षा की गई। साथ ही कंपनी प्रतिनिधियों से सीएसआर मद के माध्यम से व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया भी दिया गया। इसके अलावा सभी कंपनी परिसर में 22 से 24 अप्रैल तक अभियान चलाकर छूटे हुए कर्मियों के नाम निबंधन कराने का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश दिए जाने का प्रावधान है और ऐसे में सभी कंपनी प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि जिनके वेतन का भुगतान वे छुट्टी के एवज में करेंगे उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए हर मतदाता का वोट का इस्तेमाल करना अहम है और इसमें हम सभी को सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। देश के विकास व निरंतर सुधार के लिए मताधिकार का इस्तेमाल जरूर करें। बिना लालच और भय के मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार ही नहीं, नैतिक जिम्मेदारी भी है।

# डीसी व एसपी ने बूथ पर मूलभूत सुविधाओं एवं इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले में सफलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने, मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा निर्वाचन के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में बनाए जाने वाले इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉक्टर बिमल कुमार के साथ रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर, गोला सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों, विभिन्न विद्यालयों आदि का निरीक्षण



किया।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में भवन में उपलब्ध कमरों की संख्या, शौचालय, जलापूर्ति, विद्युत सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया वहीं उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को केंद्र को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूप के रूप में तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वहीं उन्होंने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# चोरी के तार के साथ टेंपो चालक सहित एक चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार को गुप्त सूचना मिलने के बाद कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे को नया मोड़ में टेंपो को जांच करने का आदेश दिया' पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि वेस्ट बोकारो की क्षेत्र से चोरी किए गए बिजली के तार को टेंपो में लड़कर नया मोड़ की और प्रस्थान किया है।

पुलिस गाड़ी को देखकर नया मोड़ में खड़ा टेंपो का चालक भागने लगा जिसका पीछा करते हुए कुजू ओ पी प्रभारी दिगंबर पांडे ने गाड़ी को पड़कर गाड़ी की जांच करने लगे' टेंपो का नंबर‚ 24 -4145 है, जांच के क्रम में चोरी का तार बोरा में पकड़ा गया जिसका वजन कराया गया तो 247.900 ग्राम निकला ' पुलिस ने रोहित कुमार और





मोहम्मद फिरोज नामक व्यक्ति को धारा 379/ 411 भारतीय दंड विधान की धारा के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है' पुलिस ने एक टेंपो और उसे पर लदा चोरी का तार बरामद किया है' गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से मोबाइल फोन जप्त किया गया है' गिरफ्तार मोहम्मद फिरोज का पुराना पुलिस में आपराधिक रिकार्ड कुज्जू थाना में दर्ज है जिसका कांड संख्या 221 /21 दर्ज है, धारा 379 एवं 411 के तहत पुलिस के छापामारी दल में कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, अयोध्या प्रसाद और सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे' दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार न्यायिक प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया।

## स्वीप कोषांग के माध्यम से प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित स्वीप कोषांग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बीएलओ द्वारा मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण किया गया। मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट के माध्यम से मतदाता मतदान करने की प्रक्रिया, सी-विजिल एप्प, निर्वाचन से संबंधित टोल प्री नं 1950, वोटर हेल्पलाइन एप्प, ईवीएम वीवीपैट इत्यादि से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## अबूआ आवास के लाभुक को अभी तक प्रथम किस्त की राशि का नहीं हुआ भुगतान

**कर्ज लेकर जमीन स्तर कार्य को किया पूर्ण हो रही है परेशानी**

संवाददाता

**गोला।** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत के सोसो खुर्द गांव में एक गूंगा विकलांग युवक लंबू महतो पिता चैता महतो को रहने के लिए घर की जरुरत थी। इसी बीच सरकारी योजना से आस लगाए रहने के पश्चात इन्हें पंचायत में शिविर के माध्यम से लिए गए आवेदन के अनुसार अबुआ आवास योजना का लाभ मिला है। सरकारी दफ्तर के पंचायत सेवक के द्वारा लाभुक को कार्य शुरू कर उससे शीघ्र पुरा करने के लिए कहा गया। लाभुक के पिता के द्वारा दुकान से उधार सामग्री की खरीदारी करते हुए कुछ पैसे दूसरों से कर्ज लेकर जमीन स्तर तक पूर्ण कर लिया है लेकिन अभी तक लाभुक के खाता में प्रथम किस्त की राशि नहीं मिला है जबकि अन्य लाभूकों को



प्रथम किस्त की राशि का भुगतान हो चुका है। इस संबंध में लाभुक के पिता कई बार बैंक और प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा चुका है यहां तक लाभुक का आधार सेंटर जाकर आधार मैप भी किया गया लेकिन अभी तक खाता में राशि का भुगतान नहीं किया गया है। दुकानदार वाले के तगादा से घर के लोग परेशान हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य को जब इस बात की जानकारी दी गई तो उन्होंने बताया कि बैंक में ई केवाईसी या डोरमेंट का मामला हो सकता है बैंक अधिकारी को मामले की जानकारी देकर इसका समाधान कर दिया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999